इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

# दैनिक विनय उजाला

आलीराजपुर
गुरुवार, 14 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 12
वर्ष : 07 | अंक : 166
कुल पृष्ठ : 12



जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर बरकरार ...10

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

## फर्स्ट कॉलम

### भारत ने सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15% किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने सोने और चांदी पर आयात शुल्क 15 फीसदी करने का फैसला लिया है। इस फैसले के बाद विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव घटने की उम्मीद भी जताई जा रही है। माना जा रहा है कि बढ़े हुए शुल्क से कीमती धातुओं के दुनिया के दूसरे सबसे बड़े उपभोक्ता भारत में मांग कम हो सकती है। हालांकि, यह भारत के व्यापार घाटे को कम करने और रुपये को समर्थन देने में मदद कर सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक सरकार ने सोने और चांदी के आयात पर 10 फीसदी मूल सीमा शुल्क और 5 फीसदी कृषि अवसंरचना और विकास उपकर लगाया है। इससे प्रभावी आयात कर 6 फीसदी से बढ़कर 15 फीसदी हो गया है।

### किश्तवाड़ में आतंकी को पनाह देने वाला शिक्षक गिरफ्तार

**किश्तवाड़, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने सरकारी स्कूल के एक शिक्षक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को पनाह, खाना और दूसरी मदद देने का आरोप है। गिरफ्तार शिक्षक की पहचान मशकूर अहमद के रूप में हुई है। वह इंदरवाल के एक सरकारी स्कूल में तैनात है। उसके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, वह चटरू इलाके में आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट देता था। यह मामला 4 फरवरी 2026 को डिच्छर-चटरू में हुए एनकाउंटर से जुड़ा है, जिसमें आतंकी आदिल मारा गया था।

### 4 करोड़ के नारकोटिक्स मामले में सिलीगुड़ी से दो आरोपी गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी, (हि. स.)।** केरल में करीब चार करोड़ के नारकोटिक्स मामले में केरल पुलिस ने सिलीगुड़ी से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान हिरेन केके और अरोमल के रूप में हुई है, जो केरल के निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले महीने केरल में एक बड़े ड्रग्स तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ था। जांच के दौरान इन दोनों आरोपितों का नाम सामने आने के बाद से वे फरार चल रहे थे। तफ्तीश में पहले इनकी लोकेशन गुजरात में मिली, जहां पुलिस टीम पहुंची, लेकिन तब तक आरोपित वहां से सिलीगुड़ी पहुंच चुके थे। इसके बाद सिलीगुड़ी के सेवक रोड इलाके में छिपे होने की सूचना पर केरल पुलिस ने स्थानीय भक्ति नगर थाने की मदद से बीती रात संयुक्त अभियान चलाया।

### आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से किया प्रत्यर्पण

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच अभिकरण (एनआईए) ने हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े वांछित आतंकी इकबाल सिंह उर्फ शेरा का पुर्तगाल से भारत सफल प्रत्यर्पण कराया। एजेंसी ने उसके यहां पहुंचने पर हवाई अड्डे से हिरासत में ले लिया। एनआईए के अनुसार शेरा हिजबुल मुजाहिदीन के नार्को टेरर मॉड्यूल का मास्टरमाइंड था और उसके खिलाफ अक्टूबर 2020 से गैर जमानती वारंट जारी था। जून 2021 में इंटरपोल नोटिस भी जारी किया गया था। जांच में सामने आया कि वह पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी कर पंजाब में नेटवर्क चला रहा था और हवाला चैनलों के जरिए इसकी कमाई पाकिस्तान व कश्मीर में हिजबुल मुजाहिदीन के संचालकों तक पहुंचाता था।

### Cartoon Corner




---

नरसिंहपुर जिले को दी 296 करोड़ रुपये के 40 विकास कार्यों की सौगात

# मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1835 करोड़ रुपए

विनय उजाला

**आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना मातृ शक्ति के कल्याण के लिये प्रदेश शासन द्वारा संचालित सबसे बड़ी योजनाओं में से एक है।**

आज यहां पर रक्षाबंधन, भाईदूज और दीवाली सहित सभी त्योहार एक साथ मनाने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 36वीं किस्त के राशि अन्तरण और हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1835 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 296 करोड़ रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ ही उन्हें सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। अब तक योजना में 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।

### कम्प्यूटर एवं सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाएं आ रहीं हैं आगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर और सुरक्षा के क्षेत्र में भी महिलाएं आगे आ रही है। पुलिस विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि 4 लाख से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। रेडीमेड कपड़ा उद्योग एवं कारखानों में कार्य करने वाली महिलाओं को 5000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि 25 गाय या भैंस का पालन करने वाले पशुपालकों को सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है।



### उड़द पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ने की खेती के लिए प्रसिद्ध है और यह शक्कर का कटोरा है। इससे यहां के 20 हजार से अधिक परिवारों को रोजगार मिल रहा है। गाडरवारा की तुअर दाल प्रदेश ही नहीं देश में भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। नरसिंहपुर जिला सोयाबीन और गेहूं के उत्पादन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गेहूं, चना, सरसों, मसूर एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कर रही है। उड़द पर 600 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा। मध्यप्रदेश देश का सबसे अधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य है। किसानों के हित में 23 मई तक खरीदी की जा रही है।

**मध्यप्रदेश में हो रहा तेजी से विकासात्मक बदलाव :** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश बदल रहा है और इसके साथ ही मध्यप्रदेश में भी तेजी से बदलाव हो रहा है। सिकलसेल, कुपोषण से लड़ने में प्रदेश सरकार सफल हो रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना से 53 लाख बेटियों की जिंदगी में बदलाव आ रहा है। प्रदेश की 80 लाख बेटियों को शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति दी जा रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 55 हजार रुपये की राशि दी जा रही है।

**जिले की धरोहरों पर केंद्रित कैलेंडर का विमोचन :** मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर जिले की ऐतिहासिक धार्मिक एवं पुरातात्विक धरोहरों पर आधारित कलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर में बरमान घाट, मृगनाथ तपोवन आश्रम, दादा दूल्हादेव महाराज, नरसिंह मंदिर, चौगान का किला, बरहेटा की पुरातात्विक धरोहर, गरूण मंदिर, बिनेकी टोला के शैल चित्र, मां राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी मंदिर आदि को शामिल किया गया है।

### जल की एक-एक बूंद बचाने की अपील

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि जल है, तो जीवन है, जल है तो खेती है और जल है तो समृद्धि है। हमारे धार्मिक अनुष्ठानों में भी जल का विशेष महत्व है। प्रदेश के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आमजन को सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव विकासखंड के ग्राम मेख में एक मालगुजार द्वारा 21 एकड़ जमीन तालाब निर्माण के लिए दान किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि यह अनुकरणीय उदाहरण है। परिवार को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जायेगा।

### 40 विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 296 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि-पूजन किया। इसमें 215 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 17 कार्यों का भूमि-पूजन एवं 80 करोड़ 68 लाख रुपये लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण के कार्य शामिल है।

### मुंगवानी में बनेगा कॉलेज, शेढ़ नदी पर बनेगा पुल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विधानसभा क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम मुंगवानी में कॉलेज खोलने की घोषणा की। उन्होंने बेलखेड़ी- बरहटा- मुंगवानी मार्ग के शेढ़ नदी पर पुल निर्माण, नरसिंहपुर में इंडोर आउडोर स्टेडियम का उन्नयन के साथ ही हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान और ग्राम बुढ़ैना में बांध निर्माण की घोषणा की।

### पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक उपयोग न करने की अपील

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई अपील अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से ईंधन के न्यूनतम उपयोग का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब उनके काफिले में गाड़ियों की संख्या 13 से घटाकर कर 8 कर दी गई है। देश के विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए एक साल तक सोना न खरीदें। रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करें, जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा दे और प्राकृतिक खेती को अपनाएं।

---

सबरीमाला केस में सुप्रीम कोर्ट बोला-

# हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका, मंदिर जाना जरूरी नहीं, घर में दीया जलाना भी काफी

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि हिंदू धर्म जीवन जीने का तरीका है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या खास पूजा-पाठ जरूरी नहीं है।**



कोर्ट ने कहा कि घर में दीया जलाना भी आस्था दिखाने के लिए पर्याप्त है। यह टिप्पणी चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली 9 जजों की संविधान पीठ ने की। बेंच धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव, सबरीमाला मंदिर और दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़े धार्मिक स्वतंत्रता मामलों पर सुनवाई कर रही है। बुधवार को सुनवाई का यह 15वां दिन है।

बेंच में जस्टिस बी वी नागरत्ना, एम एम सुंद्रेश, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, अरविंद कुमार, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह, प्रसन्ना बी वराले, आर महादेवन और जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

### व्यक्ति अपनी आस्था को लेकर स्वतंत्र है

सुनवाई के दौरान इंटरविनर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील डॉ. जी मोहन गोपाल ने कहा कि धार्मिक समुदायों के भीतर से ही सामाजिक न्याय की मांग उठ रही है। उन्होंने 1966 के फैसले का जिक्र करते हुए कहा कि तब हिंदू उसे माना गया था, जो वेदों को सर्वोच्च मानता है। उन्होंने कहा, हममें से किसी ने भी यह नहीं कहा कि हर हिंदू वेदों को सर्वोच्च मानता है। मैं वेदों का सम्मान करता हूं, लेकिन क्या आज हर हिंदू ऐसा मानता है? इस पर जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा, 'इसी वजह से हिंदू धर्म को जीवन जीने का तरीका कहा जाता है। हिंदू बने रहने के लिए मंदिर जाना या कोई अनुष्ठान करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी आस्था को लेकर स्वतंत्र है और किसी को इसमें बाधा नहीं डालनी चाहिए।

---


गुस्साए लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 बंद किया

# मणिपुर में 3 नेताओं की गोली मारकर हत्या

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के कांगपोकपी जिले में बुधवार को थाडौ बैपटिस्ट एसोसिएशन (टीबीए) के तीन चर्च नेताओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 5 अन्य लोग घायल हुए हैं। हमला हथियारबंद अज्ञात लोगों ने घात लगाकर किया। हमले के बाद कांगपोकपी और आसपास के कुकी-जो बहुल इलाकों में तनाव फैल गया।

वारदात से गुस्साए लोगों ने पत्थर लकड़ियां लगाकर नेशनल हाईवे-2 (एनएच-2) बंद कर दिया गया। एनएच-2 मणिपुर को नागालैंड और देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला अहम मार्ग है। मृतकों में मणिपुर बैपटिस्ट कन्वेंशन (एमबीसी) के पूर्व महासचिव रेव. वी. सितल्होउ शामिल हैं। अन्य दो मृतकों की पहचान रेव. वी. कैगौलुन और पास्टर पाओगौलेन के रूप में हुई है। घायल हुए लोगों का इलाज जारी है। मणिपुर में चर्च नेता



आध्यात्मिक मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में शांति बहाली के लिए बातचीत, राहत कार्यों और आदिवासी ईसाई एकता की रक्षा करने में सक्रिय हैं। घायलों में रेव. एसएम हाओपु, रेव. हेकाई सिमटे, रेव. पाओथांग, लेलें (ड्राइवर) और गौमांग (ड्राइवर) शामिल हैं। ये सभी दो वाहनों में सवार होकर चुराचांदपुर जिले के लमका में आयोजित टीबीए सम्मेलन से लौट रहे थे।

### घात लगाकर अचानक फायरिंग की

बताया गया कि यह हमला कोतजिम और कोतलेन इलाकों के बीच उस समय हुआ, जब वे कांगपोकपी लौट रहे थे। हमलावरों ने घात लगाकर अचानक फायरिंग की। इससे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन (केएसओ), चुराचांदपुर जिला ने बुधवार दोपहर 12:30 बजे से आपातकालीन अनिश्चितकालीन बंद का ऐलान किया। संगठन ने इस हमले को निर्दोष टीबीए चर्च नेताओं की हत्या बताया है। केएसओ ने आरोप लगाया कि राज्य की कानून-व्यवस्था एजेंसियां सशस्त्र समूहों की गतिविधियों पर नियंत्रण करने में विफल रही हैं। संगठन ने लोगों और संस्थाओं से बंद के दौरान सहयोग की अपील की है। हालांकि, मेडिकल आपातकालीन सेवाएं, प्रेस और मीडिया, बिजली सेवाएं और धार्मिक कार्यक्रमों को इस बंद से छूट दी गई है।

---

बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला...

## दागी शिक्षकों को मिला वेतन वसूलेगा विभाग, डीएम को सूची तैयार करने का निर्देश



कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल के शिक्षा विभाग ने सभी जिला मजिस्ट्रेटों को पत्र जारी कर उन्हें अपने-अपने जिलों में दाग उम्मीदवारों की सूची संकलित करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने विभिन्न सरकारी स्कूलों में नकद रिश्वत लेकर शिक्षण और गैर-शिक्षण पद प्राप्त किए हैं। विभाग के सूत्रों के अनुसार, ऐसे दागी उम्मीदवारों की सूची तैयार करने के अलावा, जिला मजिस्ट्रेटों को यह गणना करने के लिए भी कहा गया है कि इन उम्मीदवारों को अपनी सेवा अवधि के दौरान प्राप्त वेतन और उस पर अर्जित ब्याज के रूप में राज्य सरकार को कितनी राशि वापस करनी होगी। अब राज्य प्रशासन के उच्च अधिकारियों के निर्देशों के बाद राज्य शिक्षा विभाग ने वसूली का काम शुरू कर दिया है।

## रंगासामी 5वीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री बने, नमो पुडुचेरी योजना पर किए हस्ताक्षर



**पुडुचेरी, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नेता और ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) संस्थापक एन. रंगासामी ने बुधवार को पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। आज सुबह 9:47 बजे उप राज्यपाल भवन परिसर में पुडुचेरी के मुख्यमंत्री और मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें एन. रंगासामी ने पांचवीं बार पुडुचेरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ भाजपा के ए. नमस्सिवायम और एनआर कांग्रेस के मल्लादी कृष्ण राव ने मंत्री पद की शपथ ली। मल्लाडी कृष्णा राव ने तेलुगु में शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् और राष्ट्रगान से हुई, जबकि तीसरे क्रम में तमिल थाई वाझ्थु गाया गया।

संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ाई

## पंजाब के मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़, (हि.स.)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ को जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह ई-मेल मिलने के बाद पंजाब और दिल्ली की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई हैं। पंजाब सरकार और प्रशासन को भेजे गए ई-मेल में लिखा गया है कि पंजाब मुख्यमंत्री कार्यालय और भाजपा कार्यालयों में बम धमाके किए जाएंगे। ई-मेल में भगवंत मान और सुनील जाखड़ को 'सिखों का दुश्मन' बताया गया है।

ई-मेल में दावा किया गया है कि पंजाब मुख्यमंत्री ऑफिस में दोपहर 1 बजकर 11 मिनट पर धमाका किया जाएगा और पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की तरह हमला करने की धमकी दी गई है। इसके अलावा पंजाब और दिल्ली स्थित भाजपा कार्यालयों में रात 9



बजकर 11 मिनट पर बम धमाके करने की बात भी लिखी गई है। धमकी भरे ई-मेल में यह भी कहा गया है कि सुनील जाखड़ को 6 जून तक निशाना बनाया जाएगा। साथ ही ई-मेल में उनके पिता और पूर्व लोकसभा स्पीकर बलराम जाखड़ का भी जिक्र किया गया है। धमकी मिलने के बाद पुलिस, खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों ने मुख्यमंत्री कार्यालय समेत संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी है। भाजपा कार्यालयों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। फिलहाल एजेंसियां ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने में जुटी हैं और पूरे मामले की जांच जारी है।

---

मोदी कैबिनेट ने लिए कई अहम फैसले

# खरीफ की 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को मंजूरी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में बुधवार को आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है।**



सरकार ने वर्ष 2026-27 के विपणन सत्र के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि सूरजमुखी के बीज (622 प्रति क्विंटल) के लिए, उसके बाद कपास (557 प्रति क्विंटल), नाइजरसीड (515 प्रति क्विंटल) और तिल (500 प्रति क्विंटल) के लिए अनुशंसित की गई है। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में 37,500 करोड़ रुपये से कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने की एक योजना को भी मंजूरी दी गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मोदी कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, कोयला गैसीकरण का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। गैस की आवश्यकता और भू-राजनीतिक स्थिति के अनुसार आत्मनिर्भर कैसे बनें?

**भारत में अगले 200 वर्षों के लिए कोयला भंडार मौजूद :** उन्होंने कहा, भारत में कोयले का प्रचुर भंडार है। अगले 200 वर्षों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत के पास पर्याप्त कोयला है। इस दिशा में अच्छा प्रयास किया जा रहा था और आज एक निर्णय लिया गया है - कोयला गैसीकरण योजना। कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से उर्वरक, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से बिजली, कोयले से गैस का उत्पादन और फिर उस गैस से विभिन्न प्रकार के रसायन। यह एक बड़ा निर्णय है।'

### 20,667 करोड़ की सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना को दी मंजूरी

वैष्णव ने बताया कि रेल मंत्रालय की लगभग 20,667 करोड़ रुपये की लागत वाली अहमदाबाद - धोलेरा अर्ध-उच्च गति दोहरी लाइन परियोजना को भी मंजूरी दी गई है। भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड रेल परियोजना के रूप में, यह परियोजना एक अग्रणी परियोजना के रूप में काम करेगी और देश भर में सेमी हाई-स्पीड रेल के चरणबद्ध विस्तार के लिए एक संदर्भ मॉडल के रूप में कार्य करेगी। यह स्वदेशी रूप से विकसित तकनीक से निर्मित भारतीय रेलवे की पहली अर्ध-उच्च गति परियोजना होगी। इस परियोजना खंड से अहमदाबाद, धोलेरा एसआईआर, आगामी धोलेरा हवाई अड्डे और लोथल राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा।

### नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का होगा कायाकल्प

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया, 'केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत निजी भागीदार को शामिल करते हुए दीर्घकालिक लाइसेंस के जरिए नागपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उन्नयन और आधुनिकीकरण को मंजूरी दे दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में नवागत पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह ने पदभार ग्रहण किया



**इंदौर, (विनय उजाला/मनोहर राजपूत)।** इंदौर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में नवागत पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह (भा.पु.से.) ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर अपने कार्यालयीन कार्य की शुरुआत की। पदभार ग्रहण के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रचना भदोरिया ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा, उप पुलिस अधीक्षक राममूर्ति शाक्य, यूनिट चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र शाक्य तथा प्रभारी रक्षित निरीक्षक अनुज्ञा जैन सहित पीटीसी इंदौर के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नवागत पुलिस अधीक्षक का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं।

### आरडीएसएस, ड़ीए जुगा, समाधान योजना अंतर्गत कार्य गंभीरता से करें, एमडी सिंह का धार, झाबुआ जिला दौरा



**इंदौर (विनय उजाला)।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बुधवार दोपहर धार जिले के बिजली अधिकारियों की राजगढ़ बैठक लेकर समाधान योजना का अंतिम दो दिनों में अधिकतम क्रियान्वयन कर प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने, आरडीएसएस, डीए जुगा अंतर्गत शेष कार्यों को समय पर करने समेत कंपनी की अन्य प्राथमिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य अभियंता कार्य श्री एसएल करवाड़िया, अधीक्षण यंत्री श्री मनेंद्र गर्ग, कार्यपालन यंत्री श्री अमर सिंह वास्केल, श्री नितिन चौहान आदि मौजूद थे। इसके बाद प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने झाबुआ जिले के कालीदेवी में बुधवार अपरान्ह झाबुआ बिजली वृत्त के अधिकारियों की मिटिंग ली। उन्होंने आरडीएसएस के कार्य समय पर करने, शिकायत निवारण को गंभीरता से लेने, समाधान योजना का अंतिम दो दिनों में अधिकतम लाभ दिलाकर राजस्व संग्रहित करने व अन्य प्राथमिकताओं को पूरा करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि समय पर कार्य करने को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दे, विलंब होने पर कार्य का परिणाम प्रभावित होता है। इस अवसर पर झाबुआ अधीक्षण यंत्री श्री डीएस राजपूत, कार्यपालन यंत्री श्री महेंद्र पंवार, श्री पंकज डाबर आदि अधिकारी मौजूद थे।

### बिजली कंपनी के पेंशनरों की सुविधाओं में वृद्धि के लिए समन्वय बैठक



**इंदौर (विनय उजाला)।** मप्र विद्युत मंडल( बिजली कंपनी) के पेंशनरों के एसोसिएशन एवं कंपनी प्रबंधन के बीच बुधवार को सुविधाओं में वृद्धि को लेकर समन्वय बैठक का आयोजन पोलोग्राउंड स्थित पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रबंध निदेशक सभागार में किया गया। अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने की। श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर अंशदायी मेडिक्लेम योजना लागू करने के बाद कंपनी क्षेत्र के हजारों पेंशनर इससे जुड़े हैं, करीब दो सौ चिकित्सा सुविधा का लाभ भी लिया हैं, इसके लाभ लेने, पंजीयन फार्म जमा करने की तारीख और बढ़ाने की हरसंभव कोशिश की जाएगी, ताकि छूटे हुए पेंशनर्स और कार्मिक लाभ ले पाए। एरियर्स के भुगतान, संगठन के लिए भवन व अन्य मांगों को लेकर पदाधिकारियों ने मांग पत्र भी सौंपा व जल्दी कार्रवाई करने की मांग की, इस पर श्री चौहान ने कहा कि हर वाजिव मांग पर संज्ञान लेकर सुविधाओं में वृद्धि की कोशिश की जाएगी। इस अवसर पर संयुक्त सचिव श्री तरूण उपाध्याय, पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष श्री आरसी सोमानी, सचिव श्री मनोज राणा समेत अन्य पदाधिकारियों मौजूद थे।

### भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ दिल्ली की इंदौर जिला कार्यकारिणी घोषित ; विनोद शर्मा बने जिलाध्यक्ष



**इंदौर, (विनय उजाला)।** भारतीय श्रमजीवी पत्रकार महासंघ (नई दिल्ली) की मध्य प्रदेश इकाई द्वारा इंदौर जिले की कार्यकारिणी की घोषणा शुक्रवार को की गई। नवनियुक्त कार्यकारिणी में विनोद शर्मा को जिला अध्यक्ष व प्रवीण जैन को महासचिव नियुक्त किया गया है।

# महापौर ने किया औचक निरीक्षण, अधूरे निर्माण पर फटकारा

**तरण पुष्कर से राजमोहल्ला, इतवारिया मंडी, लोधीपुरा और प्रमुख बाजारों तक पहुंचे पुष्यमित्र भार्गव ने स्वच्छता, सीएंडडी वेस्ट और जनसुविधाओं की परखी जमीनी हकीकत**







विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। पुष्यमित्र भार्गव ने बुधवार तड़के सुबह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 के विभिन्न क्षेत्रों का बिना पूर्व सूचना के औचक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था, जनसुविधाओं और विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। महापौर के अचानक पहुंचने से संबंधित विभागों में हलचल मच गई और कई स्थानों पर तत्काल व्यवस्थाएं सुधारने की कार्रवाई शुरू कर दी गई।**

**लोधीपुरा में सीएंडडी वेस्ट और अधूरे निर्माण कार्य पर नाराजगी :** निरीक्षण के दौरान महापौर ने लोधीपुरा क्षेत्र का भी दौरा किया। यहां सड़कों पर पड़े निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) और लंबे समय से अधूरे पड़े निर्माण कार्यों को देखकर उन्होंने संबंधित जोनल अधिकारी और सीएसआई को जमकर फटकार लगाई। महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण मलबे का तत्काल निष्पादन किया जाए और लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा किया जाए।

**राजमहोल्ला, इतवारिया सब्जी मंडी में प्लास्टिक मुक्त बाजार का संदेश:** इसके बाद महापौर ने राजमहोल्ला और इतवारिया बाजार स्थित सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों और नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि मंदिरों और बाजारों के आसपास प्लास्टिक का उपयोग कम किया जाए तथा लोग घर से कपड़े या जूट का झोला लेकर खरीदारी के लिए आएं।

**महू नाका स्थित तरण पुष्कर में तैराकों से संवाद**

महापौर ने लक्ष्मण सिंह चौहान तरण पुष्कर का निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम में बड़ी संख्या में नागरिक यहां तैराकी के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने युवाओं और अन्य तैराकों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनीं। तैराकों द्वारा शुल्क व्यवस्था को लेकर दिए गए सुझावों पर महापौर ने बताया कि पूल के रखरखाव, जल शुद्धिकरण और अन्य सुविधाओं पर नियमित व्यय होता है। उन्होंने छ महीने की अनिवार्यता को खत्म कर तीन तीन महीने में शुल्क जमा करने की व्यवस्था के निर्देश दिए। कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि यहां आने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा-**

'स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे शहर की सामूहिक जिम्मेदारी है। रेड स्पॉट मुक्त इंदौर और प्लास्टिक मुक्त बाजारों के लिए नागरिकों, व्यापारियों और प्रशासन सभी को मिलकर काम करना होगा।' उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिक-अनुकूल बनाए रखने के लिए इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे।

**रेड स्पॉट मुक्त इंदौर अभियान पर सख्त निर्देश :** निरीक्षण के दौरान दुकानों के बाहर गुटखा और तंबाकू थूकने से बने रेड स्पॉट को लेकर महापौर ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि अपनी दुकानों के सामने रेड स्पॉट किसी भी स्थिति में न बनने दें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहयोग नहीं मिलने पर बाजारों को रेड स्पॉट मुक्त बनाने के लिए चालानी कार्रवाई की जाए।

**मुकेरीपुरा क्षेत्र का भी लिया जायजा :** महापौर ने मुकेरीपुरा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, यातायात और नागरिक सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## सनातन धर्म केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक : डॉ. भरत शर्मा

**विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय प्रतिनिधिओं द्वारा भारतीय सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर गोष्ठी आयोजित**

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक राधेश्याम शर्मा 'गुरुजी' के आमंत्रण पर ब्राह्मण समाज के मध्यप्रदेश और राजस्थान के प्रतिनिधियो द्वारा भारतीय सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर गोष्ठी आयोजित की गई। संस्कृति मंत्रालय सदस्य, भारत सरकार डॉ. भरत शर्मा, राष्ट्रीय सेवक संघ सदस्य अनिल जोशी, सुनील पटेल और जयपुर से आए उद्योगपति अरविंद पुरोहित सम्मिलित इस गोष्ठी में आज के आधुनिक युग में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की प्रासंगिकता पर गहन चिंतन किया गया और भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का महत्व युवा पीढ़ी तक पहुँचाने की ज़िम्मेदारी तय की गई।

जयपुर से पधारे अरविंद पारीक ने कहा कि समाज यदि संगठित रूप से कार्य करे तो वैश्विक स्तर पर भारतीय संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। राष्ट्रीय सेवक संघ के श्री अनिल जोशी ने कहा कि संघ और संगठन नितांत और सतत प्रकिया से भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म के उन्नयन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करता आया है और समाज से जुड़े सभी धर्म विशेषज्ञ और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों का सामूहिक प्रयास इसे और मज़बूती प्रदान करेगा। सुनील पटेल ने भौतिकवाद और पाश्चात्य विचारों के असांस्कृतिक तत्वों से युवा को दूर होने पर अपने विचार व्यक्त किए।

उक्त अवसर पर राधेश्याम शर्मा (गुरुजी) द्वारा समस्त प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया और डॉ. भरत शर्मा को पुस्तके स्मृतिचिह्न के रूप में भेंट की गई।



**उक्त अवसर पर राधेश्याम शर्मा ने कहा**

संस्कार चर्चा का नहीं वरन् अनुभूति और आचरण का विषय है, हमारी संस्कृति और संस्कार आज पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित हो गया है और परिवार में हमारी संस्कृति और धर्म के प्रति जागरूकता का अभाव हो गया है, जिसका निदान हम लोगो को स्वयं को सनातन धर्म के प्रति समर्पित भाव से उनके उन्नयन का प्रयास करना होगा। गोष्ठी में विशेष रूप से आमंत्रित संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य - डॉ. भरत शर्मा ने भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म की महत्वत्ता पर चर्चा करते हुए कहा की 'वसुदैव कुटुंबकम' और 'सर्व धर्म समभाव' हमे विश्व स्तर पर अध्यात्म, अनुशासन, कृतज्ञता, संस्कार और जीवन चरित्र के संवेदनशील सिद्धांतों के माध्यम से आदर और उच्च वैचारिक मूल्यों के राष्ट्र के रूप में पहचान देता है। हम सब की सामूहिक ज़िम्मेदारी इस भाव को संवर्धित और संरक्षित करने की दिशा में आने वाली पीढ़ी की इससे अवगत और सकारात्मक दिशा में क़दम उठाने की है।

**5 करोड़ गौभक्तों की आवाज़ पहुंची केंद्र और राज्यों तक**

## अब 27 जुलाई को 15 करोड़ हस्ताक्षरों का महासंकल्प, गौमाता के सम्मान के लिए देशव्यापी जन जागरण

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** गो सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आज फलोदी गौशाला में ग्वाल संत पूज्य स्वामी गोपालानंद सरस्वती के सानिध्य में इंदौर एवं देवास जिले के प्रमुख पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में देशव्यापी गौ सम्मान आंदोलन को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया।

स्वामी गोपालानंद सरस्वती ने अपने उद्बोधन में बताया कि 27 अप्रैल को देश की 5700 तहसीलों से 5 करोड़ संतों एवं गौभक्तों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन तहसीलदार एवं एसडीएम के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को भेजे गए। ज्ञापन में गौमाता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने तथा देशभर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की प्रमुख माँग रखी गई।

उन्होंने घोषणा की कि आगामी 27 जुलाई को देश के सभी जिला मुख्यालयों पर 15 करोड़ गौभक्तों एवं संतों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टरों को सौंपे जाएंगे, जिन्हें राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री तक पहुँचाया जाएगा। इंदौर जिले से इस अभियान हेतु 3 लाख हस्ताक्षरों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

स्वामीजी ने सभी गौसेवकों, मातृशक्ति एवं युवाओं से आह्वान किया कि 27 जुलाई को प्रातः 8 बजे धोबीघाट, इंदौर पर एकत्रित होकर सवा घंटे तक विजय मंत्र जाप किया जाएगा।

गौमाता पर आए संकट और भार को दूर करने के संकल्प स्वरूप ननद अपनी 5-5 भाभियों को मेहंदी कोन भेंट करेंगी, जिनकी हथेलियों पर 'गो सम्मान आह्वान अभियान' लिखकर वे रैली में सहभागी बनेंगी।

अभियान के अंतर्गत साइक्लोथॉन रैली भी निकाली जाएगी, जिसमें स्कूल एवं कॉलेजों के विद्यार्थी भगवा ध्वज और गौसम्मान के संदेश लिखी तख्तियों के साथ सहभागिता करेंगे।

इस अवसर पर साध्वी श्रद्धा गोपाल सरस्वती, संत माधवदास उदासी, वीरेंद्र कुमार जैन, मध्यप्रदेश प्रभारी श्रीराम शर्मा, संभाग प्रभारी पंडित मनोज तिवारी, जिला प्रभारी संजय कटारिया, अमित राजपुरोहित, देवास प्रभारी विजय सोनी, मनीष गुप्ता, पंडित ब्रजमोहन चौबे, विनोद कनौजिया, राजेंद्र तिवारी, राजेंद्र सचदेव, सुशीला जैन, निर्मला वाजपेयी, सुचेता तिवारी, रवि शर्मा, वेदप्रकाश आर्य, प्रभु राजपुरोहित एवं मनीष चंदेल ने भी विचार व्यक्त किए।

अंत में पंडित मनोज तिवारी ने आभार व्यक्त किया।



## सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को रफ्तार, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे (NH-347BG) के निर्माण कार्यों को गति देने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज हाईवे का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।**

कलेक्टर श्री वर्मा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सिंहस्थ 2028 की दृष्टि से इस परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी से कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुगम और सुरक्षित बनाई जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी प्रकार की बाधा को तत्काल दूर किया जाए तथा NHAI को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, जिससे परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण हो सके।



इस अवसर पर NHAI इंदौर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री प्रवीण यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि इंदौर-खंडवा नेशनल हाईवे परियोजना का संपूर्ण कार्य दिसंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि भेरूघाट बायपास का निर्माण कार्य जुलाई 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके पूर्ण होने से घाट क्षेत्र में लगने वाले ट्रैफिक जाम से आमजन को बड़ी राहत मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान ह्ऋद्ध के तकनीकी अधिकारी एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ राजस्व अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई तक

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। किसी एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी।

**रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं विश्वास का प्रतीक बनी जीआरपी इंदौर, जबलपुर एवं ग्वालियर**

## विगत दो सप्ताह में लगभग 21 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण एवं जनविश्वास कायम रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जीआरपी जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर द्वारा चोरी एवं जेवरात संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। वहीं इंदौर जीआरपी ने ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय देते हुए यात्री का जेवरों से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**जीआरपी जबलपुर :** जीआरपी इंदौर ने रेलवे स्टेशन इंदौर से ट्रॉली बैग चोरी का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग 2 लाख 82 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसके अतिरिक्त जीआरपी इंदौर ने ईमानदारी, संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए ट्रेन में छूटे लगभग 8 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के जेवरों से भरे बैग को कुछ ही घंटों में सुरक्षित खोजकर संबंधित यात्री के सुपुर्द किया। जीआरपी की इस सराहनीय कार्रवाई से यात्रियों में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना और अधिक मजबूत हुई है। यह कार्रवाई रेल पुलिस की जनसेवा, जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।



**जीआरपी जबलपुर :** थाना जबलपुर द्वारा रनिंग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, चेन, बाली, लॉकेट एवं चांदी की पायल सहित लगभग 2 लाख 85 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। एक अन्य कार्यवाही में जबलपुर की टीम द्वारा एक महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण जप्त किये गये। महिला आरोपी द्वारा यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से 8 हजार 750 रूपए मूल्य के आभूषण जब्त किये गये।

**जीआरपी ग्वालियर :** जीआरपी ग्वालियर द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जेवरात एवं नगदी चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 7 लाख 30 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**
Your host in the heart of India
www.mpstdc.com
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल- 462003
फोन : +91 755 4027100, 2774340/42, वेब. : www.mpstdc.com
क्रमांक 219/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 13.05.2026

**निविदा सूचना 182/2026_STDC_507352_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नामः- **ताप्ती रिट्रीट बुरहानपुर जिला बुरहानपुर में बाहरी विद्युतीकरण, एयर कंडीशनिंग एवं ई.एल.व्ही. का कार्य। (12 माह) कार्य की लागत राशि रु. 178.10 लाख**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की अंतिम तिथि 03.06.2026 समय सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125761/2026 **कार्यपालन यंत्री**

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, आलीराजपुर, ठाणे, मुंबई, नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक विनय उजाला

गुरुवार, 14 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 12

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!



असम की सुरक्षा-विकास के लिए हम प्रतिबद्ध...05

## फर्स्ट कॉलम

### विदेश मंत्री ने चिली के समकक्ष से की मुलाकात



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने आए चिली के विदेश मंत्री फ्रांसिस्को पेरेज मैक्केना से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने बाजार और स्रोतों में विविधता लाने तथा प्राथमिकता वाली वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर चर्चा की। इस द्विपक्षीय मुलाकात की जानकारी देते हुए विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि उन्होंने आपसी सहयोग को मजबूत करने पर बहुत अच्छी चर्चा की। इसमें बाजार और स्रोतों में विविधता लाने, प्राथमिक वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने और सेवाओं की अर्थव्यवस्था को सुगम बनाने जैसे विषय शामिल रहे। जयशंकर ने बताया कि दोनों देशों ने मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

### अमूल और मदर डेयरी दूध 2 रुपए लीटर हुआ महंगा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमूल के बाद मदर डेयरी ने भी बुधवार को दूध की कीमतों में 2 रुपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की है। दोनों कंपनी के नए दाम गुरुवार से लागू होंगे। अमूल और मदर डेयरी ने दूध के प्रमुख वेरिएंट और पैक पर कीमतें बढ़ाई हैं। गुजरात कॉपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के मुताबिक, पशु आहार, पैकेजिंग और ईंधन की लागत बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया। अमूल का कहना है कि यह बढ़ोतरी 2.5% से 3.5% के बीच है। अमूल ने मई 2025 के बाद पहली बार दूध के दाम बढ़ाए हैं। वहीं मदर डेयरी ने इससे पहले दूध की कीमतों में अप्रैल 2025 में बढ़ोतरी की थी। को-ऑपरेटिव के मुताबिक, पशु चारे की बढ़ती कीमत और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने की वजह से समय-समय पर दूध की कीमतों में बदलाव करना पड़ता है।

### त्रिपुरा चिटफंड घोटाले में फरार आरोपी संजीत चक्रवर्ती गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने त्रिपुरा के बहुचर्चित चिटफंड घोटाले में वांछित आरोपित संजीत चक्रवर्ती को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पर लगभग 7.75 करोड़ रुपये की ठगी का आरोप है। सीबीआई ने बताया कि संजीत चक्रवर्ती कोलकाता स्थित कॉस्मिक नेगोशिएटर्स प्राइवेट लिमिटेड का चेयरमैन-कम-मैनेजिंग डायरेक्टर था। वर्ष 2013 में त्रिपुरा पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के बाद से फरार था। त्रिपुरा सरकार और केंद्र सरकार की अधिसूचनाओं के बाद सीबीआई ने इन मामलों की जांच अपने हाथ में ली थी।

### एटीएस ने महाराष्ट्र में 40 ठिकानों पर छापेमारी की

**मुंबई, एजेंसी।** एंटी-टेररिज्म स्क्वाड ने बुधवार को मुंबई समेत राज्य के 40 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से संपर्क रखने वाले लोगों के खिलाफ की गई। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 53 लोगों से पूछताछ की जा रही है। एटीएस के अनुसार, शाहजाद भट्टी विदेश से अपना गिरोह चला रहा था। सोशल मीडिया के जरिए भारत के युवाओं को देश विरोधी गतिविधियों के लिए उकसा रहा था। दिल्ली पुलिस ने 48 घंटे के अभियान के दौरान शाहजाद भट्टी से जुड़े 9 ऑपरेटिव समेत 482 कथित गैंगस्टर और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों को उत्तर भारत और दिल्ली-एनसीआर में सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग करने और हथियारों की तस्करी जैसे काम सौंपे गए थे।

अमेरिका ने युद्ध में 29 अरब डॉलर खर्च किए... ट्रम्प बोले-

# ईरान के खिलाफ हर हाल में जंग जीतेंगे, वे समझौता करेंगे या तबाह हो जाएंगे

तेहरान/वॉशिंगटन, एजेंसी

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के खिलाफ जारी जंग अमेरिका हर हाल में जीतेगा। चीन रवाना होने से पहले उन्होंने कहा, ईरान या तो समझौता करेगा या फिर तबाह हो जाएगा।**

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास हालात संभालने के लिए हर विकल्प मौजूद है। उन्होंने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी बातचीत में ईरान युद्ध और होर्मुज स्ट्रेट संकट पर भी चर्चा होगी। हालांकि, व्यापार बैठक का मुख्य मुद्दा रहेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 74 दिनों की जंग में अब तक कम से कम 29 अरब डॉलर खर्च किए हैं। यह रकम सिर्फ हथियारों और सैन्य उपकरणों पर खर्च हुई है। इसमें सैन्य ठिकानों को हुए नुकसान का खर्च शामिल नहीं है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कांग्रेस से अतिरिक्त रक्षा बजट की मांग की। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे ताकतवर सैन्य शक्ति बने रहने के लिए अमेरिका को 1.5 लाख करोड़ डॉलर की जरूरत है।

### ईरान बोला- अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं

ईरानी सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमी निया ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल के साथ जंग



के बाद अब पीछे हटने की कोई गुंजाइश नहीं है। मशहद से बयान देते हुए उन्होंने कहा कि ईरान की सेना और सुरक्षा बल पूरी तरह तैयार हैं, क्योंकि अमेरिका के साथ युद्धविराम काफी कमजोर है। अकरमी निया ने बताया कि होर्मुज के पश्चिमी हिस्से पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नेवी का कंट्रोल है, जबकि पूर्वी हिस्से की जिम्मेदारी ईरान की रेगुलर नौसेना संभाल रही है। उन्होंने दावा किया कि ईरानी सेना ने दुश्मन को उसके किसी भी मकसद में सफल नहीं होने दिया।

### रूस का आरोप- अमेरिका ऊर्जा बाजार पर कब्जा चाहता है

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर दुनिया के एनर्जी मार्केट पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया है। लावरोव ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन रूसी एनर्जी कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से बाहर करना चाहता है। एक इंटरव्यू में लावरोव ने कहा, अमेरिका ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनका मकसद ग्लोबल एनर्जी मार्केट पर प्रभुत्व कायम करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका दुनिया के सभी बड़े तेल और गैस सप्लाई रास्तों को अपने कंट्रोल में लेना चाहता है।

### ईरान जंग खत्म करने में रोल निभा सकता है चीन

चीन और ग्लोबलाइजेशन सेंटर के अध्यक्ष हेनरी वांग ने कहा है कि चीन अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष को खत्म कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है। अल जजीरा से बातचीत में वांग ने कहा कि होर्मुज में लगी कड़ी पाबंदियों को हटाना अमेरिका और चीन दोनों के हित में है। चीन की लगभग 40% तेल इसी रास्ते आता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान दोनों ही इस लंबे संघर्ष से थक चुके हैं, लेकिन दोनों को सम्मानजनक तरीके से बाहर निकलने का रास्ता चाहिए। हेनरी वांग के मुताबिक, चीन ऐसा रास्ता देने की कोशिश कर रहा है जिससे शांति बहाल हो सके। जरूरत पड़ने पर चीन इस युद्ध को खत्म कराने के लिए अच्छा मध्यस्थ साबित हो सकता है।

शाह-नड्डा ने भी काफिले में गाड़ियां कम कीं

# पीएम नरेंद्र मोदी का काफिला सिर्फ दो गाड़ियों में निकला, अपील के बाद खुद पेश की मिसाल

नई दिल्ली, एजेंसी

**पीएम नरेंद्र मोदी ने पेट्रोल और डीजल बचाने की अपील देशवासियों से की थी। इसे लेकर चर्चाएं तेज हैं और इस बीच उन्होंने खुद भी इस पर अमल करना शुरू कर दिया है।**

पीएम नरेंद्र मोदी आज अपने घर से सिर्फ दो गाड़ियों के साथ ही निकले। इस तरह अपील करने के बाद पेट्रोल और डीजल बचाने की दिशा में पीएम नरेंद्र मोदी ने खुद मिसाल कायम करके संदेश दिया है। एक गाड़ी में वह खुद निकले तो वहीं दूसरे वाहन में उनकी सुरक्षा में तैनात एसपीजी के लोग सवार थे। वह इन दो गाड़ियों के काफिले में सवार होकर केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पहुंचे थे। वहीं पीएम मोदी की अपील के बाद गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी अपने काफिले की गाड़ियां कम कर दीं है।

इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को हैदराबाद में एक आयोजन को संबोधित करते हुए अपील की थी कि पेट्रोल और डीजल की बचत करने की जरूरत है। उनका कहना था कि देशवासियों को ईंधन का समझदारी से इस्तेमाल करना होगा। इसके अलावा एक साल तक सोने की खरीद भी न करने की अपील उन्होंने की थी। पीएम मोदी की अपील के बाद केंद्र सरकार के मंत्रियों और कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपना काफिला घटा दिया है। इसके अलावा तमाम बैठकों को ऑनलाइन ही करने का फैसला लिया गया है। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ऐसे फैसले लिए हैं।



### पीएम मोदी की अपील के बाद कयासों का दौर जारी

यही नहीं पीएम मोदी की अपील के बाद तमाम तरह के कयासों का भी दौर जारी रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि आने वाले दिन कुछ पाबंदियों वाले हो सकते हैं तो वहीं एक वर्ग का मानना है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा हो सकता है और सरकार उसकी तैयारी कर रही है। ऐसे कयासों को तब और बल मिला, जब मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों को ज्यादा समय तक रोक कर नहीं रखा जा सकता। उनका कहना है कि हर दिन पेट्रोलियम कंपनियों को कच्चे तेल की बढ़ी कीमत के तहत 1000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति लंबे समय तक जारी नहीं रखी जा सकती।

### नितिन नवीन बोले- अब जन आंदोलन बन जाएगा यह अभियान

पीएम मोदी के दो ही गाड़ियों के काफिले में निकलने की भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने खुद मिसाल पेश की है और अब यह अभियान जन-आंदोलन बन सकता है। नितिन नवीन ने एक्स पर लिखा, नरेंद्र मोदी जी ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या कम कर पुन: सिद्ध किया है कि वे सही मायने में देश के 'प्रधानसेवक' हैं। जब नेतृत्व स्वयं मिसाल पेश करता है, तो वह जन-आंदोलन बन जाता है। वैश्विक चुनौतियों के बीच संसाधनों का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है। मोदी जी की इस पहल से प्रेरणा लेते हुए, मैं भी अपने काफिले की गाड़ियां कम कर रहा हूं।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने काफिले से हटाई फॉलो एवं पायलट सुविधा



**भोपाल, विनय उजाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने और पेट्रोलियम ईंधनों के किफायती एवं विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में की गई अपील के अनुक्रम में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उनके काफिले के लिए उपलब्ध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधा, संबंधित स्टाफ सहित, वापस कर दी है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा संरक्षण एवं सुरक्षा के दृष्टिगत नागरिकों से ईंधन की बचत को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम ईंधनों की बचत केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के हित, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है। सरकार जनहित में संसाधनों के सर्वोत्तम एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए सतत प्रतिबद्ध है।

एनटीए से भरोसा उठा

## सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी




नीट जी- 2026 परीक्षा रद्द मामले में फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। इसमें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में दोबारा परीक्षा कराने की मांग की गई है।

एफएआईएमए ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली से अब भरोसा उठ चुका है। इसलिए मौजूदा गवर्निंग बॉडी का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। वहीं सीबीआई ने नासिक से शुभम खैरनार और अहिल्याबाई नगर से धनंजय को हिरासत में लिया। धनंजय पर शुभम को पेपर देने का आरोप है। मुंबई कोर्ट ने सीबीआई को शुभम की 2 दिन की ट्रांजिट रिमांड दी। वहीं, राजस्थान पुलिस ने गुरुग्राम से बीएएमएस फर्स्ट ईयर के छात्र को पकड़ा। सीबीआई ने इस मामले में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन जयपुर, एक गुरुग्राम और एक नासिक से है। जांच के लिए सीबीआई अधिकारी आज दिल्ली में एनटीए के हेडक्वार्टर भी पहुंचे। दरअसल, एनटीए ने 12 मई को पेपर लीक के बाद नीट परीक्षा रद्द कर दी थी। एनटीए ने माना कि गड़बड़ी हुई है। एग्जाम 3 मई को हुआ था, जिसमें 22.79 लाख स्टूडेंट्स शामिल हुए थे।

### नीट पेपर लीक पर युवा कांग्रेस विरोध प्रदर्शन

युवा कांग्रेस ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक मामले को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग की। नई दिल्ली में युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर हुए इस प्रदर्शन में जुटे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर काबू किया।

## ब्रिक्स बैठक के लिए उज्बेकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान के नेता पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ली, (हि.स.)



ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के उप विदेश मंत्री अलोएव बखरोमजोन जोराबोएविच, ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी, कजाकिस्तान के प्रथम उप विदेश मंत्री येरजहान अशिकबायेव और नाइजीरिया के विदेश मंत्रालय के स्थायी सचिव डुनोमा उमर अहमद बुधवार को यहां पहुंचे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अलग-अलग एक्स पोस्ट में इन अधिकारियों के आगमन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. काजेम गरीबाबादी से द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और नाइजीरिया के अधिकारियों का भी यहां आगमन पर स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि ये सभी नेता ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत आए हैं। बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर करेंगे। इसमें ब्राजील, रूस, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथोपिया और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री शामिल होंगे। इसमें चीन का शेरपा प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष का पीएम पर हमला : वृद्धावस्था पेंशन नहीं बढ़ाई, प्रचार में करोड़ो खर्च करने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार आत्म-प्रचार पर भारी रकम खर्च कर रही है, जबकि पिछले बारह वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन में कोई वृद्धि नहीं की गई है। खड़गे ने कहा कि सरकार बुजुर्गों, विधवाओं और विकलांग व्यक्तियों की गरिमा छीन रही है।

खरगे ने बताया कि क्रय शक्ति में 45 फीसदी की कमी के बाद, 200 रुपये की पेंशन अब लगभग 110 रुपये के बराबर है। इसी तरह, 300 रुपये की पेंशन लगभग 165 रुपये और 500 रुपये की पेंशन लगभग 275 रुपये के बराबर हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिदिन लगभग डेढ़ करोड़ रुपये विज्ञापनों और आत्म-प्रचार पर खर्च करती है।

कांग्रेस प्रमुख ने कहा, यह बेशर्म सरकार प्रतिदिन लगभग डेढ़ करोड़ रुपये विज्ञापनों और भव्य आत्म-प्रचार पर खर्च करना पसंद करती है! उन्होंने दावा किया कि 2014-15 से 2024-25 के बीच भाजपा सरकार ने आत्म-प्रचार के लिए विज्ञापनों पर कुल 5,987.46 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

फेफड़े में खून का थक्का जमने से कार्डिएक अरेस्ट आया

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भाई प्रतीक का निधन

लखनऊ, एजेंसी



सपा प्रमुख अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव का बुधवार को निधन हो गया। उनकी उम्र 38 साल थी। सुबह 6 बजे पत्नी अपर्णा यादव के भाई अमन सिंह बिष्ट उन्हें लखनऊ के सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिविल अस्पताल के चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. डीसी पांडेय के मुताबिक, जब प्रतीक को लाया गया, तब उनकी पल्स पूरी तरह डाउन थी। हार्ट भी रुक चुका था।

लखनऊ मेडिकल कॉलेज में प्रतीक यादव के शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कार्डिएक अरेस्ट से प्रतीक की मौत हुई है। प्रतीक का शव उनके आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है। अंतिम संस्कार गुरुवार को लखनऊ में दोपहर 12:30 बजे बैकुंठ धाम पर होगा। प्रतीक की जब मौत हुई, पत्नी और भाजपा नेता अपर्णा यादव असम में थीं। वो लखनऊ लौट आई हैं। अपर्णा मंगलवार को हिमंता बिस्वा सरमा के शपथ ग्रहण के लिए असम गई थीं।

**सीएम योगी श्रद्धांजलि देने पहुंचे :** सीएम योगी, मंत्री सुरेश खन्ना, डिंपल यादव, शिवपाल यादव समेत कई बड़े नेता भी पहुंचे। अखिलेश यादव प्रतीक यादव के आवास पहुंचे। श्रद्धांजलि देते वक्त अखिलेश काफी भावुक नजर आए।

आठ साल बाद चीन की यात्रा पर पहुंचे ट्रम्प

# अमेरिकी हथियारों की ताइवान को बिक्री जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद

बीजिंग, एजेंसी

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन की राजधानी बीजिंग पहुंच गए हैं, जहां उनकी गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अहम बैठक होगी।**

दोनों नेताओं के बीच ईरान युद्ध, अमेरिका-चीन व्यापार संबंधों और ताइवान को अमेरिकी हथियारों की बिक्री जैसे संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेता सातवीं बार आमने-सामने बैठक करेंगे। इससे पहले उन्होंने अक्तूबर 2025 में दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात की थी। चीन इस यात्रा को व्यापारिक समझौते को आगे बढ़ाने और अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद को खत्म करने के अवसर के रूप में देख रहा है। टैरिफ ने 525 अरब डॉलर से अधिक के निर्यात को प्रभावित किया था। ट्रंप इससे पहले 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान चीन गए थे। इस बार वह कई बड़े अमेरिकी मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ बीजिंग पहुंचेंगे।



**व्हाइट हाउस ने बताया क्या रहेगा ट्रंप का कार्यक्रम...** व्हाइट हाउस के मुताबिक, ट्रंप बुधवार शाम बीजिंग पहुंचेंगे। इसके बाद गुरुवार को शी जिनपिंग के लिए औपचारिक स्वागत समारोह होगा और फिर द्विपक्षीय बैठक होगी। शुक्रवार को दोनों नेताओं की एक और मुलाकात होगी, जिसमें पहले चाय पर अनौपचारिक बातचीत होगी और फिर दोपहर भोज के दौरान बैठक होगी। अमेरिका ने भी जिनपिंग के लिए बाद में वाशिंगटन यात्रा का निमंत्रण देने की योजना बनाई है। दोनों पक्षों ने रविवार को घोषणा की थी कि उप-प्रधानमंत्री ही लिफेंग व्यापार वार्ता के लिए 12 और 13 मई को दक्षिण कोरिया जाएंगे और वहां अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट के साथ बातचीत करेंगे।

### ट्रंप के दौरे से चीन को क्या उम्मीदें हैं?

व्यापार के नजरिये से चीन को इस यात्रा से बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि ट्रंप के साथ अमेरिका की बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शीर्ष अधिकारी भी जा रहे हैं। इनमें टेस्ला के प्रमुख एलन मस्क और एप्पल के सीईओ टिम कुक शामिल हैं, जिनका चीन में मजबूत कारोबार है। 2026 की शुरुआत में एप्पल ने चीन के प्रतिस्पर्धी स्मार्टफोन बाजार में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया है। इसकी वजह आईफोन की बिक्री में 28 फीसदी की बढ़ोतरी रही। अप्रैल में चीन में बनी टेस्ला गाड़ियों की बिक्री (निर्यात समेत) 79,478 तक पहुंच गई, जो पिछले साल की तुलना में 36 फीसदी अधिक है।

### दुनिया की नजरें इस दौरे पर टिकी हैं

दुनिया की नजर इस यात्रा पर इसलिए भी है, क्योंकि इसमें खाड़ी क्षेत्र के संकट और ईरान युद्ध के समाधान की उम्मीद की जा रही है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने हाल ही में बीजिंग का दौरा किया, जिस पर अमेरिका ने भी करीब से नजर रखी, क्योंकि चीन ईरान से तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

## सम्पादकीय

# हिमाचल के युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय

शांतिप्रिय राज्य की छवि वाले हिमाचल प्रदेश में अब युवाओं के बीच नशे की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। नशीले पदार्थों का जाल न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण इलाकों तक फैल गया है। एक खास तरह का नशीला पदार्थ, जिसे स्थानीय भाषा में चिट्टा कहा जाता है, उसकी लत युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रही है। दरअसल, जम्मू और पंजाब की सीमाओं से सटे होने के कारण हिमाचल में नशीले पदार्थों की तस्करी का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। जांच एजंसियों के तमाम दावों के बावजूद नशे के इस तंत्र पर रोक नहीं लग पा रही है। अब प्रदेश सरकार ने गंभीरता दिखाते हुए सरकारी नौकरी के लिए युवाओं का 'एंटी चिट्टा टेस्ट' अनिवार्य कर दिया है। साथ ही मेडिकल और इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों की भी हर वर्ष ऐसी ही जांच कराई जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि सरकार के इस कदम से युवाओं को नशे से दूर रखने में कुछ हद तक मदद मिल सकती है। हिमाचल सरकार ने एक जून से शिक्षा संस्थानों में चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला भी किया है। मगर यह तभी सार्थक होगा, जब अभिभावकों को भी इससे जोड़ा जाएगा। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेती और घरेलू कार्यों की व्यस्तता की वजह से माता-पिता अपने बच्चों पर ज्यादा नहीं दे पाते हैं और उन्हें नशीले पदार्थों की तस्करी की भी कम ही जानकारी होती है। ऐसे में किशोरों और युवाओं के साथ-साथ अभिभावकों को भी जागरूक करने की जरूरत है, ताकि वे अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रख सकें और उन्हें नशे के दलदल में उतरने से रोक सकें। इसके अलावा राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ अभियान से जुड़ने वाले अधिकारियों की वार्षिक रपट में भी इस कार्य का उल्लेख करने की बात कही है। यह वास्तव में एक व्यावहारिक पहल है। इसमें दोराय नहीं कि राज्य सरकार सतही उपायों के बजाय धरातल पर काम करने का प्रयास कर रही है, लेकिन उसे राज्य में शिक्षित युवाओं को रोजगार देने की दिशा में भी व्यापक स्तर पर कदम उठाने होंगे, क्योंकि नशे का सेवन करने वालों में छात्रों और बेरोजगार युवाओं की तादाद अधिक है।

## दैनिक विनय उजाला — सुविचार

दिन बुरा हो सकता है समय नहीं,
अच्छे दिन और अच्छे समय का इंतजार कीजिये।

– डॉ. विनय दीवान, भोपाल

वो इंसान ख़तरनाक नहीं जो ऊँचा बोलता है,
ख़तरनाक वो है जो कानों में बोलता है...

– राजेन्द्र मकवानी, इंदौर

जिंदगी कम वक्त का सफर है उन
लोगों के साथ जियो जो तुम्हें
मुस्कुराहट भी दे और अहमियत भी

– सोमनाथ तिवारी, माण्डव

सोच खूबसूरत हों तो,
सब कुछ अच्छा ही नज़र आता है।

– तपन जिंदल, इंदौर

ज्यादा बोझ लेकर चलने वाले अक्सर डूब जाते हैं,
फिर चाहे वह बोझ क्रोध का हो,
बदले का हो, या अभिमान का।

– अशोक परमार, आष्टा सीहोर

जिस प्रकार से पुस्तक के हर
पन्ने पर नई सीख होती हैं, उसी प्रकार से
जिंदगी भी हर मोड़ पर नई सीख देती हैं।

– हरिशंकर पाटीदार, लिम्बोदा देवास

## इतिहास के पन्नों में 14 मई... भारत ने श्रीलंका के विद्रोही संगठन लिट्टे पर लगाया प्रतिबंध

भारत और विश्व इतिहास में 14 मई का दिन कई महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए याद किया जाता है। भारत के संदर्भ में यह तारीख विशेष रूप से इसलिए अहम है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1992 में भारत सरकार ने श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम यानी लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। भारत सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत 14 मई 1992 को लिट्टे को प्रतिबंधित




संगठन घोषित किया। यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता को ध्यान में रखते हुए उठाया गया था। लिट्टे लंबे समय तक श्रीलंका में अलग तमिल राष्ट्र की मांग को लेकर हिंसक गतिविधियों में शामिल रहा था। श्रीलंका सरकार और लिट्टे के बीच संघर्ष के दौरान भारत ने शांति स्थापना के उद्देश्य से भारतीय शांति सेना (IPKF) को श्रीलंका भेजा था। हालांकि वहां हालात बेहद जटिल हो गए और भारतीय सेना को कई बार बल प्रयोग भी करना पड़ा। इस संघर्ष में बड़ी संख्या में सैनिकों की जान गई थी।

**विशेष सम-सामयिक**

वर्तमान समस्या को सही से समझने के लिए आवश्यक है कि 2024 की घटना को संक्षेप में दोहरा दिया जाये। पेपर लीक होने के आरोप सबसे पहले पटना में लगे, जहां यह बात प्रकाश में आयी कि प्रश्नों को एडवांस में जानने के लिए कुछ छात्रों ने 30 लाख रूपये व 50 लाख रूपये के बीच दिये थे।

### एक बार फिर फेल हुआ नीट

# आखिर छात्रों के साथ यह खिलवाड़ कब तक..?



दैनिक विनय उजाला

– शाहिद ए चैधरी
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)
इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 12 मई 2026 को नीट-यूजी-2026, जोकि 3 मई 2026 को आयोजित हुआ था, को रद्द कर दिया। क्योंकि उसके जांचकर्ताओं को साक्ष्य मिले थे कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा प्रश्न पत्र में जो सवाल मालूम किये गये थे, उनमें से अनेक प्रश्न वही थे, जो टेस्ट से पहले सार्वजनिक थे और छात्रों के हाथों में घूम रहे थे। भारत सरकार ने प्रश्न पत्र लीक का मामला सीबीआई को सौंप दिया है और परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जायेगी। पेपर के रद्द किये जाने से लगभग 23 लाख छात्र प्रभावित हुए हैं और 2019 में एनटीए द्वारा प्रतियोगी परीक्षा आयोजन की ज़िम्मेदारी लेने के बाद से यह पहला अवसर है, जब नीट-यूजी को पूर्णत: रद्द करना पड़ा है। जबकि 2024 में जब अंकों में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया था तो 1,563 से थोड़े अधिक छात्रों के लिए आंशिक रूप से परीक्षा पुनरू आयोजित की गई थी। नीट का रद्द किया जाना, एनटीए की संस्थागत नाकामी है, जो छात्रों के लिए त्रासदी बन जाती है। ज़ाहिर है इससे अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है।

गौरतलब है कि दो वर्ष पहले, 13 जून 2024 को, नीट परीक्षा आयोजन (5 मई 2024) के एक माह से अधिक समय गुज़रने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात पर बल दिया था कि अखिल भारतीय मेडिकल प्रवेश परीक्षा पेपर 'लीक' नहीं हुआ है। लेकिन ठीक 12 दिन बाद यानी 25 जून को सीबीआई इस केस की जांच कर रही थी; क्योंकि मामले की गंभीरता जग ज़ाहिर हो गई थी और इस पेपर लीक घोटाले की जड़ें अनेक राज्यों में फैली हुई दिखायी देने लगीं थीं, जबकि इस संदर्भ में बिहार पुलिस ने पहली एफआईआर 5 मई को ही दायर कर ली थी। लगभग 23 लाख छात्रों को प्रभावित करते हुए, इस साल जो पेपर लीक हुआ है, क्या उसे व्यवस्था में सुधार कहा जा सकता है कि लीक की पुष्टि बहुत जल्द हुई और परीक्षा रद्द किये जाने की घोषणा चंद दिनों के भीतर ही कर दी गई? फिर क्या यह भी व्यवस्था में सुधार है कि केंद्र सरकार व एनटीए को पहले की तरह इंकार नहीं करना पड़ा कि पेपर लीक नहीं हुआ है?

वर्तमान समस्या को सही से समझने के लिए आवश्यक है कि 2024 की घटना को संक्षेप में दोहरा दिया जाये। पेपर लीक होने के आरोप सबसे पहले पटना में लगे, जहां यह बात प्रकाश में आयी कि प्रश्नों को एडवांस में जानने के लिए कुछ छात्रों ने 30 लाख रूपये व 50 लाख रूपये के बीच दिये थे। फिर गोधरा में एक अध्यापक पर आरोप लगे कि उसने मोटी रकम लेकर छात्रों की ओएमआर शीट भरने में मदद की। सवाई माधोपुर, राजस्थान के एक केंद्र में 'गलत प्रश्न पत्र वितरित' किये गये। इनके अतिरिक्त 2024 के नतीजों में अनियमितताएं भी प्रकाश में आयीं थीं। अप्रत्याशित रूप से 67 छात्रों का स्कोर परफेक्ट रहा (720/720), जिसे बाद में घटाकर 17 कर दिया गया; क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने फिजिक्स के विवादित प्रश्न के अंकों को रद्द कर दिया जोकि पुरानी पाठ्पुस्तक की गलती पर आधारित था। छात्रों को 'गणितीय दृष्टि से असंभव' अंक 718 व 719 भी दिये गये थे 'क्षतिपूरक भरपाई अंक' के रूप में, विनष्ट समय के लिए, जिसे बाद में वापस ले लिया गया।

इस साल यानी 2026 का विवाद यह है कि राजस्थान में एक गेस पेपर सर्कुलेट हो रहा था, जिसमें लगभग 600 अंक मूल्य के प्रश्न वही थे, जोकि वास्तविक पेपर के 720 अंकों से मेल खाते थे। इसकी वजह से ही पेपर को रद्द करना पड़ा। जांचकर्ताओं ने लीक को जयपुर की प्रिंटिंग एजेंसी और महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, बिहार व केरलम में फैले कोचिंग नेटवर्क्स से लिंक किया है। नासिक पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है। शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई ने देश में 12 जगहों पर छापे मारे हैं। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह का दावा है कि 3 मई 2026 को जो परीक्षा हुई थी, उसके पेपर के चार कोड वर्ज़न थे, जिनमें से एक भी बाज़ार में नहीं पाया गया है और इसलिए 'कोई लीक स्थापित नहीं हुई है'। वह यह भी कहते हैं कि 'पूरा पेपर लीक नहीं हुआ है'। अजीब विरोधाभास है। 'लीक स्थापित नहीं हुई' और 'पूरा पेपर लीक नहीं हुआ', तो फिर परीक्षा रद्द क्यों की गई? इस सिलसिले में सिंह का स्पष्टीकरण और भी अजीबोगरीब है। वह 'जीरो टॉलरेंस' व 'जीरो एरर' की नीति अपनाने की दुहाई देते हुए कहते हैं कि 'अगर एक भी प्रश्न हमारे प्रश्न पत्र से मैच कर जाता है ...तो हमारी पूरी प्रक्रिया कॉम्प्रोमाइज्ड हो जाती है'।

क्या यह मुमकिन है कि वास्तविक प्रश्न पत्र और गेस पेपर में एक भी सवाल आपस में मेल न खाएं, जबकि विषय विज्ञान से संबंधित हो? नहीं। 720 अंकों में से अगर 600 अंकों के प्रश्न मेल खा जायें तो यह घोटाला व बड़ी साज़िश है और इसके अतिरिक्त कुछ नहीं। समय व एक्सेस के आधार पर लीक पेपर 25,000 से 40 लाख रूपये तक का बेचा गया। यह प्रशासनिक नाकामी है और छात्रों के प्रति असंवेदनशीलता। दरअसल, सरकार व एनटीए अपनी नाकामी को छुपाने का प्रयास कर रहे हैं, विशेषकर इसलिए कि छात्र व पैरेंट्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ध्यान रहे कि नीट को आयोजित करने में लगभग 200 करोड़ रूपये का खर्च आता है, लेकिन एनटीए छात्रों की एप्लीकेशन फी से लगभग 300 करोड़ रूपये कमाती है। ऐसा प्रतीत होता है कि एनटीए की संरचना, प्राथमिकताओं, प्रबंधन, प्रशासन व साइबरटेक-सुरक्षा में कुछ बुनियादी कमियां हैं वर्ना एक ही विषय पर साल दर साल निरंतर नाकामी का और क्या अर्थ है? गंभीर समस्याएं एक दशक तक जारी नहीं रहती हैं। एनटीए की स्थापना 2017 में हुई थी, एक केंद्रीय नोडल संस्था के रूप में कि सभी कॉलेज व प्रोफेशनल प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करे।

लेकिन इस अवधि में देखने को मिले हैं- प्रश्न पत्र लीक, नकल, फ्रॉड और हमेशा गड़बड़ाती प्रार्थियों के टेस्ट सेंटर की अल्गोरिद्म-आधारित मैपिंग, जिससे उन्हें अधिक पैसा खर्च करके बहुत दूर के केंद्र पर परीक्षा देने के लिए जाना पड़ता है। इस सबके कारण एनटीए ने कॉलेज/उच्च शिक्षा में जाने की दौड़ को महंगी व बाधाओं से भरी बना दिया है, जिसकी भारी मानसिक स्वास्थ्य कीमत चुकानी पड़ रही है स्कूल-छोड़ने वाले किशोरों व उनके माता-पिता को। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि जिन परिवारों के पास पैसा है वह निरंतरता के साथ अपने बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए समुंदर पार भेज रहे हैं। पिछले एक दशक के दौरान विदेशी शिक्षा पर भारतीयों द्वारा खर्च में ज़बरदस्त उछाल देखने को मिला है, जैसा कि नीति आयोग के नवम्बर 2025 के वर्किंग पेपर में आरबीआई के डाटा का हवाला देते हुए बताया गया है कि भारतीयों ने 2013-14 में विदेशों में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए लगभग 975 करोड़ रूपये खर्च किये थे, जो 2023-24 में 20 गुणा से भी अधिक बढ़कर 29 हज़ार करोड़ रूपये हो गये, जोकि भारत सरकार के उच्च शिक्षा बजट का तकरीबन आधा है। लेकिन 100 में से 3 भारतीय छात्र ही विदेश में शिक्षा प्राप्त करते हैं, शेष 97 प्रतिशत को तो पिछले एक दशक में 20 से अधिक परीक्षाओं में रद्द, स्थगन व पुन:परीक्षा के डंक को बर्दाश्त करना पड़ा है। केंद्र सरकार को एनटीए के ब्लू प्रिंट की समीक्षा करनी चाहिए और कोचिंग इंस्टिट्यूट के मायाजाल का भी संज्ञान लेना चाहिए ताकि छात्र इस वार्षिक त्रासदी से सुरक्षित रह सकें, साथ ही इसलिए भी कि संस्थागत नाकामी अर्थव्यवस्था पर भी बोझ है।

## 'अंजान लोग'

कितने अपने से लगते हैं
ये कुछ अंजान से लोग,
ना कोई रिश्ता, ना कोई बंधन,
फिर भी दिल को छू जाते हैं
ये कुछ अंजान से लोग।

जब भी मिलो, उत्साह भर देते हैं,
कुछ अपनी कहते हैं,
कुछ हमारी सुन लेते हैं
ये कुछ अंजान से लोग।

न कोई द्वेष, न कोई ईर्ष्या,
कुछ पल ही सही,
पर जिंदगी को खुशनुमा बना जाते हैं
ये कुछ अंजान से लोग।

अपनों जैसे बन जाते हैं,
अनजाने होकर भी
जिंदगी जीना सिखा जाते हैं
ये कुछ अंजान से लोग।

दैनिक विनय उजाला

– सुरेखा सरोदे



# टूट रहे हैं नित नये मैराथन रिकॉर्ड...!!

सारिम अन्ना

लंदन मैराथन में असंभव के आगे से 'अ' हटाकर उसे संभव कर दिया गया। जो बात कुछ वर्ष पहले तक पहुंच के बाहर प्रतीत हो रही थी, उसे अब हासिल कर लिया गया है। मैराथन के दीवानों के लिए केन्या के सबस्टियन सावे के कारनामे को देखने का मंज़र कभी न भूलने वाला पल रहा- दो घंटे की बाधा को तोड़ना, एक बार नहीं बल्कि एक ही दौड़ में दो बार। ऐसा महसूस हुआ जैसे रियल-टाइम में इतिहास को बनते हुए देखा जा रहा हो। मैं इसे युगों-युगों के लिए दौड़ कहना पसंद करूंगा। सावे ने 42.195 किमी की दूरी को 1:59:30 समय में पूरा किया और उनसे मात्र 11 सेकंड पीछे थे इथियोपिया के योनिफ केजेल्चा और वह भी दो घंटे के भीतर। इस प्रकार का प्रदर्शन एथलीट्स में विश्वास जगाता है कि उच्चतम बेंचमार्क को भी चुनौती दी जा सकती है।

हालांकि मैंने इस रेस को लाइव नहीं देखा था, लेकिन बाद में इसकी पूरी रिकॉर्डिंग देखी और विशेषज्ञों की मदद से इसकी बारीक समीक्षा की। इस तथ्य पर भी चर्चा की कि इस क़िस्म के प्रदर्शन किस तरह से दौड़ के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं और वह भी ऐसे दौर में जब मानवों को ह्यूमनोइड रोबो से कड़ी चुनौती मिल रही है। गौरतलब है कि ह्यूमनोइड रोबो ने हाल ही में हाफ मैराथन 50 मिनट 26 सेकंड में पूरी करके मानव रिकॉर्ड को लगभग 7 मिनट से पराजित किया (देखें बॉक्स)। इस पृष्ठभूमि में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि मानव धावक सोचें कि अपनी टाइमिंग को अतिरिक्त बेहतर करने के लिए वह क्या कुछ करें। सीमाएं तो होती ही हैं तोड़ने के लिए और इंसान इस संदर्भ में निरंतर कोशिश में लगा हुआ है; क्योंकि उसे खुद से भी बेहतर करना है और मशीन को भी न सिर्फ अपने पर हावी होने देना है बल्कि उसे पराजित भी करना है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि सितम्बर 2003 के बाद से मैराथन के 10 विश्व रिकॉर्ड तोड़े जा चुके हैं। वर्ष 2003 में मैराथन विश्व रिकॉर्ड के लिए औसत स्पीड प्रति किमी के लिए 2 मिनट 58 सेकंड थी, जबकि 26 अप्रैल 2026 को लंदन में विश्व रिकॉर्ड के लिए यह 2 मिनट 50 सेकंड प्रति किमी थी।

जहां तक भारत की बात है तो अप्रैल 2026 के शुरू में सावन बरवाल ने रोटरडैम में 2:11:58 का समय निकालकर 48 वर्ष पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। सावन के लिए इस रिकॉर्ड का बहुत अधिक महत्व है, लेकिन जो कुछ लंदन में हुआ वह उन्हें अतिरिक्त प्रेरित करता है। लंदन में सबसे अधिक नुमायां थी दौड़ की योजना, सावे ने दौड़ का दूसरा चरण पहले चरण की तुलना में अधिक तेज़ी से पूरा किया। ध्यान रहे कि अब मैराथन 10-10-10 मेथड से दौड़ी जा रही हैं यानी पूरी दूरी को तीन हिस्सों में विभाजित कर दिया जाता है और हर हिस्से में औसत स्पीड अलग रखी जाती है। एक अन्य फैक्टर जो लंदन मैराथन में देखने को मिला वह है 'सुपर शूज' में ज़बरदस्त विकास। इन नेक्स्ट-जनरेशन के अल्ट्रालाइट शूज में ऊर्जा को वापस लाने वाले फोम के साथ कार्बन प्लेट्स होती हैं, जिससे प्रदर्शन में वृद्धि होती है। कहने का अर्थ यह है कि टेक्नोलॉजी ने मानव प्रयास में सहयोग किया है बल्कि मानव कोशिशों को थोड़ा आसान किया है। सावन एएसआईसीएस मेटा स्पीड शूज इस्तेमाल करते हैं, जिससे उन्हें अपनी टाइमिंग कम करने में मदद मिली है। सावे एडीज़ेरो एडीऑस प्रो एवो 3 शूज़ इस्तेमाल करते हैं और उनकी जीत से यह जूते कल्ट स्टेटस इख्तियार कर चुके हैं और एडिडास के शेयर में 2 प्रतिशत का इज़ाफा हुआ है। वैसे इस संदर्भ में ग्राउंडवर्क नाइक ने किया। हालांकि उसका ब्रेकिंग 2 प्रोजेक्ट 2017 मोंज़ा में दो घंटे की सीमा को तोड़ न सका था, लेकिन उसकी वजह से कार्बन-फाइबर शूज के विकास का आंदोलन आरंभ हुआ। 2019 में केन्या के ई-किप्चोगे ने आईएनईओएस 1:59 चैलेंज में 1:59:40.2 का समय निकाला था, लेकिन मुकाबले के अभाव में उसे मान्यता नहीं दी गई।

# हरड़ का पेड़... किसानों के लिए स्थिर आय का स्रोत है



दैनिक विनय उजाला

– वीना गौतम
(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)
इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर

भारतीय खेती में सबसे बड़ी चुनौती है, एक निश्चित और स्थिर आय। कभी मौसम मार देता है, कभी बाजार किसानों के खिलाफ चला जाता है। ऐसे समय में उन्हें एक ऐसी आय की जरूरत होती है, जो भले कम हो, लेकिन स्थिर और नियमित हो। हरड़ का पेड़ इसी कमी को पूरा करता है। यह किसानों के लिए धीमी लेकिन स्थिर आय का स्त्रोत है। यह हरड़ का पेड़ एक ऐसा पेड़ है, जो न सिर्फ आय देता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी सुधार और स्वास्थ्य उद्योग आदि सबमें अपनी तरह का सकारात्मक योगदान देता है। यदि किसान हरड़ या हरितकी का पेड़ लगाते हैं, तो यह सही मायनों में उनकी आर्थिक सुरक्षा का प्राथमिक बीमा साबित होता है। बस इसके लिए धैर्य और शुरुआती मेहनत की जरूरत होती है।

हरड़ के पेड़ का वैज्ञानिक नाम 'टर्मिनलिया चेबुला' है। यह एक मझोले आकार का करीब 15 से 30 मीटर तक की ऊंचाई वाला पर्णपाती पेड़ है, जिसकी अगर सही तरीके से देखरेख की जाए, तो यह 70 से 100 साल तक जीवित रहता है। आयुर्वेद में इस पेड़ का विशेष स्थान है, इसीलिए इसे औषधियों का खजाना भी कहा गया है। आयुर्वेद के सबसे महत्वपूर्ण औषधीय योग में से एक त्रिफला का यह मुख्य घटक है। यही कारण है कि हरड़ की मांग केवल खेती तक सीमित नहीं बल्कि स्वास्थ्य और हर्बल उद्योग में भी इसकी जबर्दस्त मांग है। भारत में हरड़ का पेड़ लगभग हर जगह प्राकृतिक रूप से मिलता है, लेकिन विशेषकर यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड़, महाराष्ट्र कर्नाटक, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्व के राज्यों में पाया जाता है। यह जंगलों में स्वत: उग जाता है, लेकिन देश के अनेक इलाकों में अब इसकी व्यावसायिक खेती भी होने लगी है।



जहां तक हरड़ के पेड़ के लिए अनुकूल जलवायु और मिट्टी का सवाल है तो यह उष्णकटिबंधीय जलवायु के लिए अनुकूल है, जहां 20 से 35 डिग्री तक तापमान हो। लेकिन वर्षा के मामले में यह 800 मि.लीटर से 1500 मि.लीटर वार्षिक बारिश होने वाले क्षेत्रों में आसानी से उगता और विकसित होता है। जहां तक मिट्टी का सवाल है तो यह दोमट या हल्की पथरीली मिट्टी के लिए ज्यादा उपयुक्त है, जिसका पीएच 5.5 से 7.5 तक हो। इसकी एक खासियत यह भी है कि यह पेड़ सूखा सहन कर लेता है, इसलिए कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी यह आसानी से उग आता है। जहां तक इसके फल और उसमें लगने वाले फूलों का सवाल है तो इसके फूल, छोटे, पीले और सफेद होते हैं। इसमें लगने वाला फल अंडाकार होता है और जब कच्चा होता है तो हरा, लेकिन पकने पर पीला या हल्का भूरा हो जाता है। हरड़ के पेड़ में फल आने में 5 से 7 साल लग जाते हैं और जब एक बार यह अच्छे से फलना शुरु कर देता है, तो एक मझोले किस्म के पेड़ में औसतन 25 से 50 किलो तक फल हर वर्ष लगते हैं। हरड़ का औषधीय महत्व बहुत है, क्योंकि इसके फल में जो तत्व विशेष रूप से पाये जाते हैं। उनमें टेनिन, गैलिक एसिड, एंटीऑक्सीडेंट आदि होते हैं और इसके फल का मुख्यत: उपयोग कब्ज व गैस संबंधी औषधियों को बनाने में, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में, त्वचा रोगों से मुक्ति पाने में और आजकल के सबसे ज्यादा संक्रामक डायबिटीज और हृदय जैसे बीमारियों में इसका उपयोग खूब होता है। आयुर्वेद और यूनानी के साथ-साथ आधुनिक हर्बल उद्योग में भी इसकी अच्छी खासी मांग है। किसानों के लिए यह विशेष रूप से इसलिए आर्थिक महत्व का पेड़ है, क्योंकि यह उन्हें स्थिर आय प्रदान करता है। जबकि इसके लगाने में कम लागत और देखरेख की भी कम जरूरत पड़ती है। हरड़ का पेड़ उन गिने चुने पेड़ों में से जिन्हें सिंचाई और खाद की कम जरूरत पड़ती है, जबकि इसके फलों की मांग आयुर्वेदिक कंपनियों जैसे पतंजलि, डाबर आदि में हमेशा बनी रहती है। जहां तक हरड़ के पेड़ से कमाई का अनुमान है, तो गुणवत्ता के अनुसार एक मझोले दर्जे का हरड़ का पेड़ हर साल 25 से 50 किलो हरड़ का उत्पादन करता है और बाजार में हरड़ की कीमत इसकी क्वालिटी के मुताबिक 60 से 120 रुपये प्रति किलो तक होती है। इस तरह अगर 100 हरड़ के पेड़ लगा लिए जाएं तो बहुत आसानी से साल में ढाई से पांच लाख रुपये तक की कमाई हो सकती है। जहां तक इसकी कमाई के तरीकों का सवाल है तो हरड़ से कई तरह से आर्थिक लाभ मिलते हैं, सीधे मंडी या हर्बल कंपनियों को इसका कच्चा फल बेंचकर या फिर इसके फल को सुखाकर कच्चे से तीन से चार गुना कीमत पर बेंचकर अथवा एक प्रोसेसिंग यूनिट लगाकर इसका चूर्ण, त्रिफला और विभिन्न तरह के आयुर्वेदिक दवाएं बनाकर सूखे फल के मुकाबले भी 300 फीसदी से ज्यादा का लाभ कमाया जा सकता है। सवाल है कि इसे कैसे उगाएं, तो इसे एग्रोफॉरेस्ट्री मॉडल के तहत उगाया जाता है यानी खेत की मेढ़ या खाली पड़ी जमीन में इसके पेड़ उगाये या लगाये जाते हैं। हरड़ की खेती मिश्रित तरीके से की जाए तो ज्यादा लाभ वाली होती है। मिश्रित का मतलब है हरड़आंवलाब्रहेड़ा यानी त्रिफला मॉडल। जहां कम पानी की सुविधा हो और गेहूं या धान पैदा करना मुश्किल हो, वहां हरड़ की खेती बड़ी आसानी से होती है। लेकिन हरड़ की खेती के पहले यह भी जान लें कि कई दूसरी खेती की तरह इसकी भी कुछ बुनियादी चुनौतिया हैं। जैसे हरड़ का पेड़ लगाये जाने के कम से कम 5 से 7 सालों के बाद फल देना शुरु करता है। अत: हरड़ के पेड़ या तो खाली पड़ी जमीन या खेत की मेढ़ों पर लगाएं, इस पर तुरंत फसल देने का दबाव न हो। इस पेड़ को लगाने की अन्य बड़ी चुनौतियों में से एक यह भी है कि इसको लगाने के बाद किसानों को शुरुआती सालों में धैर्य दिखाने की जरूरत होती है। क्योंकि यह दीर्घकालिक आय देने वाला पेड़ है, यह जल्दी अमीर बनने का साधन नहीं। अगर आपके पास एक हेक्टेयर जमीन है, जहां आप हरड़ की खेती कर सकते हैं, तो बेहतर होगा कि आप मिश्रित खेती करें यानी 100 पेड़ हरड़ के, 150 पेड़ आंवले के और 100 पेड़ बहेड़ा के लगाएं, ये कुल 350 पेड़ अगर सही से देखरेख की जाए, तो 5 से 7 साल बाद नियमित 10 से 15 लाख रुपये की आमदनी दे सकते हैं। लेकिन पहले 5 से 7 सालों तक यानी जब तक पौधे पूरी तरह बड़े और विकसित नहीं हो जाते, हर साल 1.5 से 1.75 लाख रुपये की सालाना लागत आती है।

विधानसभा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह

# भवानीपुर से विधायक रहेंगे सीएम शुभेंदु, नंदीग्राम सीट छोड़ी

कोलकाता, एजेंसी

**पश्चिम बंगाल की राजनीति में बुधवार को ऐतिहासिक और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण घटनाक्रम देखने को मिला, जब राज्य विधानसभा में भव्य शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कई नवनिर्वाचित विधायकों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।**

इस दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और विधायकों को औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया गया। प्रोटेम स्पीकर तापस राय की मौजूदगी में सभी विधायकों ने शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर भवानीपुर और नंदीग्राम विधानसभा सीट से विजयी हुए भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक एवं पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने भी शपथ ली।

## 2021 से 2026 तक का राजनीतिक घटनाक्रम

2021 के विधानसभा चुनाव में नंदीग्राम सीट पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला था, जहां तत्कालीन विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पराजित किया था। बाद में भवानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी ने जीत हासिल कर विधानसभा में वापसी की थी। 2026 के चुनाव में एक बार फिर नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों सीटें राजनीतिक रूप से केंद्र में रहीं, जहां शुभेंदु अधिकारी ने दोनों विधानसभा क्षेत्रों से जीत दर्ज की।

## भवानीपुर से विधायक बने, नंदीग्राम सीट छोड़ने का निर्णय

शपथ ग्रहण के बाद यह स्पष्ट हुआ कि शुभेंदु अधिकारी ने भवानीपुर विधानसभा सीट से विधायक बने रहने का निर्णय लिया है, जबकि नंदीग्राम सीट को उन्होंने छोड़ने का फैसला किया है। इस निर्णय के साथ ही राज्य की राजनीति में नए समीकरण बनने शुरू हो गए हैं।



## सीएम बनकर पहुंचे अधिकारी ने विधानसभा में प्रवेश से पहले सदन को किया दंडवत प्रणाम

पश्चिम बंगाल विधानसभा सत्र के पहले दिन शुभेंदु अधिकारी ने सदन परिसर में प्रवेश से पहले घुटनों के बल बैठकर सिर झुकाया। लोकतंत्र के मंदिर के सामने नतमस्तक होने का उनका यह वीडियो अब वायरल हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा के सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सदन में प्रवेश से पहले सीढ़ियों पर सिर झुकाकर नमन किया। यह शुभेंदु सरकार का विधानसभा में पहला दिन था। अधिकारी अपने मंत्रियों के साथ विधानसभा के अंदर प्रवेश किया। इस घटना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 के उस क्षण की याद दिला दी। तब प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा में प्रवेश करने से पहले सीढ़ियों पर मत्था टेका था। मुख्यमंत्री अधिकारी ने कहा लोगों के आशीर्वाद से और पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमने विधानसभा में प्रवेश किया है। राष्ट्र के नाम पीएम मोदी की अपील पर उन्होंने कहा यह एक बहुत अच्छा फैसला है। मैंने भी डीजीपी को निर्देश दिया है कि मेरे लिए कम से कम गाड़ियों का काफिला रखा जाए।

## संक्षिप्त समाचार


### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने साइकिल से कार्यालय पहुंचने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश में ईंधन संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद मोदी द्वारा देश वासियों को दिए गए संदेश को आगे बढ़ाते हुए, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी ने पेट्रोल



एवं डीज़ल के सीमित करने का निर्णय लिया है। इस पहल के अंतर्गत उन्होंने गुरुवार से साइकिल से भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय अपने कार्यालय पहुंचने का संकल्प लिया है। इस कदम का उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति प्रेरित करना तथा पर्यावरण हितैषी जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। जमाल सिद्दीकी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ईंधन की बचत केवल आर्थिक विषय नहीं है, बल्कि यह देश की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने देशवासियों से अपील की, कि वे भी दैनिक जीवन में संभव होने पर साइकिल, पैदल चलने या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें और ऊर्जा संरक्षण में योगदान दें।

### विरोध के बाद तमिलनाडु सरकार ने ज्योतिषी रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल की नियुक्ति रद्द की




**चेन्नई, (हि.स.)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय के राजनीतिक सलाहकार के रूप में राज्य सरकार द्वारा विशेष अधिकारी नियुक्त किए गए रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल के भारी विरोध के बाद उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई है। मुख्यमंत्री विजय के निजी ज्योतिषी माने जाने वाले रिकी रतन पंडित वेत्रिवेल को हाल ही में तमिलगा वेत्रि कड़गम (टीवीके) ने पार्टी प्रवक्ता के रूप में नियुक्त किया था। इसके बाद विजय के मुख्यमंत्री पद संभालने के पश्चात तमिलनाडु सरकार ने उन्हें मुख्यमंत्री के राजनीतिक प्रभाग में विशेष अधिकारी के रूप में नियुक्त किया। इस नियुक्ति का टीवीके सरकार को समर्थन देने वाली कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और विदुथलाई चिरुथैगल काची सहित कई दलों ने कड़ा विरोध किया। आज विधानसभा में हुए विश्वास मत प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भी डीएमडीके, वीसीके, कम्युनिस्ट दलों, मानवतावादी जनता पार्टी और मानवतावादी लोकतांत्रिक पार्टी समेत कई दलों ने सरकारी पद पर ज्योतिषी की नियुक्ति का विरोध जताया। डीएमडीके विधायक प्रेमलता विजयकांत ने तीखी आपत्ति दर्ज कराते हुए मुख्यमंत्री विजय से सीधे सवाल करते हुए उनसे पूछा कि उनके ज्योतिषी को सरकारी पद क्यों दिया गया। इसी बीच तमिलनाडु सरकार ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में रिकी रतन पंडित की नियुक्ति वापस ली जा रही है। उधर, रिकी रतन पंडित की नियुक्ति के खिलाफ तिरुवल्लूर जिले के कीलानूर की अधिवक्ता आर. रति ने मुख्यमंत्री विजय और तमिलनाडु सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को कानूनी नोटिस भेजा है।

### ईंधन बचत के लिए हिमाचल के राज्यपाल ने काफिला आधा किया, हेलिकॉप्टर इस्तेमाल बंद

**शिमला, (हि.स.)।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और बढ़ती वैश्विक ईंधन चुनौतियों के बीच हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने ईंधन बचत को लेकर कई बड़े फैसलों का ऐलान किया है। राज्यपाल ने अपने सरकारी काफिले में शामिल वाहनों



की संख्या आधी करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट खत्म होने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की कीमतों में स्थिरता आने तक वह सरकारी हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल नहीं करेंगे। राज्यपाल ने बुधवार को लोक भवन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत और आत्मनिर्भरता की अपील को ध्यान में रखते हुए लोक भवन में ईंधन संरक्षण को लेकर विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोक भवन को 'फ्यूल कंजर्वेशन जोन' घोषित करते हुए कहा कि अब हर रविवार को यहां किसी भी सरकारी वाहन में पेट्रोल या डीजल का इस्तेमाल नहीं होगा। रविवार के दिन अधिकतर सरकारी काम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या सीमित संयुक्त यात्रा व्यवस्था के जरिए किए जाएंगे।

65 प्रतिशत मतदाताओं को विजय पसंद नहीं

# टीवीके पर उदयनिधि का हमला, बोले- ये जनादेश नहीं जोड़तोड़ से बनी सरकार

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु विधानसभा में हुए फ्लोर टेस्ट के दौरान विपक्ष के नेता और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन ने टीवीके सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली सरकार को राज्य के अधिकांश मतदाताओं का समर्थन हासिल नहीं है और यह सरकार एआईएडीएमके के एक धड़े के समर्थन से सत्ता में बनी हुई है, जिसे टीवीके पहले भ्रष्ट बताती रही है।**

फ्लोर टेस्ट के दौरान बोलते हुए उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में करीब 4.93 करोड़ लोगों ने मतदान किया था, लेकिन टीवीके को केवल 1.72 करोड़ वोट मिले। उन्होंने दावा किया कि लगभग 65 प्रतिशत मतदाताओं ने विजय के नेतृत्व वाली पार्टी को खारिज कर दिया।

### एएमएमके के विधायक का समर्थन लेने को लेकर भी हमला बोला

उन्होंने टीवीके पर एआईएडीएमके गठबंधन के सहयोगी दल एएमएमके के विधायक का समर्थन लेने को लेकर भी हमला बोला। उधयनिधि ने कहा कि जिस दल को टीवीके पहले अपना वैचारिक दुश्मन बताती थी, अब उसी गठबंधन के विधायक के सहारे सरकार चला रही है। उन्होंने एएमएमके प्रमुख टीटीवी धिनकरन के उस बयान का भी जिक्र किया जिसमें



उन्होंने टीवीके पर सत्ता में आने से पहले ही हॉर्स ट्रेडिंग करने का आरोप लगाया था। उदयनिधि ने एआईएडीएमके में अंदरूनी टूट का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव के दौरान टीवीके ने आईएडीएमके को भ्रष्ट करार दिया था, लेकिन अब उसी दल के नेताओं से करीबी बढ़ाई जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही आपकी साफ-सुथरी सरकार की पहचान है?

### टीवीके को वोट देने वाले पछता रहे

डीएमके नेता ने कहा कि इन घटनाओं को देखकर टीवीके को वोट देने वाले लोग भी अब अपने फैसले पर पछता रहे हैं। इसी के विरोध में डीएमके विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया और विश्वास मत में

### जनकल्याण योजनाओं को जारी रखने की अपील की

हालांकि, उधयनिधि ने टीवीके सरकार से डीएमके शासनकाल में शुरू की गई जनकल्याण योजनाओं को जारी रखने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि मगलिर उरिमई थोगई थिट्टम के तहत एक करोड़ से ज्यादा महिलाएं अगले महीने मिलने वाली 1,000 रुपये की सहायता राशि का इंतजार कर रही हैं। इसके अलावा उन्होंने सरकारी स्कूलों में शुरू की गई ब्रेकफास्ट योजना और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना को भी जारी रखने की मांग की। उदयनिधि ने टीवीके के चुनावी वादों का जिक्र करते हुए कहा कि नई सरकार को सत्ता संभालते ही कम से कम कुछ कल्याणकारी योजनाओं पर हस्ताक्षर करने चाहिए थे। उन्होंने याद दिलाया कि 2021 में डीएमके सरकार बनने के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना लागू करने वाली फाइल पर पहला हस्ताक्षर किया था।

शपथ ग्रहण के बाद बोले सीएम हिमंत बिस्व सरमा

# असम की सुरक्षा-विकास के लिए हम प्रतिबद्ध

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य की सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए गए हर वादे को पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपने पहले आधिकारिक कार्यक्रम में सरमा ने अपने चार कैबिनेट सहयोगियों के साथ असम के पहले मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के स्मारक का दौरा किया। वहां उन्होंने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सरमा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सरकार ने औपचारिक कामकाज शुरू करने से पहले भारत रत्न गोपीनाथ बोरदोलोई का आशीर्वाद लिया है ताकि असम की प्रगति के लिए निरंतर काम किया जा सके। उन्होंने याद दिलाया कि बोरदोलोई ने आजादी से पहले और बाद में असम और असमिया लोगों की रक्षा के लिए कठिन परिश्रम किया था। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि



असम को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का उनका सपना जरूर पूरा होगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक बुधवार दोपहर को होगी, जिससे कामकाज की औपचारिक शुरुआत होगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 16वीं असम विधानसभा का पहला सत्र 21 मई से तीन दिनों के लिए आयोजित होने की संभावना है। इस सत्र के दौरान नवनिर्वाचित विधायक पद की शपथ लेंगे। मंत्रिमंडल के विस्तार के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया विधानसभा सत्र खत्म होने के बाद की जाएगी।

# पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के साथ की बैठक



नई दिल्ली, (हि.स.)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। मान ने चौहान के साथ पंजाब के किसानों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण और कृषि के स्थायी भविष्य को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। चौहान ने स्पष्ट किया कि सरकार पंजाब के साथ मिलकर ऐसी ठोस रणनीति पर काम करेगी, जिससे किसानों को लाभ हो, खेती टिकाऊ बने, पानी और मिट्टी बचे तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए पंजाब की समृद्ध कृषि विरासत सुरक्षित रह सके। चौहान ने बैठक के बाद कहा कि पंजाब केवल एक राज्य नहीं, बल्कि देश की खाद्य सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। पंजाब की महान जनता को नमन करते हुए कहा कि देश पर आने वाले हर संकट को सबसे पहले अपने सीने पर झेलने वाला यदि कोई राज्य रहा है तो वह पंजाब है और इसी कारण पंजाब देश के गर्व और गौरव का प्रतीक है। चौहान ने कहा कि बैठक में कई मुद्दों पर सकारात्मक, सार्थक और समाधानमुखी चर्चा हुई, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण विषय क्रॉप डायवर्सिफिकेशन रहा। पंजाब की धरती इतनी उपजाऊ और उर्वर है कि यहां धान के विकल्प के रूप में अनेक फसलें सफलतापूर्वक उगाई जा सकती हैं।

विजय के समर्थन में क्यों आए सीवे षणमुगम ने खोला राज

# अन्नाद्रमुक और टीवीके दोनों का एक ही वैचारिक एजेंडा है

चेन्नई, एजेंसी

**तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार ने बुधवार को 144 विधायकों के समर्थन के साथ बहुमत साबित कर दिया।**

विजय के समर्थन में अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) के लगभग 25 विधायकों भी पार्टी से विद्रोह कर वोटिंग में शामिल हुए थे। इन बागी नेताओं के नेतृत्व कर रहे सीवे षणमुगम ने बुधवार को बताया कि इन विधायकों ने टीवीके सरकार का समर्थन क्यों किया? उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी और सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली टीवीके का वैचारिक एजेंडा एक जैसा है, जिसमें वे द्रमुक (डीएमके) को बुराई की ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसी समानता के चलते विपक्षी पार्टी के विधायकों के एक वर्ग ने विश्वास मत के दौरान सरकार का समर्थन किया।

षणमुगम ने कहा, 'उनका



(पलानीस्वामी) दावा पूरी तरह से झूठा है और इसमें कोई सच्चाई नहीं है। हमने सरकार का समर्थन इसलिए किया, क्योंकि अन्नाद्रमुक और टीवीके दोनों का एक ही वैचारिक एजेंडा है; द्रमुक का विरोध करना।' उन्होंने कहा, 'अन्नाद्रमुक पार्टी की स्थापना दिवंगत एमजी रामचंद्रन ने केवल द्रमुक को उखाड़ फेंकने के लिए की थी।'

पलानीस्वामी द्वारा यह कहे जाने पर कि अन्नाद्रमुक ने पहले ही विधायक दल के नेता, उप नेता और व्हिप का चुनाव कर लिया है। षणमुगम ने कहा, 'उनका चुनाव करने से पहले, पार्टी को एक बैठक बुलानी चाहिए थी और सभी 47 विधायकों की मंजूरी लेनी चाहिए थी।' उन्होंने सवाल उठाया, 'क्या वह (पलानीस्वामी) बैठक के प्रस्ताव की एक प्रति दिखा सकते हैं? क्या वह इस बारे में जानकारी दे सकते हैं कि विधायक दल की बैठक कब और किस समय आयोजित की गई थी?'

उन्होंने आगे आरोप लगाया, दो वरिष्ठ द्रमुक मंत्रियों ने फोन पर उनसे (पलानीस्वामी) संपर्क किया। समर्थन देने के लिए बधाई दी और उन्हें मंत्री पद का आश्वासन दिया। मैं पूरी तरह से आश्चर्यचकित था और इस प्रस्ताव को स्वीकार करने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। मेरा परिवार भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

### पुदुचेरी रिसॉर्ट में पहुंचाए गए थे एआईएडीएमके विधायक

षणमुगम ने दावा किया कि पिछले हफ्ते जब टीवीके सरकार बनाने की कोशिश कर रही थी, तब पलानीस्वामी पुदुचेरी के उस रिसॉर्ट में आए थे जहां अन्नाद्रमुक के विधायक रुके हुए थे। उन्होंने सभी विधायकों के अलग-अलग हस्ताक्षर लिए थे। उन्होंने आगे कहा, 'पलानीस्वामी ने कहा था कि उन्होंने पहले ही उच्च स्तर पर बात कर ली है और द्रमुक हमारी पार्टी को बाहर से समर्थन देगा। वह मुख्यमंत्री बनेंगे। हमारी पार्टी को कई मंत्री पद मिलेंगे।

विजय विधानसभा में भी सुपरस्टार

# टीवीके की 144 वोट के साथ बहुमत की सरकार, इंटरवल में भागी डीएमके

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु में हाल ही में हुए चुनावों में मिली जीत के बाद विजय फ्लोर टेस्ट में भी पास हो गए हैं। मुख्यमंत्री विजय ने बुधवार को तमिलनाडु विधानसभा में विश्वास मत के लिए प्रस्ताव पेश किया था, जिसमें टीवीके की गठबंधन वाली सरकार को 144 विधायकों का समर्थन मिल गया है। गौरतलब है कि 234 सदस्यीय विधानसभा में विजय की सरकार को फ्लोर टेस्ट में पास होने के लिए 118 के आंकड़े की जरूरत थी। फ्लोर टेस्ट के दौरान सदन में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला जहां डीएमके ने वोटिंग से इनकार करते हुए विधानसभा से वॉकआउट



कर दिया।

फ्लोर टेस्ट में विजय की सरकार को कांग्रेस, सीपीआई, सीपीआई (एम), वीसीके और आईयूएलएल ने सरकार को समर्थन दिया है। वहीं बीजेपी और अनबुमणि रामदोस के नेतृत्व वाली पीएमके ने वोटिंग से दूरी बनाई। हालांकि असली खेल तब हुआ एआईएडीएमके के बागी गुट ने विजय के समर्थन में वोटिंग का ऐलान कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक एसपी वेलुमणि के नेतृत्व वाले इस गुट को पार्टी के 47 में से करीब 30 विधायकों का समर्थन है और इनमें से कम से कम 25 विधायकों ने मुख्यमंत्री विजय के पक्ष में वोट किया।

**विजय ने पास की परीक्षा :** बता दें कि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियों से मिले समर्थन के बाद विजय के पास पहले से ही 120 विधायकों का समर्थन था। हालांकि मद्रास हाईकोर्ट ने मंगलवार को टीवीके के एक विधायक के सदन में जाने पर रोक लगा दी थी। इसके बाद विजय की सरकार के बहुमत प्रस्ताव में पास होने को लेकर संशय की स्थिति बनी थी। हालांकि विजय ने अब इस परीक्षा को भी पास कर लिया है। हालिया चुनावों में विजय की टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी और पार्टी ने 234 में से 107 सीटें अपने नाम की थी।

### हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों पर बोले विजय

इससे पहले तमिलनाडु विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। सदन में उदयनिधि स्टालिन और विजय के बीच तीखी बहस हुई। वहीं विजय ने विपक्षी पार्टियों द्वारा हॉर्स ट्रेडिंग के आरोपों को सिरे खारिज कर दिया और कहा कि उनकी सरकार हॉर्स ट्रेडिंग नहीं कर रही बल्कि घोड़े के रफ्तार से चल रही है। उदयनिधि स्टालिन ने टीवीके पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जिन लोगों ने उनसे विजय को वोट दिया है वो भी अब पछता रहे हैं। स्टालिन ने कहा, 'जिन लोगों ने आपको वोट दिया, अब उन्हें भी लगने लगा है कि उन्होंने बड़ी भूल कर दी है। डीएमके इस विश्वास मत का हिस्सा नहीं बनेगी।'

### खुलकर सामने आ गई एआईएडीएमके की दरार

फ्लोर टेस्ट के दौरान एआईएडीएमके की दरार भी खुलकर सामने आ गई। वेलुमणि के नेतृत्व वाले एआईएडीएमके के गुट ने विजय की पार्टी टीवीके को समर्थन दिया। इस दौरान वेलुमणि ने कहा है कि वे किसी मंत्री पद या लालच के लिए नहीं, बल्कि सरकार की स्थिरता के लिए समर्थन दे रहे हैं। वहीं इस बगावत से नाराज एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने मुख्यमंत्री विजय पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'खबरें हैं कि सरकार ने हमारे कुछ नेताओं को मंत्री पद का लालच दिया है। आप सुशासन' की बात करते हैं, तो फिर इस तरह की जोड़-तोड़ क्यों?' पलानीस्वामी ने गुट के सभी विधायकों के टीवीके के खिलाफ वोटिंग करने का ऐलान भी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएसई निराकरण को लेकर बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

**खरगोन, निप्र।** निर्वाचन आयोग भोपाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देशन में खरगोन विधानसभा के समस्त बीएलओ के लिए डीएसई निराकरण के लिए बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में विवेकानन्द सभागृह में किया गया । इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, खरगोन विधानसभा वीरेंद्र कटारे द्वारा खरगोन विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ की बैठक लेकर डीएसई प्रकरणों के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि लंबित सभी डीएसई का आगामी दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जिला मास्टर ट्रेनर अमित शर्मा द्वारा बीएलओ को डीएसई निराकरण की प्रक्रिया, सावधानियों एवं तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करना एवं निर्वाचन कार्य को पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध बनाना रहा। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ ने निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।

### शासकीय सेवकों को बड़ी राहत, डीपीएफ बैलेंस अब कोषालय स्तर पर होगा अपडेट

**खरगोन, निप्र।** जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती हेमलता शर्मा ने बताया कि आयुक्त कोष एवं लेखा, आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल द्वारा शासकीय सेवकों के हित में एक महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अंतर्गत जिन शासकीय सेवकों के डीपीएफ (डिपॉजिट प्रॉविडेंट फंड) बैलेंस में अंतर है, उनके बैलेंस को अब सीधे कोषालय स्तर पर 30 जून तक अपडेट किया जा सकेगा। इस नई व्यवस्था से शासकीय सेवकों को लंबी प्रक्रियाओं एवं उच्च कार्यालयों के चक्कर से राहत मिलेगी तथा डीपीएफ से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण स्थानीय स्तर पर संभव होगा। इस संबंध में कलेक्टर भव्या मित्तल द्वारा जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं, ताकि पात्र शासकीय सेवकों के डीपीएफ अपडेशन का कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की है कि वे शासकीय सेवकों को इस सुविधा का लाभ दिलाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करें और निर्धारित अवधि में सभी प्रकरणों का समाधान सुनिश्चित करें।

### जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई : कलेक्टर




**बड़वानी, निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह ने बुधवार कलेक्ट्रेट सभागृह में आयोजित समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया कि जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले की जल संरचनाओं के पुनरुद्धार में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि जहाँ भी कार्य की प्रगति धीमी है या ढिलाई पाई गई है, वहाँ तत्काल प्रभाव से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस अभियान की सफलता के लिए राजस्व विभाग की टीमों के साथ मिलकर समन्वय से कार्य किया जाए, ताकि कार्यों में अपेक्षित गति आ सके। इसी बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री तथा मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. गौतम टेटवाल के 15 और 16 मई को होने वाले प्रस्तावित दो दिवसीय दौरे की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री निवाली जनपद के विभिन्न ग्रामों में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होकर विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे और शासन के विभिन्न जन-कल्याणकारी अभियानों में सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। सभी दौरे से पूर्व सभी आवश्यक प्रबंध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## जिला महिला, नवजात शिशु चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

### स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** कलेक्टर जयति सिंह ने बुधवार जिला महिला एवं नवजात शिशु चिकित्सालय बड़वानी का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का भ्रमण किया और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया।

कलेक्टर ने दवा वितरण केंद्र और सुमन हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली का बारीकी से अवलोकन किया तथा एएनसी क्लिनिक में पंजीयन एवं पीआईएच प्रबंधन की स्थिति के सम्बन्ध में उपस्थित स्टाफ से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिये। चिकित्सालय में स्वच्छता और सुविधा पर जोर देते हुए श्रीमती सिंह ने पीएनसी वार्ड में साफ-सफाई के मानक बनाए रखने और मरीजों के परिजनों के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पोस्ट ऑपरेटिव यूनिट, मदर न्यू बॉर्न केयर यूनिट के साथ-साथ इन-बॉर्न एवं आउट-बॉर्न यूनिट्स का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और स्टाफ को स्पष्ट किया कि मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

शिशु स्वास्थ्य के प्रति गंभीर रुख अपनाते हुए कलेक्टर ने अस्पताल में भर्ती बच्चों की मृत्यु के कारणों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऑइडेबल केसेस यानि जिन मामलों में मृत्यु को रोका जा सकता था, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने चिकित्सा स्टाफ की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए बेहतर ट्रेनिंग सत्र आयोजित करने और सभी मृत्यु प्रकरणों की एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, सिविल सर्जन, प्रभारी सीएमएचओ, समस्त स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

## राज्यसभा सांसद ने किया निरीक्षण

# लापरवाही ना करें, कमियां होने पर होगी कार्रवाई : सोलंकी

### 24 करोड़ की लागत से बन रहा 4 मंजिला भवन, एक छत के नीचे 18 सौ विद्यार्थी ले सकेंगे शिक्षा

विनय उजाला

**बड़वानी/सिलावद, निप्र।** जिले के सिलावद में 24 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे सांदीपनि स्कूल (सीएम राइज) के भवन का राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन के प्रत्येक हिस्से का बारिकी से अवलोकन कर कमियां मिलने पर निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों को सुधार करने के निर्देश दिए।

4 मंजिला इस भवन के बन जाने के बाद केजी-1 से लेकर 12 वीं कक्षा तक के करीब 1800 विद्यार्थी एक छत के नीचे शिक्षा ले सकेंगे। पिछले करीब डेढ़ साल से इस भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। वर्तमान में लगभग 70 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। वहीं अगले 6 माह में इसके पूर्ण रुप से बनकर तैयार होने की संभावना है।

भवन का निरीक्षण करने पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने निर्माणाधीन भवन के कमरों, क्लास रूम, लैब सहित अन्य कक्षों को देखा और संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। निर्माण एजेंसी के पदाधिकारियों ने बताया कि विद्यालय में 60 से अधिक कमरे और 36 से अधिक आधुनिक क्लास रूम बनाए जा रहे हैं। केजी-1 से 12 वीं कक्षा तक अलग-अलग सेक्शन में कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। एक कक्ष में करीब 50 विद्यार्थी एक साथ बैठकर शिक्षा ले सकेंगे। निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय यादव, पूर्व जपं उपाध्यक्ष महेश भावसार, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष हीरा यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनीष गुप्ता, दिलीप भावसार, संजीव राठौड़, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पीयूष राठौड़, संस्था प्राचार्य कैलाश भालसे सहित अन्य मौजूद थे।





### स्टेज छोटा होने पर जताई नाराजगी, खड़े रहकर कराई नाप-तौल

स्कूल भवन का निरीक्षण करने पहुंचे राज्यसभा सांसद डॉ. सोलंकी ने सबसे पहले भवन के परिसर में बनाए गए स्टेज का अवलोकन किया, जो कि छोटा बनाया गया था, इस पर उन्होंने निर्माण एजेंसी के जिम्मेदारों और विभाग के इंजीनियर से सवाल-जवाब कर स्टेज की नाप-तौल कराई। उन्होंने स्टेज छोटा बनाए जाने पर असंतोष जताया और इसकी लंबाई-चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाकर व्यवस्थित ढंग से स्टेज बनाने के निर्देश दिए। राज्यसभा सांसद ने कहा कि स्टेज पर होने वाले आयोजन व्यवस्थित तरीके से हो सके, इस तरह का निर्माण कार्य किया जाए। राज्यसभा सांसद डॉ. सोलंकी ने अपने गृहक्षेत्र सिलावद में बन रहे सांदीपनि स्कूल के भवन के निर्माण में किसी भी तरह की लापरवाही ना करने की हिदायत निर्माण एजेंसी और विभाग के अधिकारियों को दी। उन्होंने निर्माण एजेंसी और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि भवन निर्माण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई छोटी-छोटी कमियों को भी तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से जुड़ी इस परियोजना में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। सांसद ने कहा कि विद्यालय तैयार होने के बाद सिलावद क्षेत्र के बच्चों को अत्याधुनिक सर्वसुविधायुक्त भवन में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

### बन रहा निजी स्कूलों से बेहतर सुविधाओं वाला भवन

राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी ने बताया कि यह विद्यालय निजी स्कूलों से भी बेहतर सुविधाओं के साथ विकसित किया जा रहा है। यहां स्मार्ट क्लास, बेहतर बैठने की व्यवस्था, सुरक्षित परिसर, आधुनिक प्रयोगशालाएं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी कई बच्चे दूरदराज गांवों से पैदल स्कूल आने को मजबूर है, लेकिन विद्यालय भवन तैयार होने के बाद बस सेवा शुरू की जाएगी। बसें गांव-गांव जाकर बच्चों को स्कूल लेकर आएगी और स्कूल की छुट्टी होने के बाद सुरक्षित वापस घर तक छोड़ेगी।

## सांसद सोलंकी बिहार-सिक्किम के सरकारी कार्यालयों का करेंगे निरीक्षण

**बड़वानी, निप्र। भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिंदी के संवर्धन एवं शासकीय कार्यों में उसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गठित संसदीय राजभाषा समिति की द्वितीय उप समिति का अध्ययन दौरा 14 मई 2026 से 19 मई 2026 तक बिहार एवं सिक्किम राज्यों में आयोजित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अध्ययन दौरे में राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी समिति के सदस्य के रूप में सहभागिता करेंगे।**

यह अध्ययन दौरा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के उस संकल्प को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिसमें उन्होंने भारतीय भाषाओं, विशेषकर हिंदी को प्रशासन, तकनीक, शिक्षा एवं जनसंचार के क्षेत्र में सशक्त बनाने पर निरंतर बल दिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में हिंदी के उपयोग, प्रगति एवं व्यवहारिक क्रियान्वयन की समीक्षा इस दौरे का प्रमुख उद्देश्य रहेगा।

दौरे के दौरान समिति द्वारा बिहार एवं सिक्किम के विभिन्न केंद्रीय एवं सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों तथा महत्वपूर्ण संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। इनमें भारतीय खाद्य निगम, भारत संचार निगम लिमिटेड, आकाशवाणी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, भारतीय मानक ब्यूरो, डाक विभाग, रेलवे संस्थान, ऊर्जा परियोजनाएं, नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो, सी-डैक, एनटीपीसी, एनएचपीसी, नीपको सहित अनेक सरकारी कार्यालय प्रमुख रूप से शामिल हैं। राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने कहा कि हिंदी केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा और जनसंपर्क का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में भारतीय भाषाओं को गौरव प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। संसदीय राजभाषा समिति का यह अध्ययन दौरा शासकीय कार्यों में हिंदी के अधिकतम उपयोग, तकनीकी संस्थानों में भारतीय भाषाओं के विस्तार तथा आमजन तक प्रशासनिक संवाद को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि समिति विभिन्न सरकारी कार्यालयों में हिंदी के उपयोग की वास्तविक स्थिति का अध्ययन करेगी तथा जहां आवश्यक होगा वहां सुधारात्मक सुझाव भी प्रदान करेगी, ताकि राजभाषा नीति का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। यह दौरा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को भी मजबूत करेगा।

उल्लेखनीय है कि अध्ययन दौरे के अंतर्गत समिति 14 मई से 16 मई तक बिहार की राजधानी पटना में विभिन्न सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण करेगी। इसके पश्चात 17 मई को बागडोगरा होते हुए गंगटोक पहुंचेगी तथा 18 एवं 19 मई को सिक्किम एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र के विभिन्न सरकारी संस्थानों एवं कार्यालयों का अध्ययन करेगी। क्षेत्रवासियों एवं हिंदी प्रेमियों ने सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी की इस महत्वपूर्ण सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र एवं हिंदी भाषा के लिए गौरव का विषय बताया है।

## 'रक्षा सखी' के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** पुलिस अधीक्षक बड़वानी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग एवं महिला सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु चलाए जा रहे 'रक्षा सखी' के अंतर्गत दिनांक 13.05.2026 को महिला थाना बड़वानी पुलिस द्वारा नवलपुरा बड़वानी में महिलाओं एवं बालिकाओ के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओ को घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिला सम्बन्धी अपराध, सायबर अपराध, शासन द्वारा संचालित महिलाओं एवं बालिकाओ से संबंधित विभिन्न योजनाओं, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनी प्रावधानों एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के संबंध में महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुनीता मुजाल्दा एवं उपनिरीक्षक रचना तोमर द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओ को आत्मरक्षा, जागरूकता एवं महिला हेल्प लाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, डायल 112 एवं साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 एवं पुलिस सहायता के प्रति प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिला थाना प्रभारी निरी सुनीता मुजाल्दा, उनि रचना तोमर , मप्रआर 352 आशा डुडवे व सहित महिलाएं एवं बालिकाए उपस्थित रहीं। महिला थाना पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित एवं सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

## हत्या के प्रयास के दो आरोपी बड़वानी पुलिस की गिरफ्त में

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। बड़वानी पुलिस ने हत्या के प्रयास के दो आरोपी कृष्णा उर्फ किशु पिता कन्हैयालाल बडोले, उम्र 19 वर्ष, निवासी चुनाभट्टी एवं इरशाद मंसूरी पिता मोहम्मद हुसैन मंसूरी, उम्र 22 वर्ष, निवासी चुनाभट्टी बड़वानी को गिरफ्तार किया है। उनसे घटना में प्रयुक्त 01 चाकू भी बरामद किया है।**

12 मई की देर रात 12.00 बजे करीब फरियादी सुजल पिता अशोक वर्मा, निवासी चुनाभट्टी बड़वानी ने थाने आकर बताया की रात्री करीबन 10.30 बजे मै बस स्टेण्ड बडवानी से शराब पीकर अपने घर चुनाभट्टी जाकर मेरे घर के सामने ओटले पर बैठा था, रात करीबन 11.30 बजे मेरा पडोसी कृष्णा उर्फ किशू आया तो मैने उसको बोला सिगरेट लेकर आजा अपन दोनो साथ मै बैठकर सिगरेट पियेंगे तो कृष्णा ने सिगरेट लाने से मना कर दिया और गालियां देने लगा। मैने गालिया देने से मना किया तो कृष्णा दौडकर उसके घर गया और घर से चाकू लेकर आया और इरशाद पिता मोहम्मद हुसैन मंसुरी को साथ लाया।



इरशाद ने अचानक मुझे पीछे से पकड़ लिया और कृष्णा ने उसके हाथ में लिया चाकू मेरी गर्दन पर दाहिने तरफ कान के पास जान से मारने की नियत से मार दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर हत्या के प्रयास का अपराध पंजीयन कर अविलंब दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपी कृष्णा से घटना में प्रयुक्त चाकू ज़ब्त कर दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पेश कर केंद्रीय जेल बड़वानी दाखिल किया गया।

### 77 जब्त मोटर साइकिलें नीलाम

**खरगोन, निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) खरगोन एवं नायब तहसीलदार के निर्देशन में खरगोन कोतवाली थाना खरगोन द्वारा जप्त कुल 77 मोटर साइकिलों की नीलामी कर कुल 5,57,000 रुपये (पाँच लाख सत्तावन हजार रुपये) राजस्व राशि प्राप्त की गई ।

## सोलर पम्प की समस्याओं का शिविर में होगा समाधान

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** प्रधानमंत्री किसान मित्र सूर्य योजना 'कुसुम'बी' के अंतर्गत किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पम्प स्थापना में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 15 मई 2026 को प्रातः 11:00 बजे पुराना कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागृह में आयोजित होगा। शिविर के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे तथा योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों की विभिन्न समस्याओं जैसे आवेदन, दस्तावेज, तकनीकी प्रक्रिया एवं अन्य व्यवहारिक कठिनाइयों आदि का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। इससे किसानों को सोलर पम्प स्थापना की प्रक्रिया में शीघ्रता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जिला प्रशासन द्वारा चयनित सभी हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि वे आवश्यक दस्तावेज एवं अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शिविर का लाभ लें, ताकि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ किसानों को समय पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## बड़वानी कलेक्टर का ग्रामीणों ने जताया आभार

# पीएचई विभाग ने तीन वर्ष से बंद ट्यूबवेल की मोटर बदली

विनय उजाला

**पानसेमल (बड़वानी)।** जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकराली बुजुर्ग के भिलाटी फलिया में ग्रामीणों की पेयजल समस्या का निराकरण प्रशासन द्वारा करवाया गया। फलिया के करीब 40 परिवारों को पेयजल की आपूर्ति नहीं होने से ग्रामीणों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में आवेदन सौंपा था और नल जल योजना के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने की मांग की थी। फलिया में एक ट्यूबवेल है, जिसकी मोटर बंद होने से फलिया में पेयजल की आपूर्ति करीब 3 से 4 वर्षों से नहीं हो रही थी।

ग्रामीणों द्वारा मौखिक रूप से ट्यूबवेल में सुधार करने की मांग की जिसके बाद श्रीमती जयतिसिंह के निर्देशन में पीएचई विभाग के उपयंत्री संदीप मंगरोलिया, ब्लॉक कार्डिनेटर क्रांति देसले द्वारा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर आवश्यक प्रक्रिया के बाद फलिया में ट्यूबवेल में मोटर डालकर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की।



ग्रामीणों ने समस्या के त्वरित निराकरण हेतु कलेक्टर जयति सिंह एवं पीएचई के वरिष्ठ अधिकारियों का धन्यवाद किया है। ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनाई पानी की टंकी एवं पाइप लाइन के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। कार्य के पूर्ण होने से ग्राम के अन्य फलियों में भी पेयजल आपूर्ति परिवारों में होगी। इस दौरान बबलू रावत, शिवा मोरे, संजय सोनोने, सीताराम जादव, वसन ठाकरे, अनिल ठाकरे, गाबा इस्लाम, उदया बुदिया, राजू भोसले, रासु ठाकरे, करण सेनानी, बिहारी सेनानी, आकाश जाधव, विनोद सोनोने, अतुल अलावें एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाई स्कूल-हासे की द्वितीय परीक्षा में बदलाव

**भोपाल, निप्र।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा वर्ष 2026 के परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन किया गया है। यह संशोधन कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी यूजी -2026) की परीक्षाओं के दृष्टिगत किया गया है। परीक्षा सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी। जारी आदेश के अनुसार पूर्व निर्धारित परीक्षा तिथियों में परिवर्तन किया गया है। 14 मई 2026 को आयोजित होने वाली कृषि, गृह विज्ञान एवं अकाउंटेंसी विषयों की परीक्षाएं अब 19 मई को होंगी। 21 मई को होने वाली गणित एवं मनोविज्ञान की परीक्षाएं अब 26 मई 2026 आयोजित की जाएंगी।

### आई.डी.बी.आई. बैंक पर्यावरण, वन्यप्राणी संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध




**भोपाल, निप्र।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में वन्यप्राणी अंगीकरण योजना 01 जनवरी 2009 को प्रारंभ की गई थी। इस योजना अंतर्गत आई.डी.बी.आई. बैंक भोपाल ने पर्यावरण तथा वन्यप्राणियों के संरक्षण के प्रति प्रेम की ओर अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। बैंक द्वारा मांसाहारी एवं शाकाहारी वन्यप्राणियों को भोजन प्रदाय के लिये 2 बोलेरो कैम्पर वाहन प्रदाय किये गये एवं एक नर बाघ 'बाजीराव' को एक वर्ष के लिये गोद लिया। आई.डी.बी.आई बैंक से महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल महेश चन्द्र कारी, उप महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल राजेश अग्रवाल, सहायक महाप्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल अचल जैन, सहायक महाप्रबंधक आंचलिक कार्यालय भोपाल ब्लेसियन डेनियल, प्रबंधक, आंचलिक कार्यालय भोपाल आदित्य अग्रवाल द्वारा सीएसआर अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के संचालक विजय कुमार को 2 बोलेरो कैम्पर वाहन की चाबी प्रदाय की गई एवं नर बाघ 'बाजीराव को एक वर्ष के लिये अंगीकरण लिया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक वन विहार डॉ. रूही हक एवं इकाई प्रभारी पर्यटन के.एन शर्मा भी उपस्थित रहे। संचालक वन विहार द्वारा आईडीबीआई बैंक के अधिकारियों को अंगीकरण सम्बधी प्रमाण-पत्र प्रदाय किया। इस योजना में अब तक 107 वन्यप्राणियों को गोद लिया जा चुका है।

### तीन अधिकारी निलंबित, सीएम हेल्पलाइन में उदासीनता पर होगी दंडात्मक कार्रवाई : भोंडवे

**भोपाल, निप्र।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा कि आमजन को समय पर मूलभूत सुविधाएं और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन (181) की शिकायतों के निराकरण और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त भोंडवे ने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर 3 मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबित अधिकारियों में नगर परिषद विजयपुर के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा शामिल हैं, जिनके द्वारा स्वच्छ जल अभियान के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने के साथ ही सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज दूषित पेयजल की शिकायतों का एल-4 स्तर तक पहुँचने के बाद भी समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित नहीं किया गया। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत संविदाकार को निर्धारित समयावधि में स्वीकृति पत्र (लेटर ऑफ एक्सेप्टेंस) जारी न करने तथा योजना के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब कारित करने के फलस्वरूप नगर परिषद भाण्डेर (जिला दतिया) के हनुमंत भदौरिया को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। नगर परिषद बडौनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी यशवंत राठौर को भी दंडित किया गया है। उनके द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के लक्ष्यों की प्राप्ति में अपेक्षित प्रगति नहीं दर्शाई गई। इसके अतिरिक्त, सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने तथा 13 मई 2026 को आयोजित विभागीय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बिना किसी पूर्व सूचना एवं सक्षम अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण उनके विरुद्ध यह निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।

### सौर ऊर्जा के क्षेत्र में प्रदेश में पहली बार हुई ई-रिवर्स ऑक्शन : मंत्री शुक्ला

**भोपाल, निप्र।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि बुधवार 13 मई को प्रदेश में पहली बार सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ई-रिवर्स ऑक्शन हुई है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड (आरयूएमएसएल) द्वारा राज्य के विभिन्न सोलर पार्कों की आंतरिक विद्युत निकासी प्रणाली (उपकेन्द्र एवं उनसे संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों) के संचालन एवं संधारण कार्य के लिये प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक ई-रिवर्स ऑक्शन हुई। मंत्री शुक्ला ने बताया कि ऑक्शन में प्रारंभिक न्यूनतम दर (वर्तमान प्रक्रिया) की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम दर प्राप्त हुई है। यह कार्य आरयूएमएसएल द्वारा विकसित सोलर पार्कों के 33/220 केवी पूलिंग सब-स्टेशनों, संबद्ध 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों, सुरक्षा व्यवस्था, रख-रखाव तथा संपूर्ण आंतरिक विद्युत निकासी अवसंरचना के संचालन एवं संधारण से संबंधित है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 1930 एमवीए क्षमता के पूलिंग सब-स्टेशनों तथा लगभग 171 किलोमीटर लंबी 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का संचालन एवं रख-रखाव किया जाएगा। तकनीकी मूल्यांकन के बाद वित्तीय बोली में प्राप्त प्रारंभिक न्यूनतम दर (बेस्ट कोट/एल-1 रेट) रुपये 1,34,93,280.97 थी। इसके आधार पर ई-रिवर्स ऑक्शन हुई, जो लगभग 3 घंटे तक चली। प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के परिणामस्वरूप अंतिम दर घटकर रुपये 88,43,280.97 प्राप्त हुई, जो प्रारंभिक एल-1 दर की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम है। अपर मुख्य सचिव नवकरणीय ऊर्जा मनु श्रीवास्तव ने बताया कि आरयूएमएसएल द्वारा रीवा, आगर, शाजापुर, नीमच एवं ओंकारेश्वर जैसी सोलर पार्क परियोजनाएँ पूर्व में विकसित की गई हैं। इन परियोजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उत्कृष्ट योजना, पारदर्शी निविदा प्रक्रिया तथा प्रतिस्पर्धात्मक दरों पर सौर ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए विशेष पहचान बनाई है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर परियोजना को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहा गया है।

### त्वरित सहायता से जहरीला पदार्थ सेवन करने वाली महिला को समय पर मिला उपचार

**भोपाल।** सिवनी जिले के थाना कुरई क्षेत्र में डायल-112 जवानों की त्वरित प्रतिक्रिया और संवेदनशील कार्यवाही से जहरीले पदार्थ का सेवन करने वाली एक महिला को समय पर अस्पताल पहुँचाकर उपचार दिलाया गया। समय पर मिली सहायता से पीड़ित महिला को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। सूचना मिली थी कि थाना कुरई क्षेत्र अंतर्गत मोहगाँव तीतरी में एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव राज्य मंत्री जायसवाल के पुत्र के विवाह समारोह में हुए शामिल**

# अभिशंख एवं स्तुति जायसवाल के परिणय अवसर पर दिया शुभाशीष

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल के सुपुत्र अभिशंख जायसवाल एवं पुत्रवधू स्तुति जायसवाल के पावन वैवाहिक बंधन मांगलिक अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगल आशीष प्रदान किया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से नवदंपति के सुखमय, समृद्ध एवं आनंदपूर्ण दाम्पत्य जीवन की कामना करते हुए कहा कि यह नवीन जीवन यात्रा प्रेम, विश्वास, सम्मान और अटूट साथ के पवित्र सूत्र से सदैव सुसज्जित रहे। उनके जीवन में सुख, शांति, वैभव, उत्तम स्वास्थ्य और उन्नति का प्रकाश निरंतर बना रहे तथा परिवार का आंगन सदैव खुशियों, सौभाग्य और मधुर संबंधों की सुगंध से महकता रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिजुरी में आयोजित वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए और नवविवाहित दंपति को अपने स्नेहिल आशीर्वचनों से अभिसिंचित कर उज्ज्वल एवं मंगलमय भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने राज्यमंत्री जायसवाल एवं उनके परिवारजन से आत्मीय



भेंट कर इस सुखद अवसर की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं अतिथियों से भी मुख्यमंत्री ने आत्मीय चर्चा की।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके, शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार, विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह, विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी, विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह, कलेक्टर हर्षल पंचोली, उपाध्यक्ष जिला पंचायत अनूपपुर पार्वती राठौर, जिला पंचायत सदस्य भारती केवट नर्मदा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दूरदर्शी विजन : 80 से अधिक देशों में दिखेगी प्रदेश की विरासत**

# स्पेनिश टीवी सीरीज़ 'रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड' में दिखेगी मध्यप्रदेश की संस्कृति

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश के ग्रामीण पर्यटन और समृद्ध सांस्कृतिक वैभव को अब वैश्विक मंच पर एक नई और विशिष्ट पहचान मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी विजन और नेतृत्व में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।**

इसके परिणामस्वरूप प्रदेश तेजी से एक 'ग्लोबल फिल्मिंग हब' के रूप में स्थापित हो रहा है। इसी कड़ी में स्पेन के प्रतिष्ठित प्रोडक्शन हाउस 'कलर्स कम्युनिकेशन ग्रुप' द्वारा निर्मित अंतर्राष्ट्रीय टेलीविजन सीरीज़ 'रूरल टूरिज्म ऑफ द वर्ल्ड' की शूटिंग प्रदेश के विभिन्न पर्यटन अंचलों में हुई। इस गौरवशाली पहल से मध्यप्रदेश की अनूठी जीवन शैली और पर्यटन स्थलों का प्रदर्शन दुनिया के 80 से अधिक देशों में किया जाएगा, जिससे राज्य की पर्यटन संभावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उड़ान मिलेगी। अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत छिंदवाड़ा जिले की नैसर्गिक सुंदरता और यहां की जीवंत जनजातीय संस्कृति ने स्पेनिश फिल्म क्रू को गहराई से प्रभावित किया है। टीम ने जिले के सावरवानी, धूसावानी, चिमटीपुर और तामिया क्षेत्र में प्रवास कर ग्रामीण जीवन, स्थानीय परंपराओं और पातालकोट की विशिष्ट जीवन शैली को कैमरे में कैद किया। विशेष रूप से पातालकोट में संपन्न जनजातीय विवाह की पारंपरिक रस्मों और प्राकृतिक सौंदर्य का फिल्मांकन किया गया है। स्पेनिश डायरेक्टर जुआन फ्रूटोस ने धूसावानी होमस्टे में मिले आत्मीय आतिथ्य की सराहना करते हुए कहा कि यदि कोई वास्तविक भारत की जड़ों को जानना चाहता है, तो उसे मध्यप्रदेश के इन गांवों का अनुभव अवश्य लेना चाहिए।



#### स्पेन में हुए एमओयू के मिल रहे सुखद परिणाम

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि इसी वर्ष जनवरी-2026 में स्पेन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मेले 'FITUR मैड्रिड 2026' के दौरान हुए रणनीतिक समझौतों और एमओयू (MoU) का सुखद परिणाम है। पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. और अपर प्रबंध संचालक अभय अरविंद बेडेकर के मार्गदर्शन में प्रदेश को एक 'फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन' के रूप में वैश्विक पटल पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। इस सीरीज़ में न केवल ग्रामीण संस्कृति, बल्कि सांची स्तूप, भीमबेटका की गुफाएं, सतपुड़ा नेशनल पार्क और उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग जैसी ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक धरोहरों को भी शामिल किया गया है, जो प्रदेश के बहुआयामी पर्यटन वैभव को दुनिया के सामने प्रदर्शित करेंगी।

#### मध्यप्रदेश बनेगा ग्लोबल फिल्मिंग हब

इस वैश्विक पहल से न केवल मध्यप्रदेश की अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग सुदृढ़ होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, होमस्टे और हस्तशिल्प जैसी गतिविधियों को भी भारी प्रोत्साहन मिलेगा। कलेक्टर छिंदवाड़ा हरेंद्र नारायन एवं जिला प्रशासन के समन्वय से संपन्न हुई यह शूटिंग राज्य को विश्व सिनेमा के मानचित्र पर एक जीवंत और सांस्कृतिक कैनवास के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। आने वाले समय में ऐसे अंतर्राष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स से मध्यप्रदेश का पर्यटन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगा। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा शूटिंग के लिए आवश्यक अनुमति, लॉजिस्टिक सहयोग, सुरक्षा व्यवस्था और ऑन-ग्राउंड समन्वय उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पहल राज्य को 'फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बीते कुछ वर्षों में मध्यप्रदेश ने फिल्म पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। बॉलीवुड फिल्मों, वेब सीरीज़ और अंतर्राष्ट्रीय डॉक्यूमेंट्री प्रोजेक्ट्स के लिए प्रदेश लगातार पसंदीदा लोकेशन बन रहा है। इससे न केवल राज्य की वैश्विक ब्रांडिंग मजबूत हो रही है, बल्कि स्थानीय रोजगार, ग्रामीण पर्यटन और सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिल रहा है। मध्यप्रदेश आज केवल 'टाइगर स्टेट' नहीं, बल्कि विश्व सिनेमा के लिए प्रकृति, संस्कृति, अध्यात्म और अनुभवों से भरा एक जीवंत कैनवास बन चुका है।

---

## 50 मेगावॉट सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण परियोजना से सतना का होगा विकास : राज्यमंत्री बागरी



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला से मुलाकात कर सतना जिले को 50 मेगावाट सौर ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण परियोजना की स्वीकृति मिलने पर आभार व्यक्त किया।**

यह परियोजना राज्य सरकार के व्यापक ऊर्जा लक्ष्य का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (4 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित), 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना (6 घंटे ऊर्जा भंडारण सहित) तथा 200 मेगावाट 24 घंटे उपलब्धता वाली सौर ऊर्जा

**नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री से भेंट कर जताया आभार**

परियोजना शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सतना के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी। इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे, उद्योगों एवं निवेश को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय विकास एवं आधारभूत सुविधाओं में सुधार आएगा। ऊर्जा भंडारण तकनीक के माध्यम से अधिक स्थिर एवं प्रभावी बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे ऊर्जा क्षेत्र को नई मजबूती मिलेगी।

---

## राज्यमंत्री गौर ने निर्माण कार्यों में लापरवाही पर जताई नाराजगी



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण तथा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने मंत्रालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में टेंडर प्रक्रिया और निर्माण कार्यों में हो रही लेटलतीफी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है।**

राज्यमंत्री गौर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में छात्रावासों में मेस संचालन और किचन निर्माण की धीमी गति पर नाराजगी जताते हुए राज्यमंत्री गौर ने कहा कि निर्माण एजेंसी, ठेकेदारों और विभाग के समन्वय की कमी के चलते योजनाओं में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 31 मई तक किचन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुए, तो संबंधित अधिकारियों पर सीधे तौर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अहम योजनाओं को गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 'शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026' की शुरुआत 15 मई से की जाएगी। इसके तहत 4000 युवाओं को सेना, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य सैन्य बलों में भर्ती के लिए निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाएगा।

---

### क्यूआर कोड से दें स्वच्छता सर्वेक्षण का फीडबैक : भोंडवे

भोपाल, निप्र। नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत आयोजित होने वाले विश्व के सबसे बड़े स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में मध्यप्रदेश अपनी संकल्पबद्धता और जन-सहयोग के अनूठे संगम के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रदेश के कुल 406 नगरीय निकायों में स्वच्छता के प्रति जो उत्साह और चेतना जाग्रत हुई है, उसका प्रत्यक्ष प्रमाण नागरिकों द्वारा अब तक दर्ज कराए गए 19 लाख से अधिक फीडबैक हैं। यह संख्या न केवल नागरिकों की अपनी शहर की स्वच्छता के प्रति सजगता को दर्शाती है, बल्कि यह प्रदेश की उस सामूहिकता का भी परिचायक है, जो मध्यप्रदेश को स्वच्छता के शिखर पर बनाए रखने के लिए तत्पर है। विभाग द्वारा इस विशाल जन-समर्थन को एक सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, जो आगामी रैंकिंग में प्रदेश के शहरों की स्थिति को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नागरिकों से अनुरोध है कि वे उपरोक्त दिये गये क्यूआर कोड को स्केन कर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अपना फीडबैक दर्ज करे।

---

## न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों ने साझा की शहद प्रसंस्करण, विपणन की आधुनिक तकनीकें



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ की उत्पादन इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केंद्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में आयोजित 'वनधन संवाद' कार्यशाला में न्यूजीलैंड से आए विशेषज्ञों ने शहद संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की आधुनिक तकनीकों पर विस्तृत जानकारी साझा की।**

कार्यशाला का उद्देश्य वन समितियों और वनधन केंद्रों को

**वनधन संवाद कार्यशाला में मध्यप्रदेश के वनधन केंद्रों के प्रतिनिधियों को दिया प्रशिक्षण**

शहद संग्रहण, ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन, गुणवत्ता नियंत्रण, पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की उन्नत तकनीकों से जोड़ना तथा मध्यप्रदेश के शहद को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाना है। कार्यशाला में न्यूजीलैंड के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य ईशान जयवर्धने, बायरन पीटर टेलर एवं सुश्री प्रियम अरोरा ने सहभागिता करते हुए वनधन विकास केंद्रों के प्रतिनिधियों को शहद उत्पादन की उत्कृष्ट पद्धतियों, गुणवत्ता नियंत्रण तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रसंस्करण तकनीकों से अवगत कराया। विशेषज्ञों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए और बताया कि वैज्ञानिक तरीकों एवं आधुनिक प्रबंधन से शहद उत्पादन को अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जा सकता है।

---

**युवाओं को मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण और रोजगार**

# जीएसपी से ट्राइडेंट में 12 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट गर्व की बात : टेटवाल

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि प्रदेश में कौशल विकास गतिविधियों को अधिक प्रभावी, परिणाममुखी और उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।**

युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के साथ बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराना राज्य शासन की प्राथमिकता है। विभाग के वरिष्ठ अधिकारी कौशल विकास गतिविधियों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें। मंत्री टेटवाल बुधवार को भोपाल स्थित संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक एवं



'कौशलम संवाद' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। समीक्षा बैठक में विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, निर्माण कार्यों तथा उनकी भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। मंत्री टेटवाल ने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभाग स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैं निर्माण कार्यों की प्रति माह नियमित समीक्षा करूंगा।

#### निर्माण कार्यों में विलंब स्वीकार नहीं

मंत्री टेटवाल ने निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी के लिए प्रभावी एसओपी तैयार करने तथा राज्य स्तरीय टीम द्वारा प्रत्येक माह भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एसएसआर ग्लोबल स्किल्स पार्क की प्रशिक्षणार्थी सुश्री वर्चस्वनी पाठक का चयन ट्राईडेंट ग्रुप, बुधनी में 12 लाख रूपये वार्षिक पैकेज पर हुआ है। मंत्री टेटवाल ने कहा कि यह प्लेसमेंट जीएसपी के लिये गर्व की बात है। प्रदेश की बेटियों की तकनीकी दक्षता और आत्मविश्वास का प्रेरणादायी उदाहरण है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न उपलब्धियों तथा नवाचार आधारित पहलों की जानकारी साझा की।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजसेवी कुशल शर्मा ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा से की शिष्टाचार भेंट, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**मुरैना, (विनय उजाला)।** केशव कॉलोनी मुरैना निवासी समाजसेवी कुशल शर्मा ने मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ मुरैना जिले से जुड़े समाजिक, धार्मिक एवं विकासात्मक मुद्दों पर विस्तार में चर्चा हुई। बैठक के दौरान कुशल शर्मा ने मुरैना जिले में सामाजिक सहभागिता, धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों को लेकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि मुरैना क्षेत्र में एतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों की महता को देखते हुए यहां धार्मिक पर्यटन को बढावा दिया जा सकता है। जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। चर्चा के उपरांत कुशल शर्मा ने सुरेंद्र शर्मा से मुरैना स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर के दर्शन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शनिदेव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र हैं और यहां दर्शन करने से धार्मिक पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इस पर सुरेंद्र शर्मा ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और मुरैना आने के आग्रह पर सहमति जताई। कुशल शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की मुलाकातें संगठन और समाज के बीच समन्वय को मजबूत करती है। तथा जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रभारी ढंग से आगे बढाने में सहायक होती हैं।

### महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की छात्राओं का जिला अस्पताल में प्रशिक्षण जारी, सीख रहीं हेल्थकेयर के गुर



**शाजापुर, निप्र।** महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10वीं और 12वीं की हेल्थ केयर विषय की छात्राओं के लिए इन दिनों जिला अस्पताल शाजापुर में ऑन जॉब ट्रेनिंग का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय की प्राचार्य पूनम त्रिवेदी और नोडल अधिकारी मुकेश कुमार दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राएं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण व्यावहारिक कौशल सीख रही हैं। जिला अस्पताल में व्यावसायिक प्रशिक्षक मनमोहन साल्वे द्वारा छात्राओं को प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवाओं का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान छात्राएं किताबी ज्ञान के साथ-साथ अस्पताल के वास्तविक माहौल में काम करना सीख रही हैं। ट्रेनिंग के अंतर्गत उन्हें प्रतिदिन मरीजों का ब्लड प्रेशर व शुगर टेस्ट करने, ईसीजी टेस्ट की प्रक्रिया समझने और घावों की ड्रेसिंग करने का व्यावहारिक ज्ञान दिया जा रहा है। इसके अलावा, छात्राओं को बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट (जैविक कचरा प्रबंधन) और अस्पताल व मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा के महत्वपूर्ण उपाय भी विस्तार से सिखाए जा रहे हैं। इस विशेष ऑन जॉब ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उनके विषय हेल्थ केयर में दक्ष बनाना है, ताकि कोर्स पूरा होने के बाद यह व्यावहारिक अनुभव उनके कौशल को और निखार सकें। इस प्रशिक्षण की मदद से छात्राओं को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मजबूत करियर बनाने और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में काफी मदद मिलेगी।

### लाखों की गृहस्थी जलकर खाक, हादसे के बाद पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे विधायक



**शाजापुर, निप्र।** शार्ट सर्किट से लगी आग में गृहस्थी का सामान जलकर खाक होने जाने की घटना के बाद विधायक ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार शहर के काछीवाड़ा इलाके में बसंती कुशवाह के मकान में बीते दिनों रात के समय हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई थी जिसमें गृहस्थी का सामान जलकर खत्म हो गया था। सूचना मिलने के अगले दिन मंगलवार रात विधायक अरुण भीमावद पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे। उन्होंने रोते-बिलखते परिवार को सांत्वना दी और तत्काल प्रशासनिक टीम को घटनास्थल पर तलब किया। विधायक के निर्देश पर एसडीएम और पटवारी ने मौके पर पहुंचकर जले हुए सामान का जायजा लिया, नुकसान की लिस्ट बनाई और पंचनामा तैयार किया। विधायक अरुण भीमावद ने निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द नियमानुसार सरकारी मुआवजा दिलाया जाए। इसके अलावा, उन्होंने अपनी तरफ से भी संवेदनशीलता दिखाते हुए यह वादा किया है कि आगामी दो दिनों के अंदर परिवार को घर की जरूरत का पूरा सामान उपलब्ध करा दिया जाएगा ताकि वे दोबारा अपना जीवन पटरी पर ला सकें।

### शिक्षक का व्हाट्सएप हैक, एक्सीडेंट का बहाना बनाकर रिश्तेदारों से ऐंठे 15 हजार

**शाजापुर, निप्र।** शहर के लालघाटी थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक सरकारी शिक्षक का मोबाइल हैक कर उनके परिचितों से 15 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया है। बदमाशों ने व्हाट्सएप के जरिए एक्सीडेंट और प्रधानमंत्री योजना का बहाना बनाकर रिश्तेदारों से यह रकम ऐंठी। पीड़ित ने बुधवार को थाने और साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। बकानी में पदस्थ शिक्षक ईश्वर सिंह मालवीय ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8 बजे उनका मोबाइल अचानक हैक हो गया। इसके तुरंत बाद उनके व्हाट्सएप नंबर से रिश्तेदारों और परिचितों को मैसेज भेजे जाने लगे। इन संदेशों में एक्सीडेंट होने और प्रधानमंत्री योजना की किस्त डालने जैसी झूठी बातें लिखकर पैसों की मांग की गई। ठगों ने तुरंत भुगतान के लिए मैसेज के साथ एक क्यूआर कोड भी भेजा था। शिक्षक के नंबर से आए मैसेज को सच मानकर उनके कुछ परिचितों ने 2 हजार से 5 हजार रुपये की अलग-अलग किश्तों में कुल 15 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब परिचितों ने शिक्षक को फोन किया, तब जाकर उन्हें इस धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित शिक्षक ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई है। लालघाटी थाना पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर साइबर हैकर्स की तलाश में जुट गई है।

# पार्षद, एल्डरमैनों के साथ सीएमओ ने गलियों में देखी सफाई व्यवस्था

## सफाई व्यवस्था से दिखे संतुष्ट, महाराणा प्रताप चौक पर लगे मिट्टी के ढेर को उठवाया

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 शुरू होने वाला है। जिसे लेकर जिले से लगाकर स्थानीय स्तर तक निकाय अधिकारी उसमें जुट गए हैं। नपं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रीतम सिंह राजपूत, पार्षद महेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि संदीप गुप्ता, रोकस सदस्य नरेंद्र मेहता, राधेश्याम गजेश्वर, राजेश बारोड, दिलीप सिंह सोलंकी, नीतू रेकवार सहित कई जनप्रतिनिधि स्वच्छता व निर्माण संबंधी शिकायत लेकर सीएमओ अमरदास सेनानी के पास पहुंचे।

सेनानी को जनप्रतिनियों ने कहा कि, नगर में स्वच्छता को लेकर काफी समस्या है। कई वार्डों में नालियां भरी पड़ी है। जिसके कारण मच्छर पनप रहे हैं। इस दौरान तीखी नोंक झोंक भी देखने को मिली। जनप्रतिनिधियों ने उनसे कहा कि आप हमारे साथ वार्डो का निरीक्षण करें आपको मालूम हो जाएगा। सीएमओ ने कहा कि मैं निरीक्षण कर लूंगा, अभी मुझे आवश्यक कार्य है। लेकिन नेताओं के कई आग्रह के बाद सीएमओ नप से बाहर निकलकर परिसर में आएं लेकिन यहां जनप्रतिनिधि की फिर किसी बात को लेकर वे नाराज हो गए व उन्होंने यह कह दिया कि जहां जाऊंगा आत्मसम्मान के साथ जाऊंगा। मेरा विवेक है कि मैं निरीक्षण अभी करूंगा या फिर सुबह आप मेरे साथ जबर्दस्ती नहीं कर सकते है। इस पर मेहता द्वारा उनसे आग्रह किया कि, आपको पूरे आत्मसम्मान के साथ लेकर जाएंगे। नगर की व्यवस्था दिखाने के लिए आप निश्चिंत रहिए और



कार में बैठिए। सीएमओ फिर निरीक्षण को लेकर तैयार हुए। नेताओं के साथ सीएमओ सर्वप्रथम अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। यहां कचरे की ढेर की शिकायत प्राप्त हुई थी। लेकिन सीएमओ को पहुंचने से पूर्व वहां सफाई व्यवस्था चल रही थी। हालांकि सीएमओ ने स्पष्ट कहा कि अगर अस्पताल परिसर की सफाई हमारे अधिकार क्षेत्र में आती है तो सफाई करवाई जाएगी लेकिन नहीं आती होगी तो अस्पताल प्रबंधन स्वयं की एजेंसी नियुक्त कर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। महाराणा प्रताप चौक पर निर्माण सामग्री व मिट्टी का ढेर लगा देख सीएमओ ने दरोगा मुकेश गौतम को कहा कि, इसे तत्काल हटवाया जाए। गौतम ने तत्काल जेसीबी लगाकर ढेर हटवाने का कार्य शुरू करवा दिया। पश्चात भावसार गली में एक खाली प्लाट पर कचरा देखा उन्होंने कहा कि यहां डस्टबिन लगवाने का कार्य किया जाएगा और वार्डवासियों को कहा कि खुले में कचरा न फेंकें।

**उत्कृष्ट विद्यालय के समीप नाले को ढंकने के दिए निर्देश**

धाकड़ सेरी का निरीक्षण किया गया, वहां नालियां टूटी होने से निर्माण कार्य देखने वाले गणेश नामदेव को स्टीमेट बनाने के लिए कहा गया। वार्ड 6 में नालियां साफ नहीं मिली, जिसे लेकर दरोगा ने सीएमओ को कहा कि लोगों के द्वारा नाली पर ओटले बने होने से सफाई व्यवस्था में दिक्कत आती है। इनकी सफाई नहीं की जा सकती है। दरोगा ने कहा कि कर्मचारी फावड़े नहीं घुसा सकते है। सीएमओ ने उत्कृष्ट विद्यालय के समीप नाले को ढंकने के निर्देश दिए है। सीएमओ ने कहा कि, कुछ छोटी सफाई की समस्या व निर्माण की समस्या देखने को मिली है। जल्द सुधार करवा लिया जाएगा। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर संतुष्ट हूं। पहले हमारे कर्मचारी सक्रिय हुए हैं। ऐसे ही सफाई व्यवस्था आगे भी बनाने के निर्देश दिए गए।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह-निकाह योजना**

# सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करते हैं सामूहिक विवाह : मंत्री कुशवाह

विनय उजाला

**कन्नौद/देवास, निप्र।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कुसमानिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, निकाह कार्यक्रम में 51 जनजाति कन्याओं का विवाह जनजाति परंपरा से संपन्न हुआ। 33 जोड़ों का विवाह वैदिक परंपरा से संपन्न हुआ एवं 16 मुस्लिम कन्याओं का निकाह संपन्न कराया गया। मंत्री नारायण सिंह एवं खातेगांव विधायक आशीष शर्मा ने कन्याओं को 49 हजार रूपये राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने विवाह के पवित्र बंधन में बंध रहे नवदंपतियों को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए





उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वीसी के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री कुशवाह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह योजना समाज के सभी वर्गों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान मंत्री कुशवाह ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की एवं सभी नवविवाहित जोड़ों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह कार्यक्रम में जनपद पंचायत कन्नौद अध्यक्ष सावित्री रेवाराम सारण, जिला पंचायत सदस्य संतोष काकोड़िया, जनपद पंचायत सदस्य, हुकम पटेल, मोहन पटेल, महेश परमार, श संतोष काकोड़िया, सुनील कर्मा, राजेश चौहान, पिंकी बारेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी कन्हैयालाल तिलवारी, उपसंचालक सामाजिक न्याय संगीता यादव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कन्नौद दीपक मुजाल्दे उपस्थित थे।

## बजरंग कॉलोनी में मकान विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट, पांच घायल

विनय उजाला



**शाजापुर, निप्र।** लालघाटी थाना क्षेत्र की बजरंग कॉलोनी में मकान खरीदने के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। मामले का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दोनों पक्षों के बीच विवाद और मारपीट होती दिखाई दे रही है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, बजरंग कॉलोनी निवासी रामचंद्र बैरागी ने शिकायत दर्ज कराई है कि बुधवार सुबह करीब 10.45 बजे वह घर से दुकान जा रहा था। इसी दौरान कॉलोनी के ही निवासी बिहारीलाल मालवीय ने मकान खरीदने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। रामचंद्र का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर बिहारीलाल ने गाली-गलौज की और लोहे के पाइप से उनकी पत्नी गायत्राबाई पर हमला कर दिया। इसके बाद राजकुमार और जितेंद्र मालवीय पहुंच गए और मारपीट करने लगे। विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए अन्य लोगों को भी चोटें आईं। वहीं, मामले में दूसरे पक्ष के बिहारीलाल का कहना है कि रामचंद्र खुद उसके घर के बाहर पहुंचा था और विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस पक्ष से घायल बिहारीलाल, राजकुमार और जितेंद्र को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद लालघाटी थाना पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

# हाईस्कूल के बाद सीबीएसई में भी छाए कौटिल्यन

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी योग्यता साबित करते हुए सीबीएसई कक्षा 12वीं में भी सफलता का सिलसिला जारी रखा है। परीक्षा में शामिल 51 में से 10 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। जबकि शेष विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व नगर को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। लंबे समय से कक्षा 12वी के परीक्षा परिणाम की राह देख रहे विद्यार्थियों का इंतजार बुधवार दोपहर को पूरा हुआ। जब सीबीएसई द्वारा रीजल्ट जारी किया। जैसे ही परिणाम जारी होने की जानकारी मिली किसी ने कियोस्क सेंटर तो किसी ने विद्यालय की ओर दौड़ लगाई। एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्युकेशन में भी बच्चे अपना परिणाम जानने पहुंचे, जहां परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की थी जिसमें 10 बच्चों को 90 प्रतिशत से

**शत प्रतिशत रहा विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार भी लहराया सफलता का परचम**



अधिक अंक मिले थे। जबकि 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक व शेष विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी योग्यता साबित की। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालक ब्रजेश यादव, संचालिका शशि यादव, प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया, उप प्राचार्य रामकृष्ण पाटीदार, प्रशासनिक समिति अधिकारी पंकज यादव, आर्यन यादव, कृष्णा गुप्ता, अर्पण पाटीदार, अपूर्व नागर, सुरेश मालवीय, अजय विश्वकर्मा, संगीता व्यास, नित्या अभिलाष ने हर्ष व्यक्त कर इनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

**विद्यालय परिवार ने किया स्वागत, दी शुभकामनाएं :** बुधवार को जैसे ही बच्चों का परिणाम का इंतजार समाप्त हुआ बच्चे विद्यालय पहुंचे, जिन्होंने अपनी खुषी संचालक और शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ साझा की। वहीं विद्यालय परिवार ने भी सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का पुष्पवर्षा कर व मुंह मीठा कर स्वागत किया।

**इन्होंने बढ़ाया विद्यालय का गौरव**

बुधवार को जारी कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के सुमित इटावदिया ने 91 प्रतिशत, परि जैन 90, नित्या मालवीय 89, रहमीन खान 88, आश्रुति मकवाना 86, भूमिका मेवाड़ा 85, दव्यंति पाटीदार 83, काव्यांश यादव 82 व अंजलि पाटीदार ने 81 प्रतिषत अंक प्राप्त किए हैं।

**भीषण गर्मी में जल संकट, आठ से दस दिनों में आ रहा पानी**

# कांग्रेस ने खोला मोर्चा, पीपलरांवा सीएमओ को सौंपा ज्ञापन





विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर परिषद क्षेत्र में पिछले कुछ समय से पेयजल की भीषण समस्या ने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। वार्डों में जल प्रदाय की स्थिति इतनी दयनीय हो चुकी है कि लोगों को 8 से 10 दिन में मात्र एक बार पानी नसीब हो रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोल दिया है।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाहिद मंसूरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन बैठे हैं।

**ज्ञापन में दी आंदोलन की चेतावनी:** कांग्रेस नेताओं ने नगर पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पेयजल सप्लाई को तत्काल नियमित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि: 'यदि आगामी कुछ दिनों में पानी की समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।'

निष्कर्ष अब क्षेत्र की जनता की निगाहें प्रशासन पर टिकी हैं कि क्या वादे के अनुसार दो-तीन दिन में नलों में पानी आयेगा या उन्हें फिर से खाली बर्तनों के साथ सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

**प्रमुख रूप से उपस्थित रहे**

इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रतिनिधि नौसाद भाई, छगन गुप्ता, रविन्द्र नाहर, पार्षद प्रतिनिधि बबलू हाडा, कमल पटेल, संजय त्रिवेदी, भारत सिंह सिसोदिया, शाहरुख दस्तक, आदिल मंसूरी, सोनू पठान, जुबेर कुरेशी, जुबेर पठान, मेहरुद्दीन मौलाना, जगदीश सिंदल, कालूराम मालवीय सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**अधिकारी का आश्वासन**

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया है कि आगामी 2 से 3 दिनों के भीतर जलापूर्ति की तकनीकी समस्याओं को दूर कर स्थिति सामान्य कर दी जाएगी।

**आईआईटी दिल्ली से सिग्नल प्रोसेसिंग विषय पर कर रही हैं पीएचडी**

# शाजापुर की सुरभि ने स्पेन में बढ़ाया देश का मान, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया अपना शोध

विनय उजाला

**शाजापुर, निप्र।** सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प हो, तो छोटे शहर की प्रतिभाएं भी विश्व पटल पर अपनी चमक बिखेर सकती हैं। इस बात को शाजापुर की होनहार और परिश्रमी सुरभि सोनी ने सच कर दिखाया है। अपनी मेहनत के दम पर पहले देश के सर्वोच्च शिक्षण संस्थान आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) दिल्ली में जगह बनाई और अब सात समंदर पार स्पेन में अपने शोध कार्य (रिसर्च वर्क) का डंका बजाकर न सिर्फ शाजापुर, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश और भारत का नाम रोशन किया।

**अंतर्राष्ट्रीय मंच आईकास्प 2026 में चुनी गई सुरभि**

सुरभि के उत्कृष्ट शोध कार्य को दुनिया की एक अत्यंत प्रतिष्ठित संस्था के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आईकास्प 2026 में प्रस्तुत करने के लिए चुना गया था। गत दिनों 4 मई से 10 मई 2026 के बीच यूरोप के स्पेन स्थित बार्सिलोना शहर में आयोजित सम्मेलन में दिनेश कुमार भीकू भाई



सोनी, सरिता सोनी की बेटी सुरभि ने अपने शोध को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। इस अंतर्राष्ट्रीय यात्रा और उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप) के रूप में आरएसटीए पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। सुरभि ने दुनिया भर से आए विशेषज्ञों के बीच अपने संस्थान आईआईटी दिल्ली और भारत का सफलतापूर्वक प्रतिनिधित्व किया।

**कड़े संघर्ष से हासिल किया मुकाम**

वर्तमान में सुरभि आईआईटी दिल्ली से सिग्नल प्रोसेसिंग विषय में पीएचडी (शोध उपाधि) कर रही हैं। अपने मजबूत आत्मबल और कड़े संघर्ष के बलबूते पर उन्होंने इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाया और उच्च शिक्षा प्राप्त करते हुए यह बड़ी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। बेटी के इस अविश्वसनीय कार्य पर आज उनके माता-पिता, पूरा परिवार और नगरवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

**परिजनों के आशीर्वाद को दिया सफलता का श्रेय**

अपनी इस शानदार सफलता का श्रेय सुरभि ने ईश्वर के साथ-साथ अपने दादा-दादी, माता-पिता, सभी रिश्तेदारों, पड़ोसियों और शुभचिंतकों के आशीर्वाद को दिया है। उनका कहना है कि बड़ों के मार्गदर्शन और घर-परिवार के अटूट सहयोग के कारण ही वह आज इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं।

## संक्षिप्त समाचार



### मेडिकल प्रवेश जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में भ्रष्टाचार और धांधली निंदनीय, विश्वसनीयता पर उठ रहे सवाल

**बुरहानपुर, निप्र।** नीट (NEET) परीक्षा में सामने आई अनियमितताओं और पेपर लीक के गंभीर आरोपों को लेकर आम आदमी पार्टी ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। आम आदमी पार्टी के मध्य प्रदेश प्रदेश सचिव रियाज़ फारुक खोकर ने इस पूरे मामले को देश के लाखों युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। प्रदेश सचिव रियाज़ फारुक खोकर ने जारी बयान में कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में भ्रष्टाचार और धांधली की खबरें न केवल निंदनीय हैं, बल्कि यह शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी बड़ा प्रश्नचिह्न लगाती हैं। दिन-रात मेहनत करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों का भरोसा इस व्यवस्था से उठ चुका है। आम आदमी पार्टी मांग करती है कि पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए ताकि इस घोटाले के पीछे बैठे असली मास्टरमाइंड को बेनकाब किया जा सके। पेपर लीक की घटनाओं से उन मेधावी छात्रों का हक मारा जा रहा है जो वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं। रियाज़ फारुक खोकर ने आगे कहा, 'आम आदमी पार्टी हमेशा से युवाओं और छात्रों के हक की लड़ाई लड़ती रही है। अगर सरकार ने जल्द ही इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो पार्टी प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। हम मांग करते हैं कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जी इस्तीफा दे और प्रभावित छात्रों को न्याय दिलाने के लिए परीक्षा प्रक्रिया की समीक्षा की जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

### पोलिटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में किया वार्षिकोत्सव का आयोजन



**हरसूद ( विनय उजाला )।** बुधवार को पोलिटेक्निक महाविद्यालय हरसूद में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खेलकुद गतिविधि, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरसूद एसडीएम आरसी खतेडिया, विषेष अतिथि के रूप में अधिवक्ता दीपक शर्मा, दिपक जलखरे, उद्यानिकी अधिकारी अंकुर सिरोठिया, एवं चन्द्रकांत उपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी श्री खतेडिया ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर अधिवक्ता दीपक शर्मा, दीपक जलखरे एवं अंकुर सिरसोठिया द्वारा भी संबोधित किया गया। संस्था के प्राचार्य रविन्द्रसिह सिसोदिया द्वारा विद्यार्थिओं का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्था के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियां सम्पन्न हुई। इस मौके पर संस्था का समस्त स्टाफ एवं विधार्थीगण उपस्थित रहे ।



### इंदौर की बेटी ने किया कमाल, 12वीं में हासिल किए 96 प्रतिशत अंक

**इंदौर ( विनय उजाला )।** Central Board of Secondary Education की 12वीं बोर्ड परीक्षा में St. Raphaels Higher Secondary School, इंदौर की छात्रा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर, स्कूल और परिवार का नाम रोशन किया है। छात्रा की इस शानदार सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने छात्रा को बधाई देते हुए इसे मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम बताया। परिजनों के अनुसार छात्रा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही और नियमित अध्ययन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उसकी इस सफलता से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राहुल बोस एवं परिवार, इंदौर ने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी शिक्षकों एवं शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया।

### लिमड़ी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन, निप्र।** बिस्टान पुलिस ने प्रभारी बिस्टान निरीक्षक गुलाब सिंह रावत के नेतृत्व में ग्राम बंजारीखेडा के ध्यानसिंह के मकान के सामने भैंस बांधने के बाडे से बेचने के लिए भारी मात्रा में अवैध रूप से इकट्ठा कर रखीं लिमडी शराब के साथ आरोपित ध्यानसिंह को भी पकड़ा। बिस्टान पुलिस आरोपित ध्यानसिंग पिता सीताराम वास्कले निवासी ग्राम बंजारीखेडा को गिरफ्तार कर उसके पास 10,200 रुपए मूल्य कुल 255 लीटर लिमड़ी शराब को अपनी सुपूर्दगी में लेकर बिस्टान थाने में अपराध क्रमांक 122/26 धारा 34( 2 ) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपित ध्यानसिंग को न्यायालय पेश किया गया।

## एक्सीलेंस कॉलेज के रूप में विकसित होगा हरसूद महाविद्यालय

विनय उजाला

**हरसूद, निप्र।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरसूद के विकास को लेकर राजधानी भोपाल में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई। कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा एवं प्राचार्य डॉ जयेश वैष्णव के साथ भोपाल स्थित मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं अधोसंरचनात्मक उन्नति हेतु विस्तृत चर्चा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन तथा आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग प्रबल सिपहा के साथ महाविद्यालय के विकास कार्यों की रूपरेखा साझा की गई। भवन नवीनीकरण, महाविद्यालय के पुराने भवन की तत्काल मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा की। खेल मैदान का आधुनिक विकास एवं एक सर्व सुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण, बजट आवंटन, विभाग द्वारा विभिन्न मदों में महाविद्यालय को दिए जाने वाले आवश्यक बजट पर सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान अपर मुख्य सचिव ने हरसूद महाविद्यालय की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए आश्वस्त किया कि शीघ्र ही मांग अनुसार



बजट आवंटित किया जाएगा। विशेष रूप से यह घोषणा की गई कि हरसूद विधानसभा क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से इस महाविद्यालय को एक्सीलेंस कॉलेज (उत्कृष्टता संस्थान) के रूप में विकसित किया जाएगा।

### हरसूद महाविद्यालय बनेगा प्रदेश का रोल मॉडल

कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह द्वारा प्रदत्त 4 कॉलेज बसों का कुँवर दिव्यादित्य शाह के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा के नेतृत्व में कॉलेज प्रशासन के प्रयासों से हरसूद महाविद्यालय में सफल बस संचालन को आदर्श मॉडल बनाने की तैयारी है। कैबिनेट मंत्री शाह द्वारा मुख्यमंत्री से हरसूद महाविद्यालय को बस संचालन ( परिवहन सुविधा ) के लिए एक आदर्श मॉडल मान कर प्रदेश के अन्य ग्रामीण क्षेत्र में भी कॉलेज बसों का संचालन कर परिवहन सुविधा देने का विशेष आग्रह किया गया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कॉलेज आने-जाने में कोई असुविधा न हो।

### कोतवाली थाना प्रभारी ने सराफा एसोसिएशन एवं सराफा दुकानदारों की ली बैठक

# साइबर ठगी, नकली सोना, ऑनलाइन फ्रॉड से रहें सावधान

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** अति.पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के निर्देशन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में दिनांक 12 मई को पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में थाना प्रभारी कोतवाली नीता देअरवाल द्वारा सराफा एसोसिएशन एवं सराफा व्यापारियों की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के प्रमुख सराफा व्यापारी एवं व्यापारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यापारियों की सुरक्षा, चोरी एवं ठगी की घटनाओं की रोकथाम तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। व्यापारी संघ द्वारा सुझाव दिया गया कि यदि अन्य राज्य अथवा जिले की पुलिस किसी कार्यवाही हेतु बुरहानपुर आती है, तो व्यापारी संघ को भी सूचित किया जाए, ताकि व्यापारी संघ आवश्यक सहयोग प्रदान कर सके। थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा व्यापारियों को आश्वस्त किया गया कि बुरहानपुर पुलिस व्यापारियों की सुरक्षा हेतु सदैव प्रतिबद्ध है एवं किसी भी समस्या पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई एवं सभी व्यापारियों द्वारा पुलिस के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने का आश्वासन दिया गया। बैठक में थाना प्रभारी कोतवाली नीता देअरवाल एवं थाना स्टॉफ,सराफा संघ से सौरभ श्रॉफ, संतोष श्रॉफ, उपेन्द्र श्रॉफ, दिलीप श्रॉफ, एव आरसी बाफना मैनेजर ऋषभ जैन व अन्य दुकानदार उपस्थित रहे।



### बैठक में दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश एवं सुझाव

- सभी सराफा दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने एवं नियमित रूप से चालू स्थिति में रखने हेतु निर्देशित किया गया।
- दुकानों में इमरजेंसी अलार्म सिस्टम लगाने हेतु कहा गया, जिससे किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सूचना पुलिस तक पहुंच सके।
- संदिग्ध ग्राहक, संदिग्ध गतिविधि अथवा अपरिचित व्यक्तियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने हेतु व्यापारियों से अपील की गई।
- व्यापारियों एवं पुलिस के मध्य त्वरित सूचना आदान-प्रदान के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाने का सुझाव दिया गया।
- दुकानों में आने-जाने वाले कर्मचारियों एवं नए स्टाफ का पुलिस सत्यापन कराने हेतु समझाइश दी गई।
- व्यापारियों को अधिक मात्रा में नकदी लेकर अकेले आवागमन नहीं करने तथा बैंक लेनदेन में सावधानी बरतने हेतु जागरूक किया गया।
- दुकान बंद करते समय सुरक्षा उपायों का पालन करने एवं रात्रि में विशेष सतर्कता रखने हेतु कहा गया।
- साइबर ठगी, नकली सोना गिरवी रखने एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव संबंधी जानकारी भी व्यापारियों को दी गई।
- बाजार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों, लावारिस वस्तु अथवा संदिग्ध वाहन दिखाई देने पर तत्काल डायल-112 अथवा स्थानीय पुलिस को सूचना देने हेतु कहा गया।
- पुलिस द्वारा समय-समय पर बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त एवं रात्रि भ्रमण बढ़ाने का आश्वासन दिया गया।

## लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल ने नर्स दीदियों को सम्मानित कर मनाया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस

मनोज पुरोहित

**पेटलावद।** अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल द्वारा स्थानीय शासकीय सिविल चिकित्सालय में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में अपनी निस्वार्थ सेवाएं दे रही नर्सों (नर्स दीदियों) का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। विशिष्ट अतिथि और समाजसेवी लायन पारसमल कोटडिया ने कहा कि डॉक्टर के उपचार के बाद जिस प्रकार नर्सें दिन-रात मरीज की देखभाल करती हैं, वही सच्ची मानवता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आपकी यही सेवा मरीज को नया जीवन दान देती है। क्लब अध्यक्ष गजेंद्र काग ने सभी नर्सों की सेवाओं को नमन करते हुए उनके समर्पण भाव की सराहना की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रबोध मोदी ने क्लब की सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब पेटलावद सेंट्रल चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहा है। क्लब द्वारा पूर्व में भी सिविल चिकित्सालय को आवश्यक चिकित्सा सामग्री जैसे सीटीजी मशीन, पलंग, गद्दे और बच्चों का वेंटिलेटर भेंट किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनहित में सहयोग का यह क्रम भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत लायन चिंतन मंडलोई द्वारा प्रस्तुत ध्वज वंदना से हुई। लायन नरेंद्र चतुर्वेदी ने सभी अतिथियों और नर्स दीदियों का शाब्दिक स्वागत किया। लायन पवन भंडारी और लायन नीलेश भट्ट ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए नर्सों के धैर्य और साहस की प्रशंसा की।

नर्स दीदियों की ओर से श्रीमती संगीता झाला और कंचन काग ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने लायंस क्लब के इस सम्मान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से काम करने का उत्साह और सेवा की भावना और अधिक प्रबल होती है। संचालन प्रबोध मोदी ने किया। आभार लायन अनुराग गौड़ ने माना।

अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के माध्यम से समाज को यह संदेश देना है कि स्वास्थ्य व्यवस्था में नर्सें केवल एक सहायक नहीं, बल्कि उपचार प्रक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो बिना थके मानवता की सेवा में जुटी रहती हैं।



### चिकित्सा क्षेत्र की रीढ़ हैं नर्सें : डॉ. चोयल

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जी.एस. चोयल ने नर्सों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, निश्चित ही चिकित्सा क्षेत्र में नर्स दीदियों की सेवाएँ अत्यंत बहुमूल्य हैं। एक डॉक्टर उपचार लिखता है, लेकिन उस उपचार को ममता और आत्मीयता के साथ धरातल पर उतारने का कार्य नर्सें ही करती हैं।

## प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा अन्नदाता

### पंवार वेयरहाउस पर अव्यवस्था का आलम, डेढ़ सौ ट्रैक्टरों के पहिए थमे

सुनिल मुनिया

**बेटमा। क्षेत्र के बोरसी गांव स्थित पंवार वेयरहाउस इन दिनों किसानों के लिए सुविधा केंद्र कम और परेशानी का कारण ज्यादा बन गया है। प्रशासनिक कुप्रबंधन और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते वेयरहाउस के बाहर पिछले कई दिनों से करीब डेढ़ सौ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लगी हुई हैं।**





अपनी उपज बेचने पहुंचे किसानों को घंटों नहीं बल्कि कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। हालात इतने बिगड़ गए कि बुधवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने वेयरहाउस परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

**किराए के ट्रैक्टरों ने बढ़ाई किसानों की परेशानी :** प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि तौल प्रक्रिया बेहद धीमी होने के कारण उन्हें तीन से चार दिन तक वेयरहाउस के बाहर रुकना पड़ रहा है। अधिकांश किसान किराए के ट्रैक्टर लेकर उपज लेकर पहुंचे हैं, जिनका प्रतिदिन का किराया करीब 1500 रुपये तक है। ऐसे में किसानों की मेहनत की कमाई ट्रैक्टर भाड़े और इंतजार में ही खर्च हो रही है। किसानों का कहना है कि फसल बेचकर राहत मिलने के बजाय वे आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं।

**तपती धूप में इंतजार, सुविधाओं का अभाव :** वेयरहाउस के बाहर किसानों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। भीषण गर्मी में किसान खुले आसमान के नीचे बैठने को मजबूर हैं। न पर्याप्त छाया की व्यवस्था है, न पीने के पानी और न ही बैठने जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसानों का आरोप है कि समस्या बताने के लिए जब वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद ही नहीं मिलते। तौल व्यवस्था के लिए पर्याप्त कर्मचारी भी तैनात नहीं किए गए हैं, जिससे अव्यवस्था लगातार बढ़ती जा रही है।

**'न हम्माल, न बड़ा तोल कांटा' :** किसानों ने आरोप लगाया कि पूर्व कर्मचारी कमल को जिला मुख्यालय द्वारा हटा दिया गया, जबकि उनका कार्य संतोषजनक था। किसानों का कहना है कि वर्तमान में वेयरहाउस पर न पर्याप्त हम्माल मौजूद हैं और न ही बड़ा तोल कांटा लगाया गया है, जिसके कारण तुलाई की गति बेहद धीमी हो गई है।

## लालबाग पुलिस ने मोबाइल शॉप में चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** फरियादी मयंक धर्मशी पिता अरविंद उम्र 44 साल निवासी न्यू इंदिरा कालोनी बुरहानपुर द्वारा लालबाग थाना आकर बताया कि घटना दिनांक 16/04/26 को रात करीबन 09.30 बजे अपनी दुकान को ताले लगाकर बंद करके अपने घर चले गया था दिनांक 17/04/26 को सुबह करीबन 06.30 बजे मैं अपने घर पर था, तभी मुझे दुकान पर पानी का कैम्पर रखने वाले गोलु जैसवाल ने मुझे फोन कर बताया कि आपके दुकान के ताले टुटे है तब मैं अपने घर से दुकान पर गया दुकान पहुंचकर देखा कि मेरी टुकान के ताले तुटे होकर शटर आधा खुला हुआ था दुकान के अंदर जाकर देखा दुकान में रखे सामान को चेक किया तो दुकान में रखे एक आईफोन 17 (256 जीबी) सेज कलर का जिसका आईएमईआई नंबर 351694172501970 है, एक आईफोन 16 (128 जीबी) सफेद कलर का जिसका आईएमईआई नंबर 357813321566544, तीन एप्पल कंपनी के आईपैड, एक पुराना आईपैड 9 जनरेशन, लेपटाप अडाप्टर,



कस्टरमर का लैपटाप, ओप्पो कंपनी का एक पुराना मोबाईल तथा अन्य एप्पल कंपनी की एसेसिरीज नही दिखी कोई अजात व्यक्ति द्वारा रात्रि में मेरी दुकान का ताला तोड़कर दुकान के अंदर घुसकर दुकान में रखी एप्पल कंपनी के मोबाईल, लेपटाप, आईपैड तथा एसेसिरीज चुराकर लेकर गया है फरियादी की रिपोर्ट पर थाना लालबाग में दिनांक 17.04.2026 को अपराध क्रमांक 108/2026 धारा 331(4) , 305(ड्ड) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । उक्त विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में टीम गठित कर आरोपी किशन पिता मांगीलाल बारेला को गिरफ्तार किया गया।

### अपराधियों, असामाजिक तत्वों को दी हिदायत

**खरगोन, निप्र।** खरगोन पुलिस ने आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों (हिस्ट्रीशीटर/गुण्डो) को थाने बुलाकर उन्हें गुण्डागर्दी नही करने, शांतिपूर्ण तरीके से रहने, उपद्रव न करने एवं क्षेत्र का माहौल खराब न करने की हिदायत दी गई। शान्ति भंग करने या उपद्रव करने पर उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी। खरगोन कोतवाली थाने में एसडीओपी खरगोन रोहित लखारे, खरगोन कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक बनवारी लाल मण्डलोई, उपनिरीक्षक. राजेन्द्र सिरसाठ, प्र.आर. कोटवाल डावर, प्रआर मनमोहन बघेल और आरक्षक रामसेवक गुर्जर मौजूद थे।

## दो हजार रुपए के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार

विनय उजाला

**बड़वानी,निप्र। बड़वानी पुलिस द्वारा फरार एवं स्थायी वारंटियों, इनामी बदमाशों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन हवालात के अंतर्गत थाना कोतवाली बड़वानी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

थाना कोतवाली बड़वानी के अपराध क्रमांक 44/2026 धारा 303(2) बीएनएस एवं अपराध क्रमांक 39/2026 धारा 303(2) बीएनएस के प्रकरण में आरोपी मुकेश उर्फ गोलू पिता मुकेश रावत, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम करी जिला बड़वानी में फरार चल रहा था। आरोपी पर 2000 रु. का इनाम घोषित था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना कोतवाली बड़वानी पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा सघन पतारसी एवं लगातार प्रयास करते हुए फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, उप निरीक्षक रवि ठाकुर, प्रधान आरक्षक संदेश पांचाल एवं चंद्रशेखर की सराहनीय भूमिका रही।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**ई-नीलामी सूचना**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल- पश्चिम रेलवे पार्किंग स्टेण्ड की ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाइट ई-ऑक्शन पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। केटलॉग सं PARKING-RTM-6, अनुबंध का प्रकार पार्किंग स्टेण्ड लॉट नं. PARKING-RTM-6. Type of agreement-Parking Stand, Lot No. PARKING-RTM-BNG-TW-86-26-1 (Barnagar TW), PARKING-RTM-RJQ-TW-89-26-1 (Rajendra Nagar TW), अनुबंध की अवधि-3 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिए ई-नीलामी दिनांक 28.05.26 को 11:00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है। 0049
Like us on: facebook.com/WesternRly

## शिक्षा में उत्कृष्टता की मिसाल मेक्रो विज़न एकेडमी ने रचा नया इतिहास

विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** सी.बी.एस.ई. ने सोमवार को कक्षा 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया जिसमें मेक्रो विज़न एकेडमी, बुरहानपुर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

एकेडमी के प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने जानकारी दी कि 53 छात्र ऐसे है जिनके अंक 90 प्रतिशत से अधिक है और 212 ऐसे छात्र हैं जिनके अंक 80 प्रतिशत से अधिक है। जो अपने आप में एक कीर्तिमान है। वाणिज्य संकाय (Commerce) की सुहानी साहु 97 प्रतिशत, मंयक रामचंदानी 94.2 प्रतिशत, अनन्या राठौर 93.6 प्रतिशत, अनुज कुमार पटेल 92.6 प्रतिशत, प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार विज्ञान संकाय (Mathematics) में ओजस अग्रवाल 96 प्रतिशत, अदिती अग्रवाल 94.2 प्रतिशत, आशुतोष पवार 93.6 प्रतिशत, उत्कृष्ट अग्रवाल 93.4 प्रतिशत, तनिष्का पटेल 92.8 प्रतिशत, जव्वाद खान 92.4 प्रतिशत, लावाण्या धारे 92.2 प्रतिशत, पंशुल पाटिदार 92.2, प्रतिशत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ जीव-विज्ञान संकाय (Biology) में मौलीश्री जैन 93.4 प्रतिशत, श्रेया अग्रवाल 93.4 प्रतिशत, अनन्या जैन 92.8 प्रतिशत, सृष्टी चुगवानी 92.8 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार इसी के साथ जीव-विज्ञान में आदि नेमा, ने 100 मे से 100 अंक प्राप्त किये और इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में लेखाशास्त्र में सुहानी साहु ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किये।




मेक्रो विज़न एकेड्मी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, श्रीमती मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, श्रीमती देवांशी चौकसे, कु.अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या श्रीमती मोनिका अग्रवाल, विजय सुखवानी, डॉ. संतोष सिलोरिया, डॉ. अरूण शर्मा, श्रीमती विभा जेटली, श्रीमती शीतल पोपली, श्रीमती प्रतिभा नायर के साथ-साथ एकेडमी के समस्त स्टॉफ ने विद्यार्थियों को इस सफलता हेतु हार्दिक बधाई दी।

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**ई-निविदा सूचना**
वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2026-27/06 दिनांक: 11.05.2026 | कार्य का नाम: TRD Work in connection with provision of full length 2nd loop line with simultaneous reception facility at Berach | अनुमानित लागत: Rs. 73,45,147/- | बयाना राशि Rs.1,46,900/- | समापन अवधि: 12 Months | निविदा दस्तावेज की राशि: Nil | ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय: 05.06.2026 at 15:00 hrs | ऑफर की वैधता: 60 days from the date of opening | वेबसाइट: www.ireps.gov.in | नोटिस बोर्ड: वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने 0050
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे-रतलाम**
**ई-निविदा सूचना**
निविदा सं.: 83265590 | दिनांक: 11/05/2026 | निम्नलिखित स्टोर कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (स्टोर), रतलाम, पश्चिम रेलवे द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का नाम: Elastomeric Pads Design-B as per Drawing NO. WD-21109-S-02 Alt 2 & SPEC: WD 20-MISC-95 Rev-5. [Warranty Period: 30 Months after the date of delivery] [Inspection Agency: TPI, Stage Insp.: No, Stages: 0] [UVAM Linking: Item :3100309, Elastomeric Pads Sub Item: Elastomeric Pads Design-B] Item Type: Goods (supply) | कार्य की अनुमानित लागत: 9660518.40 | निविदा दस्तावेज की लागत: 0 (Zero) | बयाना राशि जमा: 193210.00 | ऑफर की वैधता (दिन): Within 90 days thereafter | ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख: 08-JUN-26 11.00. ई-निविदा खोलने का समय और तारीख: 08-JUN-26 11.30 | निविदा को ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। 0051
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : यशस्वी और शुभमन टॉप-10 में

# जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर बरकरार




नई दिल्ली, (हि.स.)

**अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ( आईसीसी ) द्वारा बुधवार को जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने गेंदबाजों की सूची में अपना नंबर-1 स्थान बरकरार रखा है। वहीं बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के युवा सितारे यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल टॉप-10 में शामिल हैं।**

बल्लेबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट 880 रेटिंग अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। भारत के यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं, जबकि शुभमन गिल एक स्थान की छलांग लगाकर नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं। गिल के खाते में 730 रेटिंग अंक हैं।

### बल्लेबाजों में रूट पहले स्थान पर

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट 880 अंकों के साथ टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर काबिज हैं। हैरी ब्रूक दूसरे, ट्रैविस हेड तीसरे और स्टीव स्मिथ चौथे स्थान पर हैं। भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ 8वें स्थान पर हैं। वहीं, शुभमन गिल ने एक स्थान की छलांग लगाई है और वे 730 अंकों के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

### जडेजा-कुलदीप 14-15वें स्थान पर

गौरतलब है कि भारतीय टीम ने 2026 में अभी तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप ( डब्ल्यूटीसी ) का कोई मुकाबला नहीं खेला है। टीम इंडिया ने आखिरी टेस्ट सीरीज नवंबर में घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली थी। गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह 879 अंकों के साथ शीर्ष पर कायम हैं। भारतीय गेंदबाजों में उनके बाद मोहम्मद सिराज 12वें स्थान पर हैं। वहीं रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव क्रमश : 14वें और 15वें स्थान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि न्यूजीलैंड के मैट हेनरी तीसरे स्थान पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस चौथे स्थान पर हैं।

### आईपीएल-2026 : आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स VS मुंबई इंडियंस

स्थान : धर्मशाला समय : शाम 07.30 बजे से

## ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम



नई दिल्ली, (हि.स.)

भारतीय महिला हॉकी टीम आगामी एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप न्यूजीलैंड 2025-26 की तैयारियों के तहत ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को उक्त घोषणा की। यह दौरा 21 मई से 3 जून 2026 तक आयोजित होगा, जबकि नेशंस कप का आयोजन 15 से 21 जून तक ऑकलैंड में होना है।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान भारतीय टीम पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलेगी। ये मैच 26, 27, 29 और 30 मई को खेले जाएंगे। पहले दो मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम 5 बजे शुरू होंगे, जबकि आखिरी दो मैच सुबह 11 बजे खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड रवाना होगी, जहां नेशंस कप से पहले अभ्यास मुकाबलों के जरिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देगी। भारतीय महिला हॉकी टीम इससे पहले इस साल अर्जेंटीना दौरे पर शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। टीम ने चार मैचों की सीरीज में दो जीत दर्ज कर मजबूत खेल का प्रदर्शन किया था। दौरे से लौटने के बाद से खिलाड़ी साई बेंगलुरु में राष्ट्रीय शिविर में लगातार अभ्यास कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय सीजन को ध्यान में रखते हुए अपनी कमजोरियों पर काम कर रही हैं।

### थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट

## सिंधु और श्रीकांत प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, शेट्टी बाहर

नई दिल्ली, (हि.स.)

**थाईलैंड ओपन 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

वहीं युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने महिला एकल के पहले दौर में चीनी ताइपे की तुंग चिउ-तोंग को एकतरफा मुकाबले में 21-9, 21-12 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधु ने यह मुकाबला सिर्फ 33 मिनट में अपने नाम किया। अब अगले दौर में उनका सामना डेनमार्क की अमाली शुल्ज से होगा। सिंधु 2024 सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद अपने पहले खिताब की तलाश में हैं।

### श्रीकांत ने आठवीं वरियता खिलाड़ी कीन को हराया

पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने सिंगापुर के आठवीं वरीयता प्राप्त लोह कीन यू को 21-14, 21-15 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। यह मुकाबला 2021 विश्व चैंपियनशिप फाइनल का रीमैच था। श्रीकांत, जिन्होंने 2013 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था, अब अगले दौर में चीनी ताइपे के सु ली यांग से भिड़ेंगे।



### आयुष जापानी खिलाड़ी से हारे

बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आयुष शेट्टी को जापान के कोडाई नाराओका के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। पहले गेम गंवाने के बाद आयुष ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम तक पहुंचाया। हालांकि तीसरे गेम में जापानी खिलाड़ी पूरी तरह हावी रहे और उन्होंने 21-13, 17-21, 21-4 से जीत दर्ज की।

### उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर

महिला एकल में युवा भारतीय खिलाड़ी उन्नति हुड्डा और अनमोल खरब भी हारकर बाहर हो गईं। उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ पहला गेम जीतकर शानदार शुरुआत की, लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 11-21, 21-17, 21-16 से मुकाबला जीत लिया। फरीदाबाद की 19 वर्षीय अनमोल खरब ने मौजूदा चैंपियन चीन की चेन यू फेई को कड़ी टक्कर दी। निर्णायक गेम में अनमोल एक समय 11-2 से आगे थीं, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने जोरदार वापसी करते हुए 19-21, 21-13, 21-18 से मैच अपने नाम कर लिया।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम घोषित




**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले महीने लॉर्ड्स में खेले जाने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में एमिलियो गे, जेम्स रियू और ओली रॉबिन्सन जैसे खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जबकि जैक क्रॉली को बाहर कर दिया गया है। यह पहली टेस्ट टीम है जिसमें इंग्लैंड के नए राष्ट्रीय चयनकर्ता मार्कस नॉर्थ की भूमिका रही है। ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज 4-1 से हारने वाली टीम की तुलना में इस बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं।

सबसे चर्चित फैसला जैक क्रॉली को बाहर करना रहा। 'बैजबॉल' दौर के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल रहे क्रॉली का प्रदर्शन लगातार खराब रहा है। एशेज सीरीज में उनका औसत 27.30 रहा था, जबकि इस घरेलू सीजन में केंट के लिए खेलते हुए वह 10 पारियों में सिर्फ 44 रन का सर्वोच्च स्कोर बना सके।

## सीएसके ने चोटिल रामकृष्ण की जगह मैकनील को टीम में किया शामिल

**नई दिल्ली, ( हि.स. )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। टीम के ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष दाएं पैर में चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। इसके बाद सीएसके ने उनके स्थान पर कर्नाटक के युवा ऑलराउंडर मैकनील नरोन्हा को टीम में शामिल किया है। रामकृष्ण घोष को 3 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले के दौरान दाएं पैर में चोट लगी थी। मेडिकल जांच के बाद उन्हें बाकी सीजन से बाहर कर दिया गया। सीएसके ने मैकनील नरोन्हा को 30 लाख रुपये में रिप्लेसमेंट खिलाड़ी के रूप में अपनी टीम में शामिल किया है।



### ग्रांट थॉर्नटन रिपोर्ट में खुलासा...

# भारत में हुए 22.8 अरब डॉलर के 220 कारोबारी सौदे

नई दिल्ली, एजेंसी

**अप्रैल 2026 में भारत में कुल 220 बड़े कारोबारी समझौते हुए, जिनकी कुल कीमत 22.8 अरब डॉलर रही। यह सब ऐसे समय हुआ, जब दुनिया के कई देशों के बीच तनाव और आर्थिक अनिश्चितताएं हैं।**

ग्रांट थॉर्नटन भारत की रिपोर्ट के अनुसार, कई भारतीय कंपनियों ने दूसरे देशों की कंपनियों को खरीदने या उनके साथ मिलकर काम करने के के लिए बड़े समझौते किए। इसी वजह से कुल सौदों की कीमत बहुत बढ़ गई। अप्रैल में पांच बड़े सौदे ऐसे थे, जिनकी कीमत एक अरब डॉलर से ज्यादा थी। इन पांच सौदों की कुल कीमत 17.4 अरब डॉलर रही। कुल मिलाकर 103 ऐसे बड़े व्यापारिक सौदे (विलय और अधिग्रहण) हुए, जिनकी कीमत 18.7 अरब डॉलर रही। यह पिछले कई महीनों में सबसे ज्यादा है। इस महीने विदेशी कंपनियों को खरीदने या विदेश में निवेश करने वाले सौदे बहुत बढ़े। 21 ऐसे बड़े सौदे हुए, जिनकी कीमत 17.7 अरब डॉलर रही।

निजी कंपनियों ने भी निवेश किया, लेकिन उनकी संख्या थोड़ी कम रही। अप्रैल में 109 ऐसे सौदे हुए, जिनकी कीमत 3.2 अरब डॉलर रही। पहले की तुलना में छोटे निवेश कम हुए। लेकिन जो निवेश हुए वे बहुत बड़े और ज्यादा पैसों वाले थे। यानी सौदों की संख्या कम थी, लेकिन हर सौदे में पैसा ज्यादा लगा।



### विदेशी कंपनियों में भारतीयों ने बढ़ाया निवेश

रिपोर्ट के अनुसार, शेयर बाजार में भी गतिविधि रही। अप्रैल में छह कंपनियों ने आईपीओ के जरिये कुल 450 मिलियन डॉलर जुटाए। इसके अलावा, दो कंपनियों ने अन्य तरीके से 548 मिलियन डॉलर जुटाए। एक विशेषज्ञ ने कहा कि इस महीने भारत की कंपनियों ने बड़े स्तर पर विदेशी कंपनियों में निवेश किया। इससे पता चलता है कि भारतीय कंपनियां अब दुनिया में और बड़ा काम करना चाहती हैं।

### इन क्षेत्रों में दिखी सक्रियता

अलग-अलग क्षेत्रों में फार्मा ( दवा ) कंपनियां सबसे आगे रहीं। इसके अलावा, सड़क, इमारत और फैक्टरी बनाने वाले क्षेत्र भी सक्रिय रहे। रिटेल ( दुकानें और सामान बेचने वाली कंपनियां ), उपभोक्ता सामान और आईटी कंपनियों में भी कई सौदे हुए। पहली बार रियल एस्टेट ( जमीन और मकान ) क्षेत्र भी सबसे ज्यादा सक्रिय क्षेत्रों में शामिल हो गया।

## उतार-चढ़ाव के बाद हरे निशान पर बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बुधवार को भारतीय शेयर बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी दिनभर के कारोबार के बाद हरे निशान पर बंद होने में सफल रहे। हालांकि, इस दौरान भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले अपने अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 49.74 ( 0.06% ) अंकों की बढ़त के साथ 74,608.98 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 46.46 ( 0.20% ) अंक मजबूत होकर 23,426.00 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, रुपया डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 95.80 पर पहुंच गया।



## एअर इंडिया का बड़ा फैसला : अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती, कई विदेशी मार्ग निलंबित




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों और जेट ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण एअर इंडिया ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एयरलाइन अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में कटौती करेगी। साथ ही, कुछ विदेशी मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित की जाएंगी। यह कदम जून से अगस्त के महीनों के लिए उठाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य अपने नेटवर्क की स्थिरता में सुधार लाना है। एअर इंडिया ने बताया कि यह बदलाव अंतरराष्ट्रीय सेवाओं के लिए किया जा रहा है। हवाई क्षेत्र संबंधी चुनौतियों के कारण उड़ानें संचालित करना मुश्किल हो रहा है। इसके साथ ही, जेट ईंधन की ऊंची कीमतें भी परिचालन लागत बढ़ा रही हैं। दिल्ली-शिकागो, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई और चेन्नई-सिंगापुर जैसे प्रमुख मार्गों पर सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। इनके अलावा, दो अन्य विदेशी मार्गों पर भी उड़ानों का निलंबन होगा। यह फैसला यात्रियों और यात्रा योजनाओं पर सीधा असर डालेगा। एअर इंडिया ने अपने इस फैसले के पीछे दो मुख्य कारण बताए हैं। पहला कारण हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंध हैं, जो कुछ क्षेत्रों में उड़ानों के संचालन को बाधित कर रहे हैं। दूसरा महत्वपूर्ण कारण जेट ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतें हैं। इन ऊंची कीमतों के कारण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण हो गया है। एयरलाइन का लक्ष्य इन चुनौतियों के बीच अपनी परिचालन दक्षता बनाए रखना है।

### बाजार में अफरा-तफरी का माहौल

# आयात शुल्क बढ़ने से सोना 8550 और चांदी 20500 रुपए हुई महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

**सरकार ने कीमती धातुओं पर आयात शुल्क बढ़ाया, जिसके बाद बुधवार, 13 मई को स्थानीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। सोने का दाम 8,550 रुपये बढ़कर 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गया। वहीं, चांदी की कीमतों में भी 20,500 रुपये प्रति किलोग्राम की जबरदस्त वृद्धि हुई। यह बढ़ोतरी सरकार के गैर-जरूरी आयात को कम करने के फैसले का सीधा परिणाम है।**

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, दिल्ली के बाजारों में चांदी का दाम 2,77,000 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 8,550 रुपये बढ़कर 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो पिछली बंद कीमत 1,56,800 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5 फीसदी से अधिक है। सरकार ने बुधवार को सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया। प्लेटिनम पर भी आयात शुल्क 6.4 फीसदी से बढ़ाकर 15.4 फीसदी किया गया है। ये नई दरें बुधवार से ही प्रभावी हो गई हैं। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच बढ़ते आयात बिल को नियंत्रित करने और गैर-जरूरी खरीद को हतोत्साहित करने के लिए उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी विदेशी मुद्रा व्यय को कम करने के लिए सोने की खरीद पर अंकुश लगाने का आह्वान किया था।




### शुल्क बढ़ोतरी का बाजार पर असर

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस उच्च शुल्क का वास्तविक प्रभाव आने वाले दिनों में खरीद बिलों में दिखाई देगा। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के कमोडिटी अनुसंधान प्रमुख हरीश वी ने बताया कि आयात शुल्क में बढ़ोतरी से स्थानीय कीमतें बढ़ेंगी और भौतिक मांग अस्थायी रूप से कम होगी। हालांकि, उन्होंने निवेशकों को घबराने की सलाह नहीं दी, क्योंकि वैश्विक अनिश्चितता और घरेलू मुद्रा दबाव के समय में सोना एक सुरक्षित निवेश बना हुआ है। विश्लेषकों ने यह भी बताया कि कमजोर रुपये ने भी कीमती धातुओं की कीमतों को बढ़ाया है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 95.80 के निचले स्तर पर आ गया, जिससे विदेशी मुद्रा बहिर्वाह और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों को लेकर चिंताएं बढ़ गईं।

### भारत में सोने की मांग और चुनौतियां

भारत दुनिया में कीमती धातुओं का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। हाल के महीनों में निवेश सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए मांग में लगातार वृद्धि के कारण कीमतें बढ़ी हैं। कच्चा तेल के बाद सोना भारत का दूसरा सबसे बड़ा वस्तु आयात है। सोने की बढ़ती खरीद से विदेशी मुद्रा बहिर्वाह में वृद्धि हुई है, जिससे रुपये पर रिकॉर्ड निचले स्तर तक दबाव पड़ा है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने चेतावनी दी है कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आयात पर अंकुश नहीं लगता, बल्कि कीमतें बढ़ती हैं।

### वैकल्पिक उपाय और वैश्विक स्थिति

आभूषण खुदरा विक्रेताओं ने सुझाव दिया है कि आयात शुल्क बढ़ाने के बजाय सोने और चांदी के आयात पर मात्रात्मक प्रतिबंध लगाना देश के चालू खाता घाटे को नियंत्रित करने का अधिक प्रभावी तरीका होगा। वैश्विक बाजारों में बुधवार को ब्रेंट कच्चा तेल 107 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार कर रहा था। हालांकि, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 0.3 फीसदी गिरकर 4,700.86 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि चांदी 1 फीसदी बढ़कर 87.45 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस हो गई।

### आरबीआई गवर्नर ने चेताया...

## स्थिति न सुधरी तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी तय

नई दिल्ली, एजेंसी




वैश्विक स्तर पर चल रहे भू-राजनीतिक तनावों का असर अब भारतीय अर्थव्यवस्था पर स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। ज्यूरिख में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और स्विस नेशनल बैंक की ओर से आयोजित 12वें उच्च-स्तरीय सम्मेलन में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एक अहम बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जो भारी उछाल आया है, उसका बोझ अब तक सरकार उठा रही है। लेकिन, अगर यह वैश्विक व्यवधान लंबे समय तक खिंचता है, तो आम उपभोक्ताओं को ईंधन की बढ़ी हुई कीमतों का सामना करना पड़ सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बावजूद, भारत सरकार ने अब तक पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा है। इसके लिए सरकार ने अपनी तरफ से ड्यूटी कम करने और गैस जैसी कुछ नियंत्रित कीमतों में मामूली वृद्धि करने जैसे कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, पिछले 75 दिनों से अधिक समय से जारी इस संकट के कारण मौजूदा स्थिति को अनिश्चित काल तक बनाए रखना संभव नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो यह केवल समय की बात है कि सरकार इन बढ़ी हुई कीमतों का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डाल देगी। हालांकि, उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि महामारी के दौरान 9.2 प्रतिशत तक पहुंच चुके राजकोषीय घाटे को सरकार ने राजकोषीय विवेक का पालन करते हुए करीब 4.3 प्रतिशत तक सफलतापूर्वक कम कर लिया है।

### पश्चिम एशिया पर भारत की गहरी आर्थिक निर्भरता

पश्चिम एशिया का क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतिक और आर्थिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। आरबीआई गवर्नर ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत के कुल आयात और निर्यात का छठा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुड़ा है। इसके अलावा, भारत को मिलने वाले कुल रेमिटेंस ( प्रवासियों द्वारा भेजी जाने वाली रकम ) का 40 प्रतिशत, उर्वरक आयात का 40 प्रतिशत और गैस आपूर्ति का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा इसी क्षेत्र पर निर्भर है। इस उच्च निर्भरता के कारण, मध्य पूर्व में किसी भी तरह का तनाव या भू-राजनीतिक अस्थिरता भारत की आपूर्ति श्रृंखला और अर्थव्यवस्था के लिए सीधे तौर पर एक बड़ा जोखिम पैदा करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पति-पत्नी में झगड़ा, बच्ची को पुलिस ने मां को सौंपा



**धार, निप्र।** जिले के गंधवानी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। पति-पत्नी के विवाद के बाद पिता अपनी 15 दिन की बच्ची को लेकर चला गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को बरामद कर मां को सौंप दिया। यह घटना बुधवार, 13 मई को गंधवानी के समीप ग्राम सादड़िया कुआं में हुई। गंधवानी थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना ने बताया कि नवजात की मां पारूबाई ने थाने में आवेदन दिया था। उन्होंने बताया कि पति सुरेश से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद सुरेश अपनी 15 दिन की नवजात बेटी को घर से उठाकर ले गया था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना ने मामले की गंभीरता को समझा। उन्होंने कहा कि 15 दिन के बच्चे को मां से अलग करना उसके जीवन के लिए खतरनाक हो सकता था। तत्काल कार्रवाई करते हुए, उन्होंने अपनी टीम के साथ पीड़ित के गांव सादड़िया कुआं पहुंचे। पुलिस ने अपने सूचना तंत्र की मदद से जानकारी जुटाई और पिता सुरेश के कब्जे से नवजात को सुरक्षित छुड़ाया। बच्ची को उसकी मां पारूबाई को सौंप दिया गया और पति-पत्नी दोनों को समझाइश दी गई। इस कार्य में चौकी प्रभारी जीराबाद रविन्द्र चौधरी, दयाराम, डायल 112 सैनिक नानसिंह और पायलट संतोष का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### नशे के दुष्परिणाम विषय पर 23 मई को भाषण प्रतियोगिता

**डही, निप्र।** युवा मंच बाबली तहसील डही द्वारा नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए 23 मई को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रथम स्थान के लिए 5001 रूपए, द्वितीय स्थान के लिए 4001 रुपए, तृतीय स्थान के लिए 3001 रुपए, चतुर्थ स्थान के लिए 2001 रुपए एवं पांचवें स्थान के लिए 1001 रूपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। आयोजन समिति के सदस्य विजय भिड़े एवं कैरम सिंह भिड़े ने बताया कि नशा, नशे के दुष्परिणाम एवं समाधान विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 23 मई को दोपहर 12 बजे से हनुमान मंदिर मिडिल स्कूल के पास ग्राम बाबली में होगा। प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 7 मिनट का समय दिया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 20 मई तक अपना नाम समिति को नोट करा देंवे। इसके पश्चात प्रतिभागी के नाम पर विचार नहीं किया जाएगा।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन 15 मई को होगा

**आलीराजपुर, निप्र।** कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग आलीराजपुर ने बताया कि सुप्रीम कमेटी ऑन रोड सेफ्टी द्वारा मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 215 (3) में दिये गये प्रावधानुसार सड़क दुर्घटनाओं की मॉनिटरिंग करने एवं सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसी क्रम में मई माह हेतु उक्त बैठक का आयोजन कलेक्टर सभागार में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में 15 मई 2026 को प्रात: 11:00 बजे किया जाएगा, जिसमें जिले के यातायात की स्थिति, सड़क दुर्घटनाओं का डाटा, ब्लैक स्पॉट, जिले में वर्ष में घटित गंभीर दुर्घटनाओं की जानकारी, रोड इंजीनियरिंग की समस्या/ मरम्मत कार्य आदि विषयो पर चर्चा एवं समीक्षा की जाएगी।

### सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में हो रहा है विशेष लोक अदालत / समाधान समारोह का आयोजन

**बड़वानी, निप्र।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली द्वारा 21 से 23 अगस्त तक ( समाधान समारोह ) विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे पक्षकारों को आपसी सहमति से विवादों का समाधान निकालने एवं लिखित समझौता कराने में संबंधित क्षेत्र के न्यायिक अधिकारी और प्रशिक्षित मध्यस्थ की सेवाये उपलब्ध है जो उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति जबलपुर, इन्दौर एव ग्वालियर स्थित मध्यस्थता केन्द्रों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वैकल्पिक विवाद समाधान केन्द्र एवं तहसील विधिक सेवा समिति के मध्यस्थता केन्द्र में लोक अदालत पूर्व बैठक एवं मध्यस्थता सत्र का आयोजन करेंगे, जिसमे पक्षकार स्वंय अथवा वर्चुअल माध्यम से शामिल हो सकते है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों के लिए पक्षकारों की सहमति में निम्न प्रकरण लिये गये हैं जैसे - बैंकिग एवं बीमा संबधित प्रकरण, भूमि अधिग्रहण से संबंधित प्रकरण, सिविल ( दीवानी ) प्रकरण, शासकीय सेवकों से संबंधित सेवा प्रकरण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर प्रकरण, किराया नियंत्रण ओर सार्वजनिक परिसरों ( बेदखली ) अधिनियम से संबंधी प्रकरण, उपभोक्ता विवाद एवं रेरा से संबंधित प्रकरण, पारिवारिक विवाद प्रकरण, श्रम एवं औद्योगिक विवाद, वाणिज्यिक एवं आर्बिटेशन प्रकरण, स्थानांतरण याचिकाए, अन्य कोई भी प्रकरण जो विधि अनुसार समझौता योग्य हो, आपसी समझौते एवं संवाद के माध्यम से लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण कराएं। प्रिसिटिंग, मध्यस्थता एवं समझौते के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बडवानी सम्पर्क करें।

'सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य' पॉक्सो एक्ट पर लगा प्रशिक्षण शिविर

# कार्यवाही में बच्चे की पहचान गोपनीय रखना हमारी ड्यूटी : सोनी

अशोक बलसोरा

**झाबुआ। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के समन्वय से नालसा जागृति योजना, 2025 के अंतर्गत 'सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य' शीर्षक के तहत पॉक्सो विषय पर 13 मई-2026 को एक दिवसीय जागरूकता शिविर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन किया गया।**

यह आयोजन माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झाबुआ आशिता श्रीवास्तव के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष न्यायाधीश श्री प्रदीप सोनी ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमरजीत सिंह सीनियर टेक्निकल एनालिस्टि यूनिसेफ भोपाल थे, जिन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत में पॉक्सो कानून की बारीकियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बेहद सरल और सुगम शब्दों में समझाया गया ताकि सभी अधिकारी इसे व्यावहारिक रूप से लागू कर सकें।




#### नालसा जागृति योजना 2025

कार्यक्रम में माननीय विशेष न्यायाधीश प्रदीप सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि पॉक्सो अधिनियम का निर्माण बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा प्रदान करने और उन्हें एक भयमुक्त वातावरण देने के लिए किया गया है। कानून अपनी जगह सशक्त है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि हम इसके प्रावधानों को कितनी संवेदनशीलता के साथ लागू करते हैं। जब भी कोई पीड़ित बच्चा हमारे सामने आता है, तो एक अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि एक अभिभावक के रूप में हमारी संवेदनशीलता जागृत होनी चाहिए। कार्यवाही के दौरान बच्चे की पहचान गोपनीय रखना और उसे किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव से बचाना हमारी कानूनी और नैतिक ड्यूटी है। पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करनी चाहिए ताकि अपराधियों में कानून का खौफ हो और बच्चों में सुरक्षा का भाव।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शिव कुमार डावर ने कहा नालसा जागृति योजना, 2025 के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कानून की जानकारी को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाना और व्यवस्था से जुड़े हर कर्मचारी को संवेदनशील बनाना है। उन्होंने कहा कि बाल अपराधों की रोकथाम के लिए विधिक साक्षरता सबसे बड़ा हथियार है। अक्सर जागरूकता के अभाव में कई मामले सामने ही नहीं आ पाते या रिपोर्ट करने में देरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का यह निरंतर प्रयास है कि कोई भी पीड़ित बच्चा या उसका परिवार विधिक सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि हमारे पास पीड़ितों के लिए नि:शुल्क पुनर्वास के पर्याप्त प्रावधान हैं।

प्रोजेक्टर के माध्यम से जो व्यावहारिक प्रशिक्षण आज श्री अमरजीत सिंह जी द्वारा दिया गया है, मुझे पूरा विश्वास है कि यह आपके दैनिक कार्यप्रणाली में अत्यंत मददगार साबित होगा।

उक्त कार्यक्रम का संचालन श्री जिम्मी निर्मल के द्वारा किया गया एवं आभार जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जयदेव माणिक ने माना। उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोविया, अपर कलेक्टर श्री बी.एस सोलंकी, जागृति यूनिट के सदस्यगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम से लगभग 300 महिला/पुरूष लाभांवित हुये।

आदर्श ग्राम निर्माण की कार्ययोजना पर की विस्तार से चर्चा

## प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में अभिसरण समिति की बैठक संपन्न



विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर नीतू माथुर द्वारा की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 के तहत चयनित ग्रामों की ग्राम विकास योजना (वीडीपी) के अनुमोदन एवं आदर्श ग्राम निर्माण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।**

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री संजय परवाल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम नानीबढ़ोई, ग्राम पंचायत खामडका एवं ग्राम सामरा, ग्राम पंचायत सामरा का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों का एकीकृत एवं समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उक्त चयनित ग्रामों के समग्र विकास के लिए तैयार की गई ग्राम विकास योजना (वीडीपी) का अनुमोदन जिला स्तरीय अभिसरण समिति द्वारा किया जाना है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने आदर्श ग्राम के लिए आवश्यक प्रमुख संकेतकों जैसे पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, ग्रामीण सड़क, आवास, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं पर समिति सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को चयनित ग्राम सामरा एवं नानीबढ़ोई का संयुक्त भ्रमण कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ढंकी हुई नालियों, पेयजल की समुचित व्यवस्था, सोक पिट, विद्युत सुविधा तथा पक्की सड़क जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किए जाने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ संघमित्रा गौतम, जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अतुलकर सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## हनुमानजी, शिव परिवार की हुई प्राण प्रतिष्ठा



विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** ग्राम जलखेड़ा में प्राचीन सिद्ध क्षेत्र भीलट देव मंदिर में श्री हनुमानजी एवं शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन तीन दिवसीय पूजा हवन व अभिषेक कर सम्पन्न हुआ। एवं हजारों की संख्या में भक्त जनों ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की। शिव परिवार के मुख्य जजमान अमृत पटेल द्वारा शिव परिवार की मूर्ति स्थापित की गई। एवं राइजिंग स्टार ग्रुप जलखेड़ा के सदस्यों द्वारा श्री हनुमानजी की मूर्ति भेंट की गई। इस अवसर पर सरपंच बाबूलाल कन्नौज उपसरपंच निलेश पाटीदार, प्रवीण पाटीदार मौजूद रहे।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम आम्बी में नारों के माध्यम से दिया जल बचाने का संदेश

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के द्वितीय चरण अंतर्गत आज विकासखंड सोंडवा के ग्राम आम्बी में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।**



अभियान 28 मार्च 2026 से 4 जून 2026 तक जिलेभर में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संवर्धन हेतु जनसहभागिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम आम्बी में बैठक एवं संगोष्ठी आयोजित कर ग्रामीण जनों को जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक जीवन में जल के सदुपयोग एवं जल बचत के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था एवं समिति सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में प्रेरणादायक नारों एवं जनसंवाद के माध्यम से जल बचाने का संदेश दिया गया। सभी ग्रामीणों ने जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प लिया।

पर्यटन नगरी मांडू में डिजिटल इंडिया जनगणना बना नंबर-1

## एक सप्ताह में पूरी हुई मकान सूची गणना गांव-गांव पहुंचा जागरूकता अभियान रथ

सोमनाथ तिवारी

**मांडू/धार (विनय उजाला)।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटक नगरी मांडू ने एक बार फिर अपनी तत्परता का परिचय दिया है। डिजिटल इंडिया के तहत चल रही जनगणना के पहले चरण 'मकान सूचीकरण' में मांडू नगर पंचायत ने पूरे जिले में अव्वल स्थान हासिल किया है। महज एक सप्ताह के रिकॉर्ड समय में यहां मकान सूची गणना का कार्य 100% पूर्ण कर लिया गया है।

**घर-घर पहुंचकर दे रहे जानकारी:** नगर पंचायत के प्रगणक और पर्यवेक्षक दल गली-मोहल्लों में घर-घर दस्तक दे रहे हैं। टीम के सदस्य परिवार के मुखिया से मिलकर उन्हें जनगणना के दो चरणों - मकान सूचीकरण एवं एनपीआर तथा जनसंख्या गणना - की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। नागरिकों को समझाया जा रहा है कि उन्हें कौन-कौन से दस्तावेज तैयार रखने हैं और मोबाइल ऐप के जरिए खुद भी जानकारी कैसे भर सकते हैं।

**अधिकारियों ने जताया आभार :** नगर पंचायत सीएमओ ने बताया, 'मांडू की जनता और हमारे फील्ड स्टाफ के सहयोग से ही यह संभव हो पाया। एक सप्ताह में 100% मकान सूचीकरण पूरा करना बड़ी उपलब्धि है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे।' उन्होंने आगे कहा कि अब दूसरे चरण की तैयारी शुरू कर दी गई है।



#### गांव-गांव पहुंचा जनगणना जागरूकता रथ

जनगणना को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत द्वारा विशेष जागरूकता रथ तैयार किया गया। यह रथ पिछले सात दिनों से मांडू के सभी 15 वार्डों के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर रहा है। रथ के माध्यम से लाउडस्पीकर पर जनगणना का महत्व, डिजिटल प्रक्रिया और नागरिकों से सहयोग की अपील की जा रही है। ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से हो रही है, जिससे डेटा सुरक्षित और सटीक रहेगा।

#### क्या है मकान सूची गणना?

अधिकारियों ने बताया कि मकान सूची गणना जनगणना का पहला और सबसे अहम चरण है। इसमें हर मकान को नंबर देना, मकान की स्थिति, उपयोग, परिवार में सदस्यों की संख्या, पेयजल, शौचालय, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी एकत्र की जाती है। मांडू में यह काम तय समय से पहले पूरा कर लिया गया है।

नगर पंचायत द्वारा स्कूलों, पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थलों पर भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। नुक्कड़ नाटक और पर्चे बांटकर लोगों को बताया जा रहा है कि जनगणना देश की नीतियों और विकास योजनाओं का आधार होती है। सही जानकारी देने से ही क्षेत्र को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिल पाएगा।

नामी कंपनी की साख पर बट्टा लगा रहे ठेकेदार

## ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली का आरोप

विनय उजाला

**धामनोद, निप्र।** निमरानी औद्योगिक क्षेत्र स्थित आटा-मैदा निर्माण की एक बड़ी नामी कंपनी में ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कंपनी के ठेकेदार द्वारा निर्धारित हमाली शुल्क से अधिक राशि जबरन वसूली जा रही है, जिससे ट्रांसपोर्टरों और ड्राइवरों में भारी नाराजगी है तथा कंपनी की छवि भी धूमिल हो रही है।

जानकारी के अनुसार कंपनी परिसर में ट्रकों से माल खाली कराने के लिए 50 प्रति टन हमाली ली जाती है, जबकि कंपनी के अधिकृत वेयरहाउस में माल खाली कराने पर 80 प्रति टन के हिसाब से शुल्क वसूला जाता है। आरोप है कि तय दरों के अतिरिक्त भी प्रत्येक ट्रक से 300 से 500 तक अतिरिक्त राशि ली जा रही है।

बताया गया कि प्रतिदिन सैकड़ों ट्रक कंपनी और उसके वेयरहाउस में पहुंचते हैं। ऐसे में अतिरिक्त वसूली से ठेकेदार प्रतिदिन हजारों रुपए का अवैध लाभ अर्जित कर रहा है। इसी क्रम में ट्रक क्रमांक एमपी 11 जेडएल 9391, जो एक बड़ी निजी कंपनी का करीब 40 टन गेहूं लेकर अधिकृत वेयरहाउस पहुंचा था, उससे भी अतिरिक्त राशि वसूले जाने का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार 40 टन माल पर 80 प्रति टन के हिसाब से कुल हमाली 3200 बनती थी, लेकिन ठेकेदार वसीम खान द्वारा ट्रक चालक से 3500 लिए गए। यह राशि चालक द्वारा मोबाइल ट्रांसफर के माध्यम से भेजी गई बताई जा रही है। ट्रक चालकों का कहना है कि इस प्रकार की वसूली लंबे समय से जारी है। उनका आरोप है कि प्रति ट्रक अतिरिक्त रकम लेकर ठेकेदार अवैध कमाई कर रहे हैं, जबकि बदनामी बड़ी कंपनियों की हो रही है। पीड़ित ट्रांसपोर्टरों और ड्राइवरों ने कंपनी प्रबंधन से मामले की निष्पक्ष जांच कर तत्काल कार्रवाई करने तथा अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है।

धामनोद पुलिस की बड़ी कार्रवाई : शराब गुजरात ले जा रहा था आरोपी

## चालीस लाख रुपए की 514 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

विनय उजाला

**धार-धामनोद, निप्र।** जिले में अवैध शराब परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धामनोद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लगभग 40.84 लाख मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब एवं एक ट्रक जब्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि इंदौर की ओर से एक ट्रक में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब भरकर धामनोद होते हुए गुजरात ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना धामनोद पुलिस ने एबी रोड स्थित खलघाट टोल प्लाजा और राजपूताना ढाबा के बीच नाकाबंदी कर ट्रक क्रमांक जीजे 01 डीटी 8283 को रोका।

तलाशी के दौरान ट्रक में ऊपर से सफेद बोरियों में पशु आहार भरा मिला, लेकिन जब पुलिस ने बोरियां हटाकर जांच की तो अंदर अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने ट्रक से कुल 514 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की, जिनमें ब्ल्यू स्ट्रोक व्हिस्की, अंकल टॉम मिंट जामुन वोडका, अंकल टॉम ग्रीन एप्पल वोडका तथा इम्पीरियल स्टाइल व्हिस्की शामिल हैं। कार्रवाई में कुल 6168 शराब की बोतलें बरामद हुई, जिनकी अनुमानित कीमत 30.84 लाख बताई गई है। वहीं जब्त ट्रक की कीमत लगभग 10 लाख आंकी गई है। इस प्रकार कुल जब्त मशरूका करीब 40.84 लाख का है। पुलिस ने ट्रक चालक राहुल पिता राजू मकवाना (24 वर्ष), निवासी पोरबंदर, गुजरात को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रवीण ठाकरे थाना उपनिरीक्षक जयकिशन रायकवार, उनि राहुल चौहान, आरक्षक रविन्द्र जमरे, मनीष राठौर, यातायात चौकी खलघाट के सउनि पदमसिंह भाटी, आ. रेलसिंह डावर, आरक्षक मनोजसिंह राजपूत एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## विपणन वर्ष : 2026-27
### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

# 14 खरीफ फसलों की एमएसपी वृद्धि को केंद्र की मंजूरी

विनय उजाला

**आलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विपणन सत्र 2026-27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि के लिए आभार माना है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस निर्णय से अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। केंद्र सरकार ने किसानों के हित संवर्धन के लिए ठोस कदम उठाए हैं। मध्यप्रदेश के किसान इन सभी प्रावधानों का लाभ प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2026 में किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत अनेक गतिविधियों आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक माह किसानों के कल्याण के लिए उन्नत यंत्रों की प्रदर्शनियां, किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ ही किसानों को नई कृषि तकनीक के प्रशिक्षण का लाभ दिलवाया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा फसलों के न्यूनत समर्थन मूल्य में वृद्धि किए जाने से मध्यप्रदेश और देश के किसान प्रत्यक्ष तौर पर लाभान्वित होंगे।

### सूरजमुखी को सबसे ज्यादा लाभ

केन्द्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने सूरजमुखी बीज के एमएसपी में सबसे अधिक 622 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि के साथ कपास में 557 रुपए प्रति क्विंटल, नाइजर सीड में 515 रुपए प्रति क्विंटल और तिल में 500 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। उत्पादन लागत पर किसानों को अनाजों में सर्वाधिक मूंग में सबसे अधिक 61 प्रतिशत लाभ रहने का अनुमान है। इसके बाद बाजरा और मक्का में 56 प्रतिशत और अरहर में 54 प्रतिशत लाभ का अनुमान है। जहां उड़द में यह प्रतिशत 51 है, वहीं रागी, हाइब्रिड ज्वार और धान में लागत पर 50 प्रतिशत लाभ किसानों को मिलेगा। तिलहन फसलों में मूंगफली, सूरज मुखी के बीज, तिली सोयाबीन, तिल, नायजर सीड और मध्यम रेशे के कपास में किसानों को लागत पर मार्जिन 50-50 प्रतिशत का अनुमान है।



### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कोयला और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजना प्रोत्साहन योजना को दी मंजूरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्र सरकार द्वारा 37 हजार 500 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय से पृथ्वी की सतह के निकट पाये जाने वाले कोयले और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पृथ्वी की सतह के निकट पाये जाने वाले कोयले और लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति दी है। इससे ऊर्जा क्षमता में वृद्धि होगी और 25 परियोजनाओं के माध्यम से लगभग 50 हजार रोजगार सृजित होंगे। साथ ही, कोयला गैसीकरण परियोजनाओं में निवेश के लिए नई दीर्घकालिक संभावनाएं विकसित होंगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को हुई बैठक में पृथ्वी की सतह के निकट स्थित कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण परियोजनाओं की प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। यह योजना भारत के कोयला/लिग्नाइट गैसीकरण कार्यक्रम में तेजी लाने, वर्ष 2030 तक 100 मिलियन टन कोयले के गैसीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्य को आगे बढ़ाने, ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और तरलीकृत प्राकृतिक गैस - एलएनजी (50 प्रतिशत से अधिक आयात), यूरिया (20 प्रतिशत आयात), अमोनिया (100 प्रतिशत आयात) और मेथनॉल (80-90 प्रतिशत आयात) जैसे प्रमुख उत्पादों की आयात निर्भरता कम करने की दिशा में बड़ा कदम है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने त्यागी पायलट और फॉलो वाहन सुविधा : प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आह्वान पर किया अमल

**भोपाल (विनय उजाला)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर राष्ट्रहित में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने एक बड़ा निर्णय लिया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अपने कारकेड में उपलबध कराई गई फॉलो एवं पायलट वाहन सुविधामय स्टाफ सहित तत्काल लौटा दिया है। उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अपील केवल एक सुझाव नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक महत्वपूर्ण मंत्र है। उन्होंने जोर देते हुए कहा 'पेट्रोलियम ईंधनों की बचत आज की अनिवार्य आवश्यकता है। यह न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम करेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।' उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि समाज में ऊर्जा संरक्षण के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी जाएगा। उन्होंने नागरिकों से भी आग्रह किया कि वे अपनी दैनिक जीवन शैली में ईंधन की बचत को प्राथमिकता दें क्योंकि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा का उत्पादन है।



### रेल यात्रियों की सुरक्षा का प्रतीक बनी जीआरपी इंदौर में जेवरों से भरा बैग लौटाया



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश रेलवे पुलिस द्वारा रेल यात्रियों की सुरक्षा, संपत्ति संरक्षण एवं जनविश्वास कायम रखने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जीआरपी जबलपुर, ग्वालियर एवं इंदौर द्वारा चोरी एवं जेवरात संबंधी मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए 21 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। वहीं इंदौर जीआरपी ने ईमानदारी एवं तत्परता का परिचय देते हुए यात्री का जेवरों से भरा बैग सुरक्षित लौटाकर सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। थाना जबलपुर द्वारा रनिंग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चलाये जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोने का मंगलसूत्र, चेन, बाली, लॉकेट एवं चांदी की पायल सहित लगभग 2 लाख 85 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है। एक अन्य कार्यवाही में जबलपुर की टीम द्वारा एक महिला चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के आभूषण जप्त किये गये। महिला आरोपी द्वारा यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई के दौरान उसके कब्जे से 8 हजार 750 रूपए मूल्य के आभूषण जब्त किये गये। जीआरपी ग्वालियर द्वारा ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जेवरात एवं नगदी चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा अलग-अलग ट्रेनों में यात्रियों के पर्स, नगदी एवं सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटनाओं को अंजाम दिया गया था। लगातार निगरानी, मुखबिर सूचना एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से चोरी गये सोने-चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 7 लाख 30 हजार रूपये की संपत्ति जब्त की है।

### मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए 15 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में शासकीय कार्यप्रणाली में नवाचार, सुशासन और जनसेवा के उत्कृष्ट प्रयासों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' (नवाचार हेतु) वर्ष 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने जानकारी दी कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों, विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा उनके अधीन कार्यरत निगम, मंडल, बोर्ड एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारियों को उनके नवाचार आधारित उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिये प्रदान किये जायेंगे। ऐसे कार्य जिनसे प्रशासनिक कार्यप्रणाली, सेवा प्रदाय व्यवस्था अथवा जनहित में सकारात्मक और प्रभावी परिवर्तन आया हो। 'मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार' के अंतर्गत नागरिक सेवा प्रदाय, सूचना प्रौद्योगिकी एवं सुशासन, शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, अधोसंरचना, सामाजिक समावेश एवं सशक्तिकरण, रोजगार एवं आर्थिक विकास जैसे प्रमुख कार्यक्षेत्रों में किए गए नवाचारों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार की संख्या 15 होगी। प्रत्येक पुरस्कार के लिए 1 लाख रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा। किसी एक कार्यक्षेत्र में एक से अधिक शासकीय सेवक पात्र पाए जाने पर पुरस्कार राशि समान रूप से वितरित की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2026 किये जा सकेंगे।

### कबीरा ब्रांड में खादी की पूरी रेंज उपलब्ध, 'बंधन रिश्तों का' बना खादी का नया संदेश : जायसवाल

**भोपाल, निप्र।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा है कि म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने 'खादी बंधन रिश्तों का' थीम के साथ कबीरा ब्रांड को परंपरा और आधुनिकता का संगम बनाया है। फरवरी 2015 में शुरू हुए कबीरा ब्रांड में खादी का दायरा अब केवल वस्त्रों तक सीमित नहीं है। परिधान से लेकर घरेलू साज-सज्जा तक की पूरी रेंज अब ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। कबीरा रेंज में कॉटन साड़ियाँ, मुलबरी सिल्क साड़ियाँ, लेडीज़-जेंट्स जैकेट, कुर्ती, सूट, शॉल, कुर्ता, शर्ट्स, तौलिया, बेडशीट, तकिया कवर, दरी, ऊनी कंबल और कॉटन, मलमल, सिल्क रनिंग ड्रेस मटेरियल शामिल हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि खादी उन चुनिंदा बहुमुखी वस्त्रों में से है जो जैविक एवं पर्यावरण-मित्र होने के साथ विशेष भावना भी जागृत करती है। खादी भाई-बहन के शाश्वत प्रेम का प्रतीक भी है। प्रेम और संबंधों के त्योहारों, विशेषकर रक्षाबंधन जैसे पर्वों पर खादी का प्रयोग हमारे सांस्कृतिक गौरव का परिचायक है। यही कारण है कि खादी का बंधन अटूट है और यह हमेशा रिश्तों को जोड़ता है। रक्षाबंधन पर खादी राखियों और उपहारों की मांग हर वर्ष बढ़ रही है।

## 'परिणामोन्मुख चाइल्ड बजटिंग'
### कार्यशाला में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय पर दिया जोर

# बच्चों का सर्वांगीण विकास ही 'विकसित मध्यप्रदेश@2047' की आधारशिला : मंत्री भूरिया

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि मध्यप्रदेश के बच्चों का सर्वांगीण विकास ही राज्य के सतत और समावेशी विकास की आधारशिला बनेगी। मंत्री सुश्री भूरिया बुधवार को होटल कोर्टयार्ड मैरियट में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'चाइल्ड बजटिंग इन मध्यप्रदेश' विषयक प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं।**

मंत्री सुश्री भूरिया ने बताया कि वर्ष 2026-27 के राज्य बजट में बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता दिखती है। उन्होंने मुख्य वित्तीय प्रावधानों को साझा करते हुए कहा कि बजट में इस वर्ष 26 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में 23 हजार 747 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है, जिसमें 'पोषण 2.0' जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। राज्य के कुल व्यय का 13.7 प्रतिशत हिस्सा शिक्षा पर व्यय के लिये आवंटित किया गया है।




### 19 विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता

मंत्री सुश्री भूरिया ने स्पष्ट किया कि बच्चों का विकास केवल संबंधित बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। उन्होंने कहा चाइल्ड बजट स्टेटमेंट में अब 19 विभागों को शामिल किया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य और सामाजिक न्याय जैसे सभी विभागों को एक निर्धारित लक्ष्य अनुसार मिलकर काम करना होगा। विभागों के बीच जब बेहतर समन्वय होगा, तभी बजट का वास्तविक लाभ धरातल पर दिखेगा। मंत्री सुश्री भूरिया ने प्रदेश के 55 जिलों की विविधता का उल्लेख करते हुए कहा कि हर जिले में बच्चों की आवश्यकताएं अलग हो सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्थानीय आवश्यकताओं को समझें और उसी के अनुरूप कार्य योजना बनाएं।

**3 करोड़ बच्चे हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी : आयुक्त निधि निवेदिता**

आयुक्त सुश्री निधि निवेदिता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कि राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी 3 करोड़ बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि चाइल्ड बजट की रिपोर्टिंग को अधिक वैज्ञानिक और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है। विभागों को केवल आंकड़ों पर नहीं, बल्कि साक्ष्यों पर ध्यान देना होगा कि उनकी योजनाओं का वास्तविक लाभ बच्चों तक कैसे पहुँच रहा है।

**5 वर्षों की सफलता और 'इक्विटी' पर जोर : विलियम हैनलोन जूनियर**

यूनिसेफ मध्यप्रदेश के चीफ फील्ड स्टॉफ श्री विलियम हैनलोन ने कहा कि मध्यप्रदेश 'चाइल्ड बजटिंग' के 5 सफल वर्ष पूरे कर चुका है और यह केवल खर्च की रिपोर्टिंग से आगे बढ़कर 'परिणाम-आधारित' बजटिंग की ओर बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश की अधिकांश जनजातीय आबादी को देखते हुए बजट में लिंग और भौगोलिक स्थिति के आधार पर समानता का ध्यान रखा जाना चाहिए।

### 'विकसित भारत @ 2047' के लिए रणनीतिक निवेश : क्रिस्टीना पोपीवानोवा

यूनिसेफ की सोशल पॉलिसी चीफ (दिल्ली) सुश्री क्रिस्टीना पोपीवानोवा ने मध्यप्रदेश की इस पहल को संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार कन्वेंशन के अनुरूप बताया। उन्होंने कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब बच्चों में निवेश को 'लाभार्थी' के नजरिए से नहीं बल्कि 'उत्पादकता' के आधार पर देखा जाए। महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त संचालक श्री अभिताभ अवस्थी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बाल बजट के अंतर्गत 75 हजार 587 करोड़ का प्रावधान किया गया है। यह राशि राज्य के कुल बजट का 19.4 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 4.1 प्रतिशत है। वर्ष 2022 में बाल बजटिंग की पहल शुरू करने के बाद, मध्यप्रदेश अब इसके पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस प्रक्रिया में विभागों की भागीदारी 17 से बढ़कर 19 हो गई है, जो राज्य की 'होल ऑफ गवर्नमेंट अप्रोच' को दर्शाती है। कार्यशाला के तकनीकी सत्रों का संचालन यूनिसेफ की सामाजिक नीति विशेषज्ञ सुश्री पूजा सिंह द्वारा किया गया। इसमें शामिल 19 विभागों के प्रतिनिधियों ने बजट प्रक्रिया और क्रियान्वयन के अपने अनुभव साझा किए।

## युवा प्रतिभाएं समाज की आधारशिला : सबनानी




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** विधायक भगवानदास सबनानी ने रानी दुलैया स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय, भोपाल में बी.ए.एम.एस. के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का नाम गौरवान्वित करने वाले सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए हमारी शुभकामनाएं। युवा प्रतिभाएं ही हमारे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं।

### बिजली संबंधी शिकायतों का आज त्वरित निराकरण

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा 'संपर्क अभियान 2026' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 14 मई को संचा./संधा. वृत्त ग्वालियर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करना और उन्हें बिजली संबंधित विभिन्न सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देना है। शिविरों में उपभोक्ताओं को त्रुटिपूर्ण बिल, मीटर रीडिंग और अन्य बिलिंग संबंधी शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

## ई-चेक गेट के नवाचार से अवैध खनिज परिवहन पर सख्त नियंत्रण

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश में अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण और राजस्व की चोरी रोकने के लिए राज्य शासन द्वारा लागू की गई ई-चेकगेट व्यवस्था एक महत्वपूर्ण तकनीकी नवाचार के रूप में सामने आई है।**

आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी प्रणाली से लैस इस व्यवस्था से अब तक 20 जिलों में कार्रवाई करते हुए 139 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं और 4.12 करोड़ रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया जा चुका है। तकनीक आधारित इस नवाचार से अवैध खनिज परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगा है, साथ ही पारदर्शी एवं जवाबदेह खनिज परिवहन व्यवस्था सशक्त हुई है। खनिज परिवहन की निगरानी के लिए प्रदेश के 23 जिलों में चिन्हित महत्वपूर्ण मार्गों के 40 स्थानों पर ई-चेक गेट स्थापित किए गए हैं। ई-चेकगेट्स से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की डिजिटल ट्रैकिंग, परिवहन अनुमति की जांच और परिवहन गतिविधियों की सतत निगरानी की जा रही है। ई-चेक गेट व्यवस्था के प्रभावी संचालन के लिए संचालनालय भोपाल में राज्य स्तरीय कमांड एवं कंट्रोल सेंटर स्थापित किया गया है। इसके साथ ही संबंधित 23 जिलों में जिला कमांड सेंटर भी संचालित किए जा रहे हैं, जहां से परिवहन गतिविधियों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है।

सरकार ने इस व्यवस्था को लागू करने के लिए 16 अप्रैल 2026 को मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम, 2022 में संशोधन संबंधी अधिसूचना जारी की।

### 139 प्रकरणों में 4.12 करोड़ रुपए का अर्थदंड अधिरोपित

## रिलायंस फाउंडेशन स्कूल के छात्र मयूर पुरोहित ने 12वीं कॉमर्स में हासिल किए 90.2 प्रतिशत अंक

विनय उजाला

**पनवेल।** रिलायंस फाउंडेशन स्कूल के छात्र मयूर संदीप पुरोहित ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा (कॉमर्स संकाय) की परीक्षा में 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। मयूर की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकों और परिचितों में हर्ष का माहौल है।

मयूर पनवेल के रसयानी क्षेत्र स्थित बेलंतरा को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी में निवास करते हैं। उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकों के अनुसार मयूर शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और अनुशासित छात्र रहे हैं। मयूर ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और नियमित अध्ययन को दिया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में वे कॉमर्स क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने कॅरियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं।



### एनएडी-डिजिलॉकर एवं स्वयं पोर्टल पर हुई कार्यशाला

# सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें विश्वविद्यालय : मंत्री परमार

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। विद्यार्थियों का सर्वांगीण हित, हमारी प्राथमिकता है। विद्यार्थियों को सरलता और सुलभता से सुविधाएं उपलब्ध हों, इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।**

समस्त विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की अंकसूची, उपाधि एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की डिजिलॉकर में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित, प्रमाणित एवं सरल डिजिटल सेवाओं का लाभ मिल सके। साथ ही प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन कराते हुए उन्हें उपलब्ध पाठ्यक्रमों में रुचि एवं आवश्यकता अनुसार चयन के लिए प्रेरित कर, शैक्षणिक उन्नयन से जोड़ा जाए। विश्वविद्यालयों के कार्यों का प्रभाव, सामाजिक परिवर्तन की अभिप्रेरणा बने। विश्वविद्यालय, सामाजिक परिवर्तन के वाहक बनें। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल स्थित निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के सभागार में, (एनएडी-डिजिलॉकर) एवं स्वयं पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ अवसर पर कही।




### एनएडी-डिजिलॉकर व्यवस्था सभी संस्थान लागू करें : राजन

अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन ने कहा कि सभी विश्वविद्यालय, छात्र हित को प्राथमिकता देते हुए एनएडी-डिजिलॉकर एवं स्वयं पोर्टल का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें जिससे विद्यार्थियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। राजन ने कहा कि विश्वविद्यालय, स्वयं पोर्टल के विनियमन को अपनाते हुए समस्त विद्यार्थियों का स्वयं पोर्टल पर पंजीयन एवं परीक्षा में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालय, अकादमिक कैलेंडर का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें ताकि विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हों।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, आलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, आलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560